RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 240
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



चोटिल नडाल
फ्रिट्ज को हरा
सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री जॉनसन पद छोड़ेंगे



लंदन में पत्रकारों को संबोधित करते ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

**भाषा।** लंदन

### ● नए नेता के चुनाव तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कंजर्वेटिव पार्टी का नेता पद छोड़ने की घोषणा करते हुए उदास हैं। उनकी इस घोषणा के बाद पार्टी के नए नेता का चुनाव किया जाएगा जो देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। जॉनसन (58) ने कहा कि जब तक पार्टी का नया नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, वह 10 डाउनिंग स्ट्रीट के प्रभारी बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी का सम्मेलन अक्टूबर में होना है और उस समय तक नए नेता के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी। जॉनसन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पद को छोड़ कर मैं कितना उदास हूं।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सदस्यों ने अन्य नेताओं का अनुसरण करते हुए व्यवहार किया। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से संसदीय कंजर्वेटिव पार्टी की इच्छा है कि पार्टी का एक नया नेता हो और इसलिए एक नया प्रधानमंत्री होगा। जॉनसन ने कहा कि वह पार्टी सांसदों के इस विचार से सहमत हैं कि नए नेता को चुनने की प्रक्रिया अभी शुरू होनी चाहिए और अगले सप्ताह इसके लिए समय सारिणी की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा, ... मैंने काम करने के लिए आज एक कैबिनेट नियुक्त किया है क्योंकि अगले नेता के कार्यभार संभालने तक मैं काम करता रहूंगा। निवर्तमान प्रधानमंत्री ने दोहराया कि उन्हें 2019 के आम चुनाव में अविश्वसनीय जनादेशै मिला था और यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों में उन्होंने उस जनादेश का सम्मान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से इतनी मेहनत की। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया कि यह मेरा काम, मेरा कर्तव्य, मेरा दायित्व है कि 2019 में हमने जो वादा किया था, उसे पूरा करते रहें। पिछले कुछ दिनों के नाटकीय घटनाक्रम का जिक्र करते हुए जॉनसन ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों को मनाने की कोशिश की थी कि इस तरह के विशाल जनादेश के साथ सरकारों को बदलना सनक होगा। उन्होंने कहा, मुझे खेद है कि मैं उन तर्कों में सफल नहीं रहा...।

## उत्तराधिकारी की दौड़ में भारतीय मूल के ऋषि सुनक, प्रीति पटेल और सुएला भी

**भाषा।** लंदन



सुएला ब्रेवरमैन



ऋषि सुनक



प्रीति पटेल

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दिए जाने के साथ ही नए प्रधानमंत्री के लिए दौड़ शुरू हो गई और भारतीय मूल के तीन उम्मीदवार इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा को तैयार हैं। गोवा मूल की सुएला ब्रेवरमैन अभी ब्रिटिश कैबिनेट में अटॉर्नी जनरल हैं। वह उन शुरुआती सांसदों में हैं जिन्होंने इस दौड़ में औपचारिक रूप से शामिल होने की घोषणा की है। हाल ही में इस्तीफा देने वाले कैबिनेट मंत्री ऋषि सुनक और गृह मंत्री प्रीति पटेल जैसे भारतीय मूल के अन्य नेताओं को भी शीर्ष पद के लिए संभावित दावेदारों के तौर पर देखा जा रहा है। बैरिस्टर और सरकार में सबसे वरिष्ठ कानूनी अधिकारी ब्रेवरमैन (42) को अपनी पार्टी के ब्रेक्जिट समर्थक गुट से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा, मैं खुद को आगे रख रही हूं क्योंकि मेरा मानना है कि 2019 का घोषणापत्र इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त है... और मैं उस घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना चाहती हूं। ब्रेक्जिट के मुखर समर्थक नेता स्टीव बेकर ने भी घोषणा की कि उनका इरादा भी इस दौड़ में शामिल होने का है। जॉनसन के औपचारिक इस्तीफे के साथ ही शीर्ष पद के लिए कई अन्य नेताओं के आगे आने की उम्मीद है। द डेली टेलीग्राफ में एक नए सर्वेक्षण के अनुसार रक्षा मंत्री बेन वालेस अगला प्रधानमंत्री ( शेष पेज 8 )

# चीनी विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर सीमा पर गतिरोध खत्म करने पर जोर

### ● भारत ने कहा- द्विपक्षीय संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होने चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चीन के अपने समकक्ष वांग यी से वाली में भेंट करते विदेश मंत्री एस जयशंकर

**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सभी लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान करने के लिए भारत ने गुरुवार को चीन फिर बात की है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि द्विपक्षीय संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होने चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को बाली में अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ जी20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के मौके पर एक घंटे की बैठक में भारत के रुख से अवगत कराया।

जयशंकर ने ट्वीट किया कि बाली में मेरे दिन की शुरुआत चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक से हुई। एक घंटे तक चली चर्चा में सीमा की स्थिति से संबंधित द्विपक्षीय संबंधों के साथ साथ विशिष्ट अन्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों मंत्रियों के बीच छात्रों और उड़ानों सहित अन्य मामलों के बारे में भी बात हुई। जयशंकर और वांग दोनों पक्षों के बीच सीमा मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए अगले दौर की सैन्य वार्ता होने का इंतजार कर रहे हैं।

लद्दाख सीमा से जुड़े विवाद पर चर्चा के दौरान विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर ने द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के पूरी तरह से पालन के महत्व की पुष्टि की। दोनों नेताओं के बीच पिछली बातचीत को लेकर भी आपसी समझ बनी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ सभी लंबित मुद्दों के जल्द समाधान का आह्वान किया।

तनाव वाले कुछ क्षेत्रों में सेना वापसी के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए शेष सभी क्षेत्रों से पूर्ण रूप से सेना की वापसी के लिए काम जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन ( शेष पेज 8 )

## वीवो इंडिया ने कर से बचने के लिए 62,476 करोड़ विदेश भेजेः ईडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की भारतीय इकाई ने यहां पर कर देनदारी से बचने के लिए अपने कुल कारोबार का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा यानी 62,476 करोड़ रुपए विदेशों में भेज दिए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि वीवो इंडिया ने भारत में कर देने से बचने के लिए अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा चीन एवं कुछ अन्य देशों में भेज दिया। विदेशों में भेजी गई राशि 62,476 करोड़ रुपए है जो उसके कारोबार का लगभग आधा हिस्सा है। ईडी ने कहा कि वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं इसकी 23 संबद्ध कंपनियों के खिलाफ बुधवार को चलाए गए सघन तलाशी अभियान के बाद उनके बैंक खातों में जमा 465 करोड़ रुपए की राशि जब्त की गई है। इसके अलावा 73 लाख रुपए की नकदी और दो किलोग्राम सोने की छड़ें भी जब्त की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि वीवो के पूर्व निदेशक बिन लाऊने भारत में कई कंपनियां ( शेष पेज 8 )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान चंडीगढ़ में अपने आवास पर एक निजी समारोह में हरियाणा के कुरुक्षेत्र की रहने वाली डॉक्टर गुरप्रीत कौर के साथ विवाह बंधन में बंध गए। इस शादी से बैंड, बाजा और बारात सभी नदारद थे, केवल परिवार के सदस्यों और कुछ करीबियों की मौजूदगी में विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी उपस्थित रहे। मान की यह दूसरी शादी है। वह अपनी पहली पत्नी से 2015 में अलग हो गए थे। पहली शादी से मान के दो बच्चे सीरत कौर (21) और दिलशान (17) हैं।

## जुबैर की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में दर्ज एक मामले के संबंध में, उनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने गुरुवार को कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश की मंजूरी के बाद मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। जुबैर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोन्जाल्विस ने सुनवाई के दौरान कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि जुबैर ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक हैं और उनका काम समाचारों के तथ्यों की जांच करना है और वह नफरत भरे भाषणों की पहचान करने ( शेष पेज 8 )

## पावरग्रिड के कार्यकारी निदेशक समेत छह गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के एवज में रिश्वत लेने के मामले में हुई कार्रवाई

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने टाटा प्रोजेक्ट्स से जुड़े रिश्वत मामले में पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बीएस झा सहित निजी कंपनी (टाटा प्रोजेक्ट्स) के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए निजी कंपनी के अधिकारियों में उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष देशराज पाठक और सहायक उपाध्यक्ष आरएन सिंह शामिल हैं।

यह मामला निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के एवज में कथित रिश्वत लेने से संबद्ध है। सीबीआई ने बुधवार को 11 स्थानों पर चलाए गए तलाशी अभियान के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और इस दौरान झा के गुरुग्राम परिसर से 93 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि झा वर्तमान में ईटानगर में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि सीबीआई झा पर नजर रख रही थी और इसी दौरान सूचना मिली कि झा विभिन्न कार्यों के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स और अन्य कंपनियों के अधिकारियों से रिश्वत ले रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने अवैध रकम के लेन-देन वाले स्थान पर छापेमारी कर बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि टाटा प्रोजेक्ट्स को विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पूर्वोत्तर क्षेत्र विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना के तहत अनुबंध दिया गया था। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र के बिजली बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी इस योजना के तहत सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में काम कर रही है। टाटा प्रोजेक्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, हम अपने सभी व्यापारिक लेनदेन में ( शेष पेज 8 )

## मादक पदार्थों की तस्करी में भारतीय मूल के मलेशियाई व्यक्ति को दी गई फांसी

**भाषा।** सिंगापुर

**भारतीय** मूल के मलेशियाई व्यक्ति कलवंत सिंह को मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में अंतिम क्षणों में सिंगापुर की शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद बृहस्पतिवार को फांसी की सजा दे दी गई। सिंह (31) को 60.15 ग्राम डायामॉर्फिन रखने और 120.9 ग्राम मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में 2013 में गिरफ्तार किया गया था। उसे 2016 में अदालत ने दोषी करार दिया गया था। सिंगापुर के अधिकारियों ने सिंह को मृत्युदंड देने का नोटिस 30 जून को जारी किया था और सात जुलाई को सजा की तामील होनी थी, जिसे रुकवाने के लिए बुधवार को कुआलालंपुर में सिंगापुर उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने के लिए मानवाधिकार सक्रियतावादी एकत्र हुए थे। मलेशियाई अखबार द स्टार में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, मानवाधिकार कार्यकर्ता कर्स्टन हान ने सिंह को दी गई मौत की सजा की पुष्टि की। सिंगापुर के चांगी जेल में सिंह के अलावा नोराशारी गौस ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,178 | ↑ | 427 | |
| निफ्टी | 16,132 | ↑ | 143 | |
| सोना | 50,551 | ↓ | 436 | /10g |
| चांदी | 56,750 | ↑ | 233 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### बुलेट ट्रेन परियोजना के प्रभारी सतीश अग्निहोत्री बर्खास्त

**नई दिल्ली।** रेलवे ने नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के प्रबंधक निदेशक सतीश अग्निहोत्री की सेवाएं समाप्त कर दी है। वह सरकार की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना के प्रभारी थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि अग्निहोत्री का प्रभार एनएचएसआरसीएल के परियोजना निदेशक राजेंद्र प्रसाद को तीन महीने के लिए सौंपा गया है। एनएचएसआरसीएल, भारत सरकार और हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भागीदार राज्यों का एक संयुक्त उद्यम है। यह मुंबई और अहमदाबाद के बीच सरकार की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि अग्निहोत्री के खिलाफ आधिकारिक पद के दुरुपयोग और अनधिकृत तरीके से धन को एक निजी कंपनी को भेजने सहित कई आरोप है।

# मतदान अधिकारी को पीटने के मामले में राजबब्बर को दो साल की सजा

### ● 1996 में हुई इस घटना के दौरान राजबब्बर समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी थे

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**एमपी-एमएलए** कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मतदान अधिकारी को मारने-पीटने आदि के मामले में मुल्जिम राजबब्बर को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर छह हजार 500 का जुर्माना भी ठोंका है।

वर्ष 1996 में हुए इस घटना के दौरान राजबब्बर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार थे। हालाकि अदालत ने कानूनी प्राविधानों के तहत सजा के बाद मुल्जिम राजबब्बर को जमानत पर रिहा कर दिया है। गुरुवार को विशेष अदालत ने इस मामले में राजबब्बर को आईपीसी की धारा 143, 332, 353 व 323 में दोषी करार दिया। जबकि आईपीसी की धारा 188 व 504 तथा क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट की धारा 7 में दोषमुक्त कर दिया। इस दौरान मुल्जिम राजबब्बर अदालत में मौजूद रहे। सात मार्च 2020 को राजबब्बर के खिलाफ आरोप तय हुआ था। दो मई 1996 को इस मामले की एफआईआर मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राना ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक वह सुल्ताने मदारिस स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 192 पर बतौर मतदान अधिकारी नियुक्त थे।

जब दिन में एक बजे मतदाताओं का आना बंद हो गया थाए तो बरामदे में खाना खाने जा रहे थे। तभी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजबब्बर व अरविंद यादव अपने पांच-सात लोगों के साथ मतदान स्थल पर आए। मुझ पर झूठा आरोप लगाते हुए कि मैं फर्जी मतदान करा रहा हूं, मुझे व पोलिंग एंजेट शिव कुमार सिंह को घेर लिया। फिर उनके साथियों ने गाली देते हुए घुसा व थप्पड़ों से मारा। जिससे मेरे होठ व शिव कुमार के गले व नाक में चोंटें आई। मतदान केंद्र संख्या 191 में नियुक्त मतदान अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव व वीके शुक्ला तथा पुलिस वालों ( शेष पेज 8 )

# नई पीढ़ी के भविष्य की बुनियाद है नई शिक्षा नीतिः मोदी

### ● कहा, अंग्रेजों ने अपनी जरूरतों के लिए सेवक वर्ग तैयार करने को बनाई थी शिक्षा व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंग्रेज हुकूमत ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के मकसद से एक सेवक वर्ग तैयार करने के लिए शिक्षा व्यवस्था बनाई थी। आजादी के बाद उसमें बहुत सा बदलाव बाकी रह गया, जिसमें नई शिक्षा नीति के जरिए बदलाव लाकर नई पीढ़ी को आने वाले कल के लिए तैयार करने की जमीन बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद थे। मोदी ने कहा पहले पढ़ाई की ऐसी व्यवस्था बनाई गई थी जिसमें शिक्षा का मकसद केवल और केवल नौकरी पाना ही था। अंग्रेजों ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए, अपने लिए सेवक वर्ग तैयार करने के लिए, वह शिक्षा व्यवस्था दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के बाद इसमें थोड़ेबहुत बदलाव हुए थे लेकिन बहुत सारा बदलाव रह गया। अंग्रेजों की बनाई हुई व्यवस्था कभी भी भारत के मूल स्वभाव का हिस्सा नहीं थी और न हो सकती है। उन्होंने कहा हमारे देश में शिक्षा में ( शेष पेज 8 )

## देश को नई दिशा देगा शिक्षा समागमः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि शिक्षा और शोध का, विद्या और बोध का इतना बड़ा मंथन जब सर्व विद्या के प्रमुख केंद्र काशी में होगा तो इससे निकलने वाला अमृत अवश्य देश को नई दिशा देगा। इस तीन दिवसीय शिक्षा समागम में 300 से अधिक कुलपति, उच्च शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक एवं शिक्षाविद शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने की नीतियों पर व्यापक विचार-विमर्श ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# ग्रेटर नोएडा में बनेंगे ईवी के 100 चार्जिंग स्टेशन

## ईको फ्रेंडली वाहनों को मिलेगा बढ़ावा, 11 जुलाई को बैठक में होगा कंपनी का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में इलेक्ट्रिकल वाहनों को बढ़ावा दे रहा है। ताकि प्रदूषण काम हो सके। जिसके लिए प्राधिकरण ने शर में इलेक्ट्रिकल वहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का फैसला किया है। अब प्रधिकरण शहर में ऐसे 100 चार्जिंग स्टेशन बनाएगा। जिसके लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा।

एजेंसी का चयन करने के लिए निकाले जाने वाले आरएफपी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल को अंतिम रूप देने के लिए 11 जुलाई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बैठक करेगा। इसमें आरएफ पी को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी महीने आरएफ पी निकाला जाएगा।



प्रदूषण कम करने और ईको फ्रे ंडली वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाएगा। 122वीं बोर्ड बैठक में शहर में 100 चार्जिंग स्टेशन बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सरकारी कंपनी एनर्जी एफीशिएंसी सर्विस लिमिटेड ईईएसएल के साथ कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन बात फाइनल नहीं हुई। अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए एजेंसी का चयन करेगा। इसके लिए आरएफ पी निकाला जाएगा। आरएफ पी को अंतिम रूप देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 11 जुलाई को बैठक करेगा। बैठक में आरएफ पी को फाइनल कर लिया जाएगा। इसके बाद आरएफ पी निकाल कर एजेंसी का चयन किया जाएगा। चार्जिंग स्टेशन उन जगहों पर बनाए जाएंगे, जहां पर लोगों का आना.जाना ज्यादा हो।

सरकारी दफ्तरों के निकट, बाजार, मॉल और पार्किंग आदि जगहों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति मॉल आता है तो अपना वाहन पार्किंग में खड़ा करता है। इस पार्किंग में चार्जिंग स्टेशन हो तो वह अपनी गाड़ी चार्ज कर सकता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आरएफ पी को फ इनल करके निकाला जाएगा। एजेंसी का चयन होने के बाद इलेक्टिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

## फिजियोथेरेपी के बहाने डॉक्टर ने युवती से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**नोएडा।** फिजियोथेरेपी के दौरान डॉक्टर ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती ने अपने परिवार वालों से शिकायत की। परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और डॉक्टर की खूब धुनाई कर डाली। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। डॉक्टर के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मामला ग्रेटर नोएडा शहर में सेक्टर बीटा टू का है। यहां फिजियोथैरेपिस्ट का क्लीनिक है। एक युवती का उपचार चल रहा था। युवती फि जियोथैरेपिस्ट के पास पहुंची। लड़की का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके साथ फिजियोथैरेपी के बहाने छेड़छाड़ की है। परिजन मौके पर पहुंचे और डॉक्टर को जमकर पीटा। पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया। पूरी घटना पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



बादलपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में महिला समेत दो को पकड़ा।

### गांजा तस्करी के आरोप में पति-पत्नी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में पति.पत्नी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने ढाई किलो गांजा, तमंचा कारतूस व 8 लाख 99 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छपरौला गांव के पास से धर्मेंद्र पुत्र शिवराज व उसकी पत्नी रागनी निवासी कविनगर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में इनके पास से ढाई किलो गांजा, तमंचा कारतूस व 899000 रुपए की नकदी बरामद हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया धर्मेंद्र गांजा तस्कर है और इस कार्य में उसकी पत्नी भी इसका साथ देती है।

### सूदखोर ने साथी संग युवक से की मारपीट

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासिरपुर, नेहरूनगर निवासी विशाल त्यागी उर्फ निशांत त्यागी ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। नेहरूनगर में ही रहने वाले गौरव खन्ना ने विशाल त्यागी से दो लाख रुपए ब्याज पर लिये थे। इन्हीं ब्याज के पैसों के लेन.देन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद विशाल त्यागी अपने साथी सुमित भड़ाना के साथ पैसे का तकादा करने के लिये गौरव खन्ना के घर पर पहुंच गया। जहां दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस संदर्भ में एसएचओ थाना सिहानी गेट नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने न केवल गौरव खन्ना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली, बल्कि दोनों नामजद विशाल त्यागी व सुमित भड़ाना को गिरफ्तार भी कर लिया।

### बुजुर्ग के सिर पर हथौड़े से वार

**नोएडा।** निठारी निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग महिपाल का आरोप है कि कृष्णा नाम के व्यक्ति ने उनके सिर पर हथौड़े से वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। बुजुर्ग के बेटे ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जेवर एयरपोर्ट और दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए दौड़ में शामिल हुईं 12 कंपनियां




**प्रोजेक्ट में बोलीदाता**

1. अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड
2. अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड
3. एप्को इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
4. सीडीएस इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
5. दिनेश अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट
6. ग्वार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड
7. जीआर इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड
8. एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड
9. केसीसी बिल्डकॉन लिमिटेड
10. मोंटेकार्लो लिमिटेड
11. ओरिएंटल इंजीनियर्स लिमिटेड
12. पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 30 किलोमीटर लम्बी सड़क बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

यह सड़क बनाने के लिए बुधवार को तकनीकी बोलियां खोली गई हैं। 12 निर्माण कम्पनियों ने 1350 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने वाली 30 किमी लिंक रोड बनाने के लिए बोलियां जमा की हैं।

यह 6 लेन का एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे जेवर में निर्माणाधीन नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे को 59 किमी लंबे डीएनडी-सोहना एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। यह मार्ग 3 पैकेजों में डीआरए इंफ्राकॉन कम्पनी बना रही है। जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली परियोजना में यमुना नदी पर एक पुल शामिल है और इसके संरेखण की लंबाई हरियाणा और उत्तर प्रदेश में लगभग बराबर है। एनएचएआई ने इसके निर्माण के लिए जनवरी 2022 में हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल एचएएम के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की थीं।

यह प्रोजेक्ट अनुमानित 1533.34 करोड़ रुपये की है और 730 दिन 2 वर्ष की समय सीमा निर्माण पूरा करने के लिए तय की गई है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भारतमाला परियोजना के तहत डीएनडी.फ रीदाबाद, बल्लभगढ़ बाईपास, केएमपी लिंक एक्सप्रेसवे और दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए ग्रीनफ ील्ड कनेक्टिविटी दी जाएगी। अब इन 12 कम्पनियों की बोलियों को तकनीकी बोली मूल्यांकन के लिए भेजा गया है, जिसे पूरा होने में कुछ महीने लग सकते हैं। जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी। जिससे पता चलेगा कि सबसे कम खर्च में काम पूरा करने वाला ठेकेदार कौन है।

आपको बता दें कि संपूर्ण दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को कुल 52 निविदाओं या पैकेजों के साथ 4 खंडों में विभाजित किया गया है।

# चार नए औद्योगिक पार्क बसाने की तैयारी

- 100 एकड़ जमीन चिह्नित की गई

**यमुना सिटी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में डाटा सेंटर पार्क, प्लास्टिक पार्क, फर्नीचर पार्क और लेदर पार्क बसाने की तैयारी शुरू हो गई है। इन चारों पार्कों में से सबसे पहले डाटा सेंटर पार्क की योजना निकाली जाएगी। यमुना प्राधिकरण इसी महीने डाटा सेंटर पार्क की योजना निकालेगा। ये नए औद्योगिक पार्क निवेश के साथ-साथ रोजगार की राह खोलेंगे।

जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इस इलाके में औद्योगिक निवेश के लिए उद्यमियों का रुझान बढ़ा है। उद्यमियों को लाने के लिए यमुना प्राधिकरण योजना बना रहा है। इसी कड़ी में प्राधिकरण डाटा सेंटर पार्क, प्लास्टिक पार्क, फर्नीचर पार्क और लेदर पार्क विकसित करेगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पहले ही डाटा सेंटर के लिए भूखंड आवंटित किए हैं लेकिन यमुना प्राधिकरण के इसके लिए अलग से पार्क विकसित करेगा। डाटा सेंटर पार्क सेक्टर-28 में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 100 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इसके लिए योजना इसी महीने लॉन्च की जाएगी। इसमें 10-10 एकड़ के 10 भूखंड होंगे। डाटा सेंटर पार्क में निवेश के साथ.साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्राधिकरण प्लास्टिक पार्क, फर्नीचर पार्क और लेदर पार्क की योजना भी लाएगा। इन पार्कों की योजना लाने से पहले बोर्ड बैठक में प्रस्ताव जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। लेदर पार्क के लिए यमुना प्राधिकरण ने 100 एकड़ जमीन चिह्नित की है। यहां पर लेदर एसेसरीज का भी काम होगा। टॉय सिटी के लिए इसमें 134 कंपनियों को जमीन आवंटित की गई है। यह पार्क सेक्टर-33 में विकसित हो रहा है। इस पार्क में आतंरिक विकास कार्य करा दिए गए हैं। 15 जुलाई के बाद आवंटियों को जमीन पर कब्जा देना शुरू कर दिया जाएगा।

# नटवरलाल की मंगतेर के मोबाइल से खुलेंगे कई गहरे राज

- **चीनी जासूसी मामलाः** फॉरेंसिक जांच के लिए दिल्ली भेजेगी पुलिस

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा चीनी गेस्ट हाउस मामले में रवि कुमार नटवरलाल की मंगेतर के मोबाइल की जांच की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, रवि कुमार नटवरलाल की मंगेतर इब्बानी के मोबाइल की फॉरेंसिक जांच की जाएगी। इस मामले में भारत की खुफिया एजेंसी और ग्रेटर नोएडा पुलिस का दावा है कि, इब्बानी के मोबाइल की जांच करने के बाद पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। क्योंकि दोनों की शादी काफी समय पहले तय हो गई थी। रवि कुमार नटवरलाल और उसके मंगेतर इब्बानी काफी समय से एक.दूसरे से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि, इब्बानी के मोबाइल में चैट से काफी महत्वपूर्ण जानकारी उनके हाथ लग सकती है।

इसके अलावा आगामी 11 जुलाई को चीनी जासूस सु फाइ और उसकी चाइनीज प्रेमिका यू हेलंग को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, इसी दिन रवि कुमार नटवरलाल की अतिरिक्त रिमांड एसटीएफ द्वारा पूरी हो जाएगी। ऐसे में बताया जा रहा है कि तीनों को आमने.सामने बैठाकर जिला न्यायालय में पूछताछ की जा सकती है।

# मातृत्व सुख में बाधा बन रही बढ़ती उम्र, जीवनशैली और जंक फूड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

करियर संवारने की आपाधापी के बीच अनियंत्रित जीवनशैली, बढ़ता जंकफूड और बढ़ती उम्र मातृत्व सुख में बाधा बन रही है। शहरी क्षेत्र की अधिक उम्र की महिलाओं में गर्भधारण संबंधी परेशानी के चलते इनफर्टिलिटी का उपचार बढ़ा है। यह दावा एक अध्ययन में किया गया है। वर्ष 2018 से 2022 के बीच 2000 दंपती जोड़ों पर किए अध्ययन में पाया गया कि 35 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को गर्भ धारण की समस्या सामना करना पड़ रहा है।



ज़ीवा फर्टिलिटी की निदेशक डॉ. श्वेता गोस्वामी, निदेशक ने बताया कि वर्ष 2018 में गर्भधारण में परेशानी का सामना करने वाली महिलाएं 35 वर्ष से अधिक उम्र की सिर्फ 6 फीसदी (948 में 64 थी) महिलाएं थीं जिन्होंने इनफर्टिलिटी का विकल्प चुना था। जबकि वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर 18 फीसदी (1248 में 235) से अधिक हो गई है।



# JAMIA CO-OPERATIVE BANK LTD.

Administrative Office: 2/30, Okhla Road, Sarai Jullena, New Delhi-110025, Tel.: 011-26322236, 64558232
**For Complete Annual Report, Please Visit: Website: www.jamiacoopbank.com**

**Balance Sheet As at 31st March, 2022** (Amount in Rupees)

| | Particulars | Schedule No | As at 31st March, 2022 | As at 31st March, 2021 |
|---|---|---|---|---|
| A. | **Capital & Liabilities** | | | |
| 1. | Capital | 1 | 7,09,44,200 | 7,26,98,100 |
| 2. | Reserve & Surplus | 2 | 35,65,81,588 | 33,63,58,711 |
| 3. | Deposits and Other Accounts | 3 | 2,72,27,98,020 | 2,50,79,48,524 |
| 4. | Borrowings | | | |
| 5. | Other Liabilities and Provisions | 4 | 33,52,26,874 | 27,67,64,361 |
| | **TOTAL** | | **3,48,55,50,682** | **3,19,37,69,696** |
| B. | **Assets** | | | |
| 1. | Cash and Balances with Reserve Bank of India | 5 | 28,20,38,400 | 16,21,23,631 |
| 2. | Balances with Banks and Money at Call & Short Notice | 6 | 49,83,05,752 | 46,01,97,296 |
| 3. | Investments | 7 | 1,23,47,07,316 | 1,09,85,84,816 |
| 4. | Advances | 8 | 1,23,67,63,278 | 1,27,27,32,504 |
| 5. | Other Assets | 9 | 20,55,78,849 | 18,17,87,244 |
| 6. | Fixed Assets | 10 | 2,81,57,087 | 1,83,44,205 |
| 7. | NON- BANKING ASSETS ACQUIRED IN SATISFACTION OF CLAIMS | | | |
| | **TOTAL** | | **3,48,55,50,682** | **3,19,37,69,696** |
| C. | **CONTINGENT LIABILITIES** | 11 | **2,01,48,910** | **1,84,07,890** |
| D. | **Significant Accounting Policies** | 12 | | |
| E. | **Notes on Accounts** | 13 | | |

Sd- **Mohammad Adil** Managing Director | Sd- **Rajesh Gupta** Director | Sd- **Dr. Pushpa Bhargava** Director | Sd- **R.N. Srivastava** Vice-Chairman | Sd- **M.Q.H. Beg** Chairman

**Profit & Loss Account For The Year Ended 31st March, 2022** (Amount in Rupees)

| | Particulars | Schedule No | Year Ended 31st March, 2022 | Year Ended 31st March, 2021 |
|---|---|---|---|---|
| A. | **INCOME** | | | |
| 1. | Interest Income | 14 | 25,42,10,893 | 24,67,75,968 |
| 2. | Other Income | 15 | 2,01,00,753 | 1,86,96,702 |
| | **TOTAL** | | **27,43,11,646** | **26,54,72,670** |
| B. | **EXPENDITURE** | | | |
| 1. | Interest expenses | 16 | 10,11,36,434 | 10,82,55,288 |
| 2. | Operating expenses | 17 | 13,00,59,442 | 13,21,29,113 |
| 3. | Provisions and Contingencies | 18 | 2,29,59,868 | 1,93,69,594 |
| | **TOTAL** | | **25,41,55,744** | **25,97,53,995** |
| C. | Net profit/(loss) for the year<br>Profit/(loss) brought forward | | **2,01,55,902** | **57,18,675** |
| | **TOTAL** | | **2,01,55,902** | **57,18,675** |
| D. | **Significant Accounting Policies** | 12 | | |
| E. | **Notes on Accounts** | 13 | | |

Sd- **Mohammad Adil** Managing Director | Sd- **Rajesh Gupta** Director | Sd- **Dr. Pushpa Bhargava** Director | Sd- **R.N. Srivastava** Vice-Chairman | Sd- **M.Q.H. Beg** Chairman

*As per our Audit Report of even date*
**For *M/s AKLR & CO. LLP***
Chartered Accountants
FRN: 319237E/N500083
Sd/-
(**Ankit Karnani**), Partner
M.NO.528113 UDIN: 22528113ALZCGD5712

Place: New Delhi
Date: 28.06.2022

**REPORT ON AUDIT OF THE STANDALONE FINANCIAL STATEMENTS OF JAMIA CO-OPERATIVE BANK LIMITED**

To
**The Board of Directors / The Members of Bank,**
**Jamia Co-operative Bank Limited, New Delhi.**

**Opinion**

**1.** We have audited the accompanying Standalone Financial Statements of **Jamia Co-operative Bank Limited** ('the Bank') which comprise the Balance Sheet as at March 31, 2022, the Statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows for the year then ended and notes to Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information in which are included returns for the year ended on that date of 8 branches audited by us.

**2.** In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid Standalone Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act 1949 ("the Act") in the manner so required and are in conformity with the accounting principles generally accepted in India and give true and fair view of the state of affairs of the Bank as at March 31, 2022, and its Profit and its Cash Flows for the year ended on that date.

**Basis for Opinion**

3. We conducted our audit in accordance with the Standards on Auditing (SAs) issued by The Institute of Chartered Accountants of India. Our responsibilities under those Standards are further described in the Auditor's Responsibilities for the Audit of the Standalone Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the code of ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India together with ethical requirements that are relevant to our audit of the Standalone Financial Statements under provision of the Act and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the code of ethics. We believe that the audit evidence obtained by us is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

**Emphasis of Matters**

**4.** a) We draw attention to accounting policy no. 7 regarding accounting of retirement benefits as per AS-15 (revised) issued by the Institute of Chartered Accountants of India so far it relates to accounting of Leave Encashment. Though the bank has made a provision of Rs.15,59,188/- towards leave encashment for the current financial year, yet additional provisional is required to be made for the balance leaves accumulated over the previous years.

b) While verifying the compliance of RBI Circular DCBR.BPD(PCB). MC.NO.05/12.03.000/2015-16 dated July 01, 2015, minor difference has been observed in the reporting of CRR on 2 occasions. However, the bank has maintained the stipulated CRR during all the times.

c)In our opinion and to the best of our knowledge, the Income Recognition,Asset Classification and Provisioning norms prescribed by the Reserve Bank of India have been complied with by the Bank, except in one case where we disagree with the classification done by the Bank. Further, the Bank has considered some accounts as on 31st March, 2022 as standard assets where either recovery has been made in the accounts subsequent to 31st March, 2022 OR accounts have been closed thereafter but before the finalization of audit.

However, our opinion is not modified in respect of the matters stated above.

**Key Audit Matters**

5. Key audit matters are those matters that in our professional judgment were of most significance in our audit of the financial statements of the current period. These matters were addressed in the context of our audit of the financial statements as a whole and in forming our opinion thereon and we do not provide a separate opinion on these matters.

**Information Other than the Financial Statements and Auditors Report thereon**

**6.** The Bank's Board of Directors is responsible for the other information. The other information comprises the information included in the Management report but does not include the Standalone Financial Statements and our Auditor's report thereon.

Our opinion on the Standalone Financial Statements does not cover the other information and we do not express any form of assurance conclusion thereon.

In connection with our audit of the Standalone Financial Statements, our responsibility is to read the other information and in doing so consider whether the other information is materially inconsistent with the Standalone Financial Statements or our knowledge obtained in the audit or otherwise appears to be materially misstated.

If, based on the work we have performed, we conclude that there is a material misstatement of this other information, we are required to report that fact. We have nothing to report in this regard.

**Responsibilities of Management and Those Charged with Governance for the Standalone Financial Statements**

**7.** The Bank's Board of Directors is responsible with respect to the preparation of these Standalone Financial Statements that give a true and fair view of the financial position financial performance and cash flows of the Bank in accordance with the accounting principles generally accepted in India including the Accounting Standards issued by The Institute of Chartered Accountants of India and provisions of Section 29 of the Banking Regulation Act 1949 and circulars and guidelines issued by the Reserve Bank of India ('RBI') from time to time. This responsibility also includes maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Act for safe guarding of the assets of the Bank and for preventing and detecting frauds and other irregularities; selection and application of appropriate accounting policies; making judgments and estimates that are reasonable and prudent; and design implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the accuracy and completeness of the accounting records relevant to the preparation and presentation of the financial statements that give a true and fair view and are free from material misstatement whether due to fraud or error.

In preparing the Standalone Financial Statements, the management is responsible for assessing the Bank's ability to continue as a going concern, disclosing, as applicable, matters related to going concern and using the going concern basis of accounting unless management either intends to liquidate the Bank or to cease operations or has no realistic alternative but to do so.

**Auditor's Responsibilities for the Audit of the Financial Statements**

**8.** Our objectives are to obtain reasonable assurance about whether the Standalone Financial Statements as a whole are free from material misstatement whether due to fraud or error and to issue an auditor's report that includes our opinion. Reasonable assurance is a high level of assurance but is not a guarantee that an audit conducted in accordance with SAs will always detect a material misstatement when it exists. Misstatements can arise from fraud or error and are considered material If, individually or in the aggregate, they could reasonably be expected to influence the economic decisions of users taken on the basis of these Standalone Financial Statements.

As part of an audit in accordance with SAs, we exercise professional judgment and maintain professional skepticism throughout the audit. We also:

Identify and assess the risks of material misstatement of the financial statements whether due to fraud or error design and perform audit procedures responsive to those risks and obtain audit evidence that is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion. The risk of not detecting a material misstatement resulting from fraud is higher than for one resulting from error as fraud may involve collusion, forgery, intentional omissions, misrepresentations or the override of internal controls.

Obtain an understanding of internal control relevant to the audit in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances.

Evaluate the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of accounting estimates and related disclosures made by management.

Conclude on the appropriateness of management's use of the going concern basis of accounting and based on the audit evidence obtained whether a material uncertainty exists related to events or conditions that may cast significant doubt on the bank's ability to continue as a going concern. If we conclude that a material uncertainty exists, we are required to draw attention in our auditor's report to the related disclosures in the financial statements or if such disclosures are inadequate to modify our opinion. Our conclusions are based on the audit evidence obtained up to the date of our auditor's report. However, future events or conditions may cause the bank to cease to continue as a going concern.

Evaluate the overall presentation structure and content of the standalone financial statements including the disclosures and whether the financial statements represent the underlying transactions and events in a manner that achieves fair presentation.

Materiality is the magnitude of misstatements in the Standalone Financial Statements that individually or in aggregate makes it probable that the economic decisions of a reasonably knowledgeable user of the Standalone Financial Statements may be influenced. We consider quantitative materiality and qualitative factors in (i) planning the scope of our audit work and in evaluating the results of our work; and (ii) to evaluate the effect of any identified misstatements in the Standalone Financial Statements.

We communicate with those charged with governance regarding among other matters the planned scope and timing of the audit and significant audit findings including any significant deficiencies in internal control that we identify during our audit.

We also provide those charged with governance with a statement that we have complied with relevant ethical requirements regarding independence and to communicate with them all relationships and other matters that may reasonably be thought to bear on our independence and where applicable related safeguards.

From the matters communicated with those charged with governance, we determine those matters that were of most significance in the audit of the Standalone Financial Statements of the current period and are therefore the key audit matters. We describe these matters in our auditor's report unless law or regulation precludes public disclosure about the matter or when in extremely rare circumstances, we determine that a matter should not be communicated in our report because the adverse consequences of doing so would reasonably be expected to outweigh the public interest benefits of such communication.

**Report on Other Legal and Regulatory Requirements**

**9.** The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in accordance with Section 29 of the Banking Regulation Act 1949;

**10.** Subject to the limitations of the audit indicated in paragraph 6 above and as required by sub-section (3) of section 30 of the Banking Regulation Act, 1949, we report that:

a) We have obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief, were necessary for the purposes of our audit and have found them to be satisfactory;

b) The transactions of the Bank which have come to our notice have been within the powers of the Bank;

c) The returns received from the branches of the Bank have been found adequate for the purposes of our audit.

d) the profit and loss account shows a true balance of profit for the year then ended.

**11.** We further report that:

a) we have sought and obtained all the information and explanations which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit;

b) in our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purposes of our audit have been received from branches;

c) the Balance Sheet, the statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows dealt with by this report are in agreement with the books of account;

d) In our opinion, the Balance Sheet, the statement of Profit and Loss and the Statement of Cash Flows comply with the applicable accounting standards to the extent they are not inconsistent with the accounting policies prescribed by Reserve Bank of India.

**For *M/s AKLR & CO. LLP***
Chartered Accountants
FRN: 319237E/N500083
Sd/-
(**Ankit Karnani**), Partner
M.NO.528113 UDIN: 22528113ALZCGD5712

Place: New Delhi
Date: 28.06.2022


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# कुप्रबंधन से 10,000 करोड़ तक बढ़ी डीडीए की देनदारी

## उपराज्यपाल ने संस्था की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, सुधार के लिए लोगों से मांगे सुझाव

● स्थिति में सुधार के लिए जनता से आमंत्रित किए सुझाव, कहा- जन भागीदारी से ही सुधरेगी वित्तीय हालत



**संजय राय।** नई दिल्ली

जब किसी संस्था का प्रमुख ही उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठा दे तो समझ लीजिए कि उसे अपने आप में काफी सुधार करने की जरुरत है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आ गई है।

उपराज्यपाल व डीडीए के अध्यक्ष वीके सक्सेना ने डीडीए प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए उसे कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए और डीडीए को व्यवहार्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को टवीट कर कहा कि डीडीए दुनिया में सबसे महंगी और सबसे बड़ी अचल संपत्ति का मालिक है, लेकिन कुप्रबंधन के कारण इसकी देनदारी 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई हैं।

उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे आगे बढ़कर डीडीए को व्यवहार्य बनाने का संकल्प लें। इस स्थिति में सुधार करने के लिए एलजी ने जनता से सुझाव भी मांगे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के सुझाव और भागीदारी से डीडीए की वित्तीय स्थिति में बड़ा सुधार संभव है। इस टवीट के माध्यम से एलजी ने डीडीए की माली हालत भी बयां की है।

उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2021-22 के तहत डीडीए की वित्तीय स्थिति का हवाला देते कहा कि इस दौरान डीडीए की कुल आमदनी 3578.69 करोड़ रही जबकि खर्चा 6787.83 करोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि डीडीए का कुल नकदी घाटा 3209.14 करोड़ है। साथ ही उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 बीच पांच सालों में डीडीए की देनदारियां 8915 करोड़ हो चुकी हैं जो खतरनाक स्तर पर है। जो चुनौती वर्षों से विरासत में मिली है।

सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। सुझाव write-tolgdelhi@gmail.com पर भेजे जा सकते हैं। समस्या के समाधान के लिए दिल्ली के लोगों के सुझाव और भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

# पंजाबी बाग के लोगों को मिलेगी नई पार्किंग



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाबी बाग के लोगों को मिलेगी नई पार्किंग की सुविधा। इसके बनने के बाद रिंग रोड पर स्थित भारत दर्शन पार्क के आसपास भीड़-भाड़ और जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। दिल्ली नगर निगम पांच हजार वर्गमीटर में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का निर्माण कर रहा है।

इस पार्किंग में एक साथ कुल 225 कार खड़ी हो सकेंगी। लगभग 31 करोड़ में बनने वाली यह पार्किंग एक साल में बनकर तैयार हो जायेगी। 14.5 मीटर ऊंचाई वाली इस पार्किंग में भूतल के अतिरिक्त 5 मंजिलें होंगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पंजाबी बाग क्लब के सामने ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने भारत दर्शन पार्क का निरीक्षण किया।

भारत दर्शन पार्क भारत की विविधता को दर्शाता है तथा थोड़े ही समय में यह दिल्ली का प्रमुख पर्यटक स्थल बन गया है जहां पर सप्ताह के कार्य दिवसों में प्रतिदिन 3000 एवं सप्ताहांत में 10,000 पर्यटक आते हैं। निरीक्षण के दौरान कबाड़ से बने हुए गेटवे ऑफ इंडिया, जगन्नाथ पुरी,सांची स्तूप, विक्टोरिया मेमोरियल, हंपी रथ, ताज महल और मैसूर पैलेस आदि की प्रतिकृतियां देखी।

## दिल्ली के गांवों की बदलेगी सूरत

# आप सरकार ने 49 योजनाओं को दी मंजूरी

## विकास कार्यों में खर्च होंगे 70.68 करोड़ रुपये




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के गांवों की सूरत और सीरत बदलेगी। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 49 योजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में 70.68 करोड़ रुपए की लागत से सुधार कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा गांवों में सड़कों, पार्कों, नालियों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायंगे।

विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक हुई है। जिसमें सदस्यों ने लंबित प्रस्तावों का मामला उठाया। इसके बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने विभाग को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों पर समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम विकास के कामों की मुख्य कार्यकारी एजेंसी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को निर्देश दिया कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर परियोजना का अनुमान तैयार किया जाए और स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लायी जाए।

राय ने बताया कि ग्राम विकास परियोजना से संबंधित सभी योजनाओं को जल्द कार्यान्यवन के लिए सचिवालय में 22 जुलाई को संसदीय क्षेत्र, विधान सभा क्षेत्र के अनुसार विशेष शिविर का आयोजन होगा। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी वहां मौजूद होंगे। विकास मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं से संबंधित जानकारी विभाग के वेवसाईट पर अपलोड किया जाए।

सरकार शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विकास विभाग से जुड़े इन विकास कार्यों को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी सहित अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है।

# प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में साथी बनेंगे दिल्ली वाले

*नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली लगातार कोशिश कर रही है। इसको लेकर आए दिन नए-नए अहम कदम भी उठा रही है। साथ ही सरकार के साथ आम लोगों की भागीदारी भी सुनश्चिति की जा रही है। इस दिशा में एक और नई पहल की है। अब प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में दिल्ली वाले पर्यावरण मित्र बनकर सरकार का सहयोग करेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को लोगों को प्रदूषण के खिलाफ अभियान से जोड़ने के लिए सचिवालय में पर्यावरण मित्र योजना शुरू की है। कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 8448441758 पर मिस कॉल करके पर्यावरण मित्र बन सकता है। गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली एक फाइटर सिटी के रूप में उभर कर सामने आई है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में पर्यावरण को साफ, सुंदर और हरा भरा बनाने के लिए कई कार्यक्रम शुरु किए हैं। इस साल विंटर एक्शन प्लान की तरह, समर एक्शन प्लान प्लान की भी शुरुआत की है। समर एक्शन प्लान के तहत सरकार 14 बिन्दुओं पर काम कर रही है। साथ ही पौधारोपण अभियान के तहत जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था। वहीं साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है।*

# बुजुर्ग पुजारी की पीटकर हत्या के आरोपी को लोगों ने पीटा

● आरोपी का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं, मामला दर्ज : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सोनिया विहार क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पीटकर बुजुर्ग पुजारी की हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को दबोच कर उसको भी पीटा जिसके बाद वह अस्पताल में है। पुलिस का कहना है कि आरोपी सोनू भट्ट के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुरू में छानबीन के दौरान पता चला है कि भट्ट का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वह पुजारी को पहले से जानता था।

पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब पौन पांच बजे सूचना मिली थी कि कि सोनिया विहार में पुस्ता के पास, सोनी राम नामक एक पुजारी को पीटा जा रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि सोनिया विहार के निवासी राम को जेपीसी अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि आरोपी सोनू भट्ट को स्थानीय लोगों ने पीटा और उसे सिविल लाइन्स के ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। बाद में राम को जीटीबी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया जहां शाम को उसकी मौत हो गई।

### रोड रेज की घटना में दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में रोड रेज की घटना में एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके भतीजे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान पीयूष (36) और उसके भतीजे दीपांशु (20) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घटना तीन जुलाई को समासपुर इलाके में हुई।

# डीटीसी चालक की गोली मार कर हत्या

● पत्नी और आठ साल के बेटे के साथ घर लौट रहे थे तभी बाइक सवार हमलों ने वारदात को दिया अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की उसके परिवार के सामने गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। मृतक की पहचान संजीव कुमार के रूप में हुई है।

संजीव दिल्ली परिवहन निगम में बतौर बस चालक काम करते थे। पुलिस ने पत्नी के बयान के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे के अनुसार बुधवार की रात करीब आठ बजे संजीव कुमार अपनी पत्नी और आठ साल के बेटे के साथ मोटरसाइकिल से फतेह सिंह मार्ग स्थित बाजार से वापस लौट रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके कंधे और पीठ पर लगी। उन्हें तुरंत मजीदिया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पक्षों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

आरोपियों की पहचान करने और घटना की कड़ियों को जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है।

### स्कूल जा रही छात्रा पर चाकू से हमला



**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में स्कूल जा रही छात्रा पर स्कूटी सवार लड़के ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इस हमले में लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आरोपी लड़का वहां से भाग गया। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि लड़का छात्रा का पड़ोसी है। वह नाबालिग है या नहीं इसका पता लगाया जा रहा है। आरोपी युवक का पीछा करने के दौरान किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इससे नाराज लड़के ने सरेराह लड़की पर चाकू से ताबड़तोड़ कई बार हमला किया। चीख पुकार सुनकर घटनास्थल पर जमा लोगों ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों पिछले दो-तीन साल से दोस्त थे। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने झगड़े का कारण अभी पता नहीं चल पाया है और एक अस्पताल में लड़की का इलाज चल रहा है।

### अदालत ने जेल प्रशासन से चौटाला के रिकॉर्ड मांगे

नई दिल्ली। आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को दोषी ठहराए जाने और चार साल की सजा देने से संबंधित उनका जेल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय ने मांगा।

न्यायमूर्ति ने इस मामले में चौटाला की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने के साथ-साथ निचली अदालत में सजा को निलंबित करने की उनकी याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। पूर्व मुख्यमंत्री की चार साल की सजा को निलंबित करने का आग्रह करते हुए दलील दी कि वह पहले ही इस मामले में पांच साल जेल की सजा काट चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार



अधिकारियों संग बैठक में मंत्री राजेंद्र गौतम व जलबोर्ड उपाध्यक्ष सौरभ।

### सेप्टिक टैंक सफाई योजना की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** सीवर या सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में केजरीवाल सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को दिल्ली के अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सचिवालय में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के साथ बैठक की। इस दौरान, सीवरेज का काम करने वाले मजदूरों के साथ कोई अनहोनी न हो, इसे लेकर मुख्यमंत्री सीवर सफाई योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही, दिल्ली में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री सेप्टिक टैंक सफाई योजना के तहत उठाए जा रहे उचित कदम और कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अपशब्द कहने के लिए माफी मांगें एलजी : आप

**नई दिल्ली।** आप ने गुरुवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना पर दिल्लीवासियों को अपशब्द कहने का आरोप लगाते हुए माफी मंगाने की मांग की। पार्टी ने उपराज्यपाल से भाजपा कार्यकर्ता की तरह व्यवहार न करने और दिल्ली के लोगो को अपशब्द नहीं देने के लिए भी कहा। ज्ञात रहे कि बुधवार को उपराज्यपाल ने ट्वीट किया था कि अतीत में वित्तीय कुप्रबंधन और 75 प्रतिशत दिल्लीवासियों द्वारा किसी भी संपत्ति कर का भुगतान नहीं किए जाने के कारण दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने एमसीडी को आर्थिक रूप से स्थिर बनाने के लिए ईमानदारी से बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया था।

### अवैध बूचड़खानों पर याचिका पर विचार करने से इंकार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आस पास के इलाकों में चल रहे अवैध बूचड़खाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह कह कर गुरुवार को विचार करने से इंकार कर दिया कि याचिकाकर्ता ने इसमें से किसी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा एवं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा, आपने एक भी अवैध बूचड़खाने का उदाहरण नहीं दिया है। आप चाहते हैं कि हम अटकलबाजी के आधार पर पूरी दिल्ली में जांच कराते रहे। बूचड़खानों की सूची कहां है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि इस तरह के बूचड़खानों की वास्तविक संख्या की जानकारी संभव नहीं है क्योंकि प्रत्येक स्थानीय बाजार में इस तरह के अवैध बूचड़खाने का संचालन हो रहा है।

### यूनानी पैथी का उत्थान सभी की जिम्मेदारी: डॉ. राशिद



**नई दिल्ली।** यूनानी पैथी के चिकित्सक डॉ. सैयद अहमद खान के सम्मान में जामिया नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राशिद उल्लाह खां थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि यूनानी पैथी का उत्थान और विकास हम सबकी जिम्मेदारी है। प्राय- राज्य सरकारों की अनदेखी पर सवाल उठाते रहे हैं। उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश असम और पश्चिम बंगाल में यूनानी पैथी की दयनीय स्थिति है। इस अवसर पर डॉ. राहत रजा, डॉ. नसीम अहमद, डॉ. खुर्शीद अहमद अंसारी, डॉ. जकी अहमद, डॉ. नाजिश एहतेशाम, डॉ. फजील, प्रोफेसर वसीम अहमद, डॉ. डी के चिश्ती, डॉ. अरशद जहरी, हकीम शौकीन अल्वी और लोजपा नेता कुंवर असिम खां आदि मौजूद रहे।

# तपिश हुई कुछ कम, चिड़ियाघर में बढ़े पर्यटक

● कोविड के बाद पिछले सप्ताहांत 13,000 से अधिक आगंतुकों ने कराया पंजीकरण



**श्रेया अरोड़ा।** नई दिल्ली

भीषण गर्मी से राहत, कोविड महामारी के घटते खतरे और मानसून की बौछारों से युवा-बुजुर्ग में उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसका प्रमाण राष्ट्रीय प्राणी उद्यान यानि दिल्ली जू (चिड़ियाघर) में बढ़ते आगंतुक हैं।

चिड़ियाघर के निदेशक धर्मदेव राय ने कहा कि चिड़ियाघर में इस सप्ताहांत दर्शकों की संख्या लगभग 11,000 तक पहुंच गई है। जबकि पिछले सप्ताहांत में शहर में पहली बार बारिश के चलते आगंतुकों की संख्या में अचानक वृद्धि देखी गई थी। जहां रविवार को 13,000 आगंतुकों ने पंजीकरण कराया जो कोविड संकट के बाद से दर्शकों की सबसे अधिक संख्या है। कोविड महामारी से पहले चिड़ियाघर में सालाना लगभग 25-27 लाख दर्शक आते थे। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण चिड़ियाघर को बंद कर दिया गया था, जिसे पिछले साल अप्रैल में कुछ दिनों के लिए खोला गया लेकिन महामारी की दूसरी लहर के प्रकोप के कारण एकबार फिर से इसे बंद कर दिया गया। मार्च, 2022 में इसे आखिरकार फिर से खोल दिया गया और आवश्यक कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए एक ऑनलाइन-टिकट बुकिंग प्रणाली लागू की गई। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. संजय शुक्ला ने भी माना कि पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी सुहावना मौसम और चिड़ियाघर की हरियाली बढ़ने से हुई है। महामारी के चलते हरकोई प्रकृति से दूर हो गया था।

# सत्येंद्र जैन बने रहेंगे मंत्री, याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सत्येंद्र जैन मंत्री बने रहेंगे। जैन को कैबिनेट मंत्री से हटाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग की याचिका ठुकरा दी।

पीठ ने कहा, वे अपनी सीमाएं जानते हैं। उन्हें कानूनों, नियमों और अधिसूचनाओं का पालन करना होगा। हम इससे आगे नहीं बढ़ सकते। हम कानून-निर्माता नहीं हैं। याचिका में कहा गया है कि जैन को धन शोधन मामले में वर्ष 2015-2016 में कोलकाता की एक कंपनी के साथ हवाला लेनदेन में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। याचिका में कहा गया कि बड़े पैमाने पर जनता के हित में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए यह नियम-कायदों के प्रतिकूल और असंगत है क्योंकि वह संवैधानिक शपथ लेने वाले लोक सेवक हैं।

याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता शशांक देव सुधी के माध्यम से दायर याचिका में कहा, हालांकि, हिरासत में लिए गए मंत्री गंभीर आरोपों का सामना करने के बावजूद कैबिनेट मंत्री के विशेषाधिकारों और सुविधाओं का आनंद ले रहे हैं। याचिका में दावा किया गया है कि इस मामले में तथ्यात्मक परिदृश्य भी लोक सेवक पर लागू कानून के प्रावधान के विपरीत है, जिसे केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 10 के अनुसार 48 घंटे से अधिक की हिरासत के तुरंत बाद निलंबित माना जाता है।

याचिका में कहा गया, आगे, हिरासत में मंत्री के लिए तरजीही व्यवहार संविधान के अनुच्छेद 14 के खिलाफ है। आम आदमी पार्टी के नेता को 30 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने इससे पहले जैन के परिवार की 4.81 करोड़ रुपए की संपत्ति और धन शोधन जांच के तहत उनके स्वामित्व वाली और नियंत्रित कंपनियों की संपत्ति जब्त की थी।

# सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना 18 तक पूरी होगी : पुरी

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- विजय चौक से इंडिया गेट तक का होगा काम



● त्रिकोणीय आकार का नया संसद भवन, नया प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री कार्यालय और उपराष्ट्रपति आवास बनाया जाना है



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि सेंट्रल विस्टा एवेन्यू की पुनर्विकास परियोजना के तहत विजय चौक से इंडिया गेट तक का कार्य 18 जुलाई तक पूरा हो जाएगा। पुरी ने कहा कि फिलहाल एक या दो अंडरपास पर कुछ छोटे-छोटे काम किए जा रहे हैं, जिनके जल्द ही पूरा होने की संभावना है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत त्रिकोणीय आकार का नया संसद भवन, एक साझा केंद्रीय सचिवालय, विजय चौक से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर लंबे राजपथ का कायाकल्प, नया प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री कार्यालय और उपराष्ट्रपति आवास बनाया जाना है।

मंत्री ने एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि सेंट्रल विस्टा एवेन्यू पुनर्विकास परियोजना का काम लगभग पूरा हो चुका है। एक या दो अंडरपास पर कुछ छोटे-मोटे काम किए जा रहे हैं। यह परियोजना 15 या 18 जुलाई तक पूरी हो जाएगी। दो जून को पुरी ने कहा था कि केंद्र ने सेंट्रल विस्टा एवेन्यू परियोजना के तहत पुनर्विकसित राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड आयोजित करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

पुरी ने यह भी कहा था कि संसद के शीतकालीन सत्र का आयोजन टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे नए भवन में होगा। आधिकारिक सूत्रों ने संकेत दिया था कि नए संसद भवन के कुछ हिस्सों पर 26 नवंबर यानी संविधान दिवस तक काम जारी रह सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कुछ भी तय नहीं हुआ है। दिसंबर 2020 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक सुविधाओं वाले नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी।

### 62 लाख रुपये के पुराने नोट जब्त, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर में प्रचलन से हटाए गए करीब 62 लाख रुपये मूल्य के पुराने नोट मिलने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास ग्रेटर नोएडा की एस्कॉर्ट कॉलोनी के आजाद सिंह (48) को पकड़ा गया और बाद में एजाज अहमद (45) नामक एक स्थानीय निवासी को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) प्रियंका कश्यप ने बताया कि उन दोनों के पास से 1000 एवं 500 रुपये के पुराने नोट थे जिनकी कुल कीमत 61,97,000 रुपये थी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दावा किया कि उन्होंने नए नोटों में 10 लाख रुपये का भुगतान कर ये पुराने नोट खरीदे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# ड्रैगन फ्रूट : किसानों को होगा लाखों का फायदा, सरकार भी देगी अनुदान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## प्रति एकड एक लाख बीस हजार का अनुदान देगी सरकार

## बाजार में लगातार बढ़ रही है ड्रैगन फ्रूट की मांग




**हरियाणा** की मनोहर सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर सरकार अभियान भी चला रही है। इसी क्रम में प्रदेश के किसानों को ड्रैगन फ्रूट की खेती के प्रति जागरुक करने के लिए प्रति एकड़ लगभग 1 लाख 20 हजार का अनुदान सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट खेती से किसान लाखों का मुनाफा कमा सकते हैं।

डीसी श्रीयादव ने बताया कि ड्रैगन के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी कारगर है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, मैग्नीशियम, विटामिन ए, सी, आयरन, कैल्शियम, फाइबर आदि काफी अधिक मात्रा में मौजूद होता है। इसके साथ ही ड्रैगन फ्रूट डायबिटीज और शुगर लेवल को नियंत्रित करने में भी काफी सहायक है। विदेशी फल होने व भारत में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता। जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि दो भागों में विभाजित की गई है, जिसमें 50 हजार रुपये पौधारोपण के लिए व 70 हजार रुपये जाल प्रणाली के लिए दिए जाएंगे। एक किसान अधिकतम 10 एकड़ की भूमि पर अनुदान का लाभ ले सकता है। वहीं अनुदान का लाभ लेने के इच्छुक किसान का मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने बताया कि अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला के किसानों को फसल विविधिकरण के तहत बागवानी क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए जिला बागवानी विभाग भी समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है। उन्होंने कहा किसान ड्रैगन फ्रूट खेती से अच्छा मुनाफा कमाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें।

# रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सुचारु नहीं मिले तो लगेगा जुर्माना : उपायुक्त

## रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच के लिए चार टीमें गठित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जल संरक्षण संरचनाओं की कार्यात्मक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गिरता** भूजल स्तर वर्तमान सहित आने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर समस्या है। इसके लिए हमें धरातल पर ठोस प्रयास करने होंगे। यह बातें गुरुवार उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में कही। बैठक में उपायुक्त ने सीधी-सीधी चेतावनी भी दी कि जल संरक्षण में अगर कहीं लापरवाही पाई मिली तो जुर्माना भी लगाया जाएगा।

बताते चलें कि गुरुग्राम जिला जल पानी का स्तर काफी नीचे जा चुका है। इसलिए जल संरक्षण काफी जरूरी है। जिला में जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने व आगामी मॉनसून के मद्देनजर जिला की विभिन्न आरडब्ल्यूए व सोसाइटी में स्थापित जल संरक्षण संरचनाओं की कार्यात्मक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीसी ने गुरुजल सोसाइटी सहित विभिन्न विभागों द्वारा जिला में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद उपायुक्त ने कहा कि जिला में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर समस्या है। इसके लिए हमें धरातल पर ठोस प्रयास करने होंगे। ऐसे में वर्षा जल संरक्षण के लिए निर्धारित नियमों व आदेशों की पालना ना करने वाले व्यक्ति अथवा संस्थान के विरुद्ध कानून के प्रावधान के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**डीसी ने चारों एसडीएम की अध्यक्षता में गठित की चार टीमें :** उपायुक्त ने बैठक में जिला के चारों एसडीएम की अध्यक्षता में चार टीमें गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसडीएम संयुक्त रूप से आगामी 21 दिनों में 66 आरडब्ल्यूए व सोसाइटी के रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (आरडब्ल्यूएचएस) की कार्यक्षमता की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं या नही। जांच के दौरान यदि किसी आरडब्ल्यूए अथवा सोसायटी में आरडब्ल्यूएचएस नहीं पाए जाते हैं या निष्क्रिय मिलते हैं तो संबंधित आरडब्ल्यूए और सोसायटी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दंडित किया जाएगा। गौरतलब है कि उपायुक्त ने जिला में वर्षा जल संरक्षण के दृष्टिगत गुरुग्राम जिला के नगर निगम, एचएसवीपी, डीटीसीपी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले आवासीय भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, संस्थानों, स्कूलों, होटलों व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के नाम मई माह के पहले सप्ताह में लिखित आदेश जारी करते हुए इन सभी इकाइयों में 15 जून तक अपने परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (आरडब्ल्यूएचएस) को सुचारु करना सुनिश्चित करने व जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करने की आवश्यकता है, वहां उसे स्थापित करवाने के आदेश दिए थे। डीसी ने आम जनता से आह्वान करते हुए कहा कि गुरुग्राम शहर और उसके आस-पास के क्षेत्र में भूजल संसाधन को और कम होने से बचाने के लिए वर्षा जल संचयन संरचनाओं के समुचित कार्य को सुनिश्चित करना आवश्यक है जिसमें रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर शामिल है। बैठक में जिला परिषद की सीईओ अनु श्योकंद, गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, सोहना के एसडीएम जितेंद्र गर्ग, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान सहित गुरुजल सोसाइटी के सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कासन के किसानों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक सत्यप्रकाश जरावता

## 16 किसानों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कासन की जमीन को रिलीज कराने के लिए गुरुवार को किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी किसानों की बात को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके सभी विकल्प तलाश करने के भी निर्देश दिए।

बता दें कि कासन की जमीन का मामला वर्ष 2011 का है, जिसमें कोर्ट ने 2011 के हिसाब से मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। किसान 2011 के मुआवजे के हिसाब से जमीन नहीं देना चाहते। इस बात को भी पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने किसानों का पक्ष पुरजोर तरीके से मुख्यमंत्री के सामने रखा।

किसानों का पक्ष लेते हुए उन्होंने कहा कि कोई रास्ता निकाला जाए, जिससे किसानों का नुकसान ना हो। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि रिलीज, लैंड पुलिंग व मुआवजे पर एक सप्ताह में निर्णय करें और बीच का रास्ता निकालें। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, राजस्व विभाग के वित्तायुक पीके दास, अतिरिक्त मुख्य सचिव एचएसआईआईडीसी विजेंद्र कुमार, निशांत यादव डिप्टी कमिश्नर गुरुग्राम व किसानों के प्रतिनिधिमंडल में सतदेव सरपंच, एडवोकेट विनोद चौहान, रोहताश सरपंच, नरसिंह, रमेश सरपंच, प्रदीप, हेमचंद, रोशन यादव, महेंद्र, राजबीर, बिरेंद्र, महेश, अजय, झमन, नरदेव, फतह सिंह मौजूद रहे।

# बच्चों का उपचार करते हुए प्रकृति के इलाज में भी जुटे डा. नरेंद्र

## फ्रेंडशिप विद नेचर के तहत छात्र लगाएंगे 500 पौधे



डा. नरेंद्र।

**गुरुग्राम।** नरेंद्र कुमार पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ हैं। उनके पिता कंवर सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। किताबें पढ़ना और प्रकृति के नजदीक रहना डा. नरेंद्र का पसंद है। नन्हें बच्चों का इलाज करते-करते वे प्रकृति का उपचार करने में भी जुट गए।

इस बरसाती सीजन में डॉ. यादव द्वारा 500 पौधे छात्र-छात्राओं के माध्यम से लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वे लक्ष्य उतना ही लेकर चलते हैं, जितना हासिल किया जा सके। उनके पौधारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य आज की युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने से अधिक समर्पित बनाना है। डॉक्टर नरेंद्र यादव ने कहा कि उनका यही प्रयास होगा कि जो भी पौधे पहले चरण में छात्रों को दिए जाएं, वह छात्र कक्षा 10वीं के छात्र ही हों। इसका सीधा तात्पर्य यह है कि 12वीं कक्षा तक संबंधित छात्र अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखभाल स्वयं ही करेगा। ऐसे में कम से कम 3 साल किसी भी पौधे की देखभाल और उसके भरण पोषण के लिए पर्याप्त रहेंगे। उन्होंने बताया पौधे देने के साथ-साथ छात्रों को ट्री गार्ड भी उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे कि लगाए गए पौधे की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# फिल्म अभिनेता दलीप कुमार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर किया याद

**गुरुग्राम।** हिन्दी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता व पूर्व राज्य सभा सांसद दलीप कुमार की प्रथम पुण्यतिथि पर सिने जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें याद किया।

गुरुग्राम के फिल्म अभिनेता राज चौहान ने उन्हें याद करते हुए कहा कि दलीप कुमार यानि कि मोहम्मद युसुफ खान को विश्व के अभिनेताओं में गिना जाता है, उन्हें अभिनय सम्राट भी कहा गया है। आजादी से लेकर कई दशकों तक सिने जगत में उनका एकछत्र राज था। दुखद भूमिकाओं के लिए मशहूर होने के कारण उन्हें ट्रेजिडी किंग भी जाना जाता था। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 11 दिसम्बर 1922 को पाकिस्तान के पेशावर में हुआ था। उन्होंने कई फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं भी निभाई थीं। भारतीय फिल्मों के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया था।

# वैंडिंग जोन में अवैध रूप से काम करने वालों पर निगम की कार्रवाई जारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## सैक्टर-56 और 47 स्थित वैंडिंग जोनों से हटाए गए अवैध वैंडर

## बिना वैंडिंग सर्टिफिकेट एवं स्वीकृति के कर रहे थे वैंडिंग जोन में कार्य



**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा स्थापित वैंडिंग जोनों में अवैध रूप से कार्य कर रहे वैंडरों के खिलाफ नगर निगम गुरूग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सैक्टर-56 तथा सैक्टर-47 स्थित वैंडिंग जोनों को अवैध वैंडरों से मुक्त किया गया है।

कार्रवाई के दौरान नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त जयदीप कुमार तथा संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) डा. विजयपाल यादव मौके मौजूद रहे। यह कार्रवाई नगर निगम गुरुग्राम की सिटी प्रोजैक्ट शाखा तथा इनफोर्समैंट शाखा द्वारा की गई। टीमों के साथ पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। नगर निगम द्वारा स्थापित वैंडिंग जोनों में कुछ वैंडर बिना वैंडिंग सर्टिफिकेट तथा बिना स्वीकृति के वैंडिंग का कार्य कर रहे थे। यह कार्रवाई सभी वैंडिंग जोन में की जाएगी। कार्रवाई के दौरान अवैध वैंडरों के सामान तथा वैंडिंग कार्ट को भी जब्त किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नियम के अनुसार वैंडिंग जोन में केवल वही व्यक्ति वैंडिंग का कार्य कर सकता है, जिसे वैंडिंग सर्टिफिकेट तथा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस वैंडिंग सर्टिफिकेट एवं स्वीकृति को ना तो किसी को स्थानांतरित की जा सकती है और ना ही वैंडिंग कार्ट किसी दूसरे को किराए पर दी जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियां करना कानूनी रूप से गलत है तथा नियम के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है। संयुक्त आयुक्त (मुख्यालय) डा. विजयपाल यादव ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां कर रहे हैं, वे स्वयं वैंडिंग जोन को खाली करके अपनी कार्ट ले जाएं, अन्यथा कार्रवाई के दौरान नगर निगम गुरूग्राम द्वारा उनके सामान व कार्ट को जब्त कर लिया जाएगा।

# एलिवेटेड टोल पर अब पार्थ इंडिया एजेंसी करेगी एक साल तक वसूली



नई टोल एजेंसी मालिक का बधाई देते हुए।



एलिवेटेड मार्ग का घामडौज में बना टोल।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## एलिवेटेड मार्ग के प्रबंधक ने बताया, टोल पर अभी तक किसी भी गांव को नहीं है कोई छूट

## घामडौज टोल प्लाजा का जिम्मा अब नये सिरे से नई एजेंसी को वसूली कार्य सौंपा

**भारतीय** राष्ट्रीय मार्ग प्राधिकरण ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर बने घामडौज टोल प्लाजा का ठेका नए सिरे किया है। पार्थ इंडिया एजेंसी को एलिवेटेड मार्ग पर एक साल तक टोल की वसूली का जिम्मा सौंपा है। बीते तीन माह एनएचआर टोल एण्ड हाइवे एजेंसी को यह कार्य सौंपा हुआ था।

घामडौज टोल प्लाजा का जिम्मा अब नये सिरे से नई एजेंसी को वसूली का कार्य सौंपा है। इस टोल पर अप्रैल से लेकर 30 जून तक का कार्य भारतीय राष्ट्रीय मार्ग प्राधिकरण ने एनएचआर टोल एण्ड हाइवे एजेंसी को ठेका छोड़ा था। अब यह कार्य पार्थ इंडिया एजेंसी को सौंपा है। नई एजेंसी ने टोल वसूली का कार्यभार संभाल लिया है। एजेंसी के निर्देशक प्रबंधक नवनीत ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय मार्ग प्राधिकरण के नियमों की पालना करते हुए टोल वसूली की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मौजूद भारतीय राष्ट्रीय मार्ग प्राघीकरण विभाग से एलिवेटेड मार्ग के प्रबंधक विकास मित्तल ने बताया कि टोल पर अभी तक किसी भी गांव को कोई छूट नहीं दी है। पहले की तरह से टोल की वसूली की जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय मार्ग प्राधिकरण के नियमानुसार टोल वसूली का कार्य नई एजेंसी के कर्मचारी कार्य करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से एलिवेटेड मार्ग पर वाहन बिना किसी परेशान के 25 किलोमीटर की दूरी को मात्र 20 मिनट में तय कर सकेंगे।

# सोहना नवनियुक्त चेयरपर्सन की शिक्षा पर उठे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## चुनाव में हारीं ललिता ने आरोप लगाया, आठवीं पास का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया

## फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र का उपयोग करने के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नगर** परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी के शपथ ग्रहण से पहले ही शिक्षा प्राप्ती पर सवालियां निशान लगने लगे हैं। वहीं अंजू देवी ने मामले को अफवाह करार दिया है। हाल ही में हुए नगर परिषद चेयरमैन व पार्षद पद के चुनाव परिणाम के बाद नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी की शिक्षा प्राप्ती पर विरोधियों ने सवालिया निशान लगाने शुरू कर दिए है।

चेयरमैन चुनाव में दूसरे स्थान प्राप्त करने वाली ललिता ने मीडिया के समक्ष बताया कि अंजू देवी द्वारा आठवी पास का फर्जी प्रमाण पत्र उपयोग करके चुनाव लड़ा है। ललिता ने दावा करते हुए कहा कि अंजू देवी ने राजस्थान का जिला अलवर थाना टहला निजी स्कूल से कक्षा आठवीं पास का प्रमाण पत्र लगाया है। जबकि उनके द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनाया गया है। निजी स्कूल भगवान सहाय के पुत्र हेमन्त उपाध्याय ने पुलिस को दर्ज कराई एफआईआर में अंजू देवी पर फर्जी तरीके से स्कूल प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाया है। ललिता ने बताया कि वह अंजू देवी द्वारा फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र का उपयोग करने के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया है। नवनियुक्त परिषद की चेयरपर्सन पर उठे सवालों का विषय शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं अंजू देवी ने इस मामले को अफवाह बताते हुए अपने स्कूल प्रमाण पत्र को दुरुस्त बताया है। उन्होंने कहा कि देश का नागरिक आजाद है और उसे मौलिक अधिकार प्राप्त है। जो भी आरोप लग रहे हैं। इन सबका चुनाव से संबंधित है। नगर परिषद के मतदाताओं ने जिस विश्वास पर उन्हे जिम्मेदारी सौंपी है। वह पूरे पांच वर्ष सेवा करने की योजना बना रही है।

# कैप्टन विक्रम बतरा ने कारगिल युद्ध में दिया था सर्वोच्च बलिदान

**गुरुग्राम।** आजादी का 75वां अमृत महोत्सव देशवासी मना रहे हैं, जिसमें शहीदों, क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जा रहा है। कारगिल के युद्ध में भी भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। भारतीय सेना के कैप्टन विक्रम बतरा की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कैप्टन बतरा ने कारगिल युत्र में अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की थी। उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च वीरता सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

उनका जन्म पालमपुर में 9 सितंबर 1974 को को हुआ था। परिवार धार्मिक प्रवृति का था। जन्म के समय जुड़वां भाई थे। एक का नाम लव यानी विक्रम और कुश यानी विशाल रखा। वह संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें 6 दिसम्बर 1997 को जम्मू के सोपोर नामक स्थान पर सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। पहली जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया था। 5140 चोटी को पाक सेना से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी कैप्टन बतरा की टुकड़ी को मिली।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली कर्मियों ने उपमंडल कार्यालय पर दिया धरना



धरने में शामिल बिजली कर्मी।

**गुरुग्राम।** बिजली कर्मियों की मांगों को लेकर वीरवार को कादीपुर क्षेत्र स्थित बिजली उपमंडल कार्यालय पर एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने धरना प्रदर्शन का आयोजन यूनियन नेता सतीश कुमार की अध्यक्षता में किया जिसमें बड़ी संख्या में यूनियन से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हुए। सिटी यूनिट के प्रधान राजेश ठाकरान व रामनिवास गुलिया ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर कादीपुर उपमंडल के एसडीओ को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक भी उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जिस पर उन्हें धरना प्रदर्शन का आयोजन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारियों के टीएंडपी, बरसाती उपलब्ध कराई जाए तथा शिकायत केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी दी जाएं। कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट को मनमाने ढंग से न भरा जाए, लेकिन अधिकारी उनकी मांगों के प्रति गंभीर नहीं हैं। धरना प्रदर्शन में बिजली कर्मी अशोक, असलम गहलोत, महेंद्र कुमार, विजय कुमार, जगदीश, रविंद्र, राजकुमार, हरिंद्र शर्मा, दीपक, महेश कुमार, आकाश, विकास, ममता, मनीषा, सुनीता, पुष्पा आदि भी शामिल रही।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत दूसरा घायल

**सोहना।** रात के अंधेरे में तेज रफ्तार वाहन की बाइक को मारी सीधी टक्कर से चालक की मौत तथा पीछे बैठा दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। राजस्थान का जिला अलवर मूल निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि वह सोहना के दौला रोड पर रह रहा है। उसका दोस्त सुधीर निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी दौला रोड पर एमवीएन सोसायटी के बाहर कपड़ों पर प्रेस करने की दुकान चलाता है। बुधवार की रात नौ बजे वह और सुधीर बाइक से सोहना जा रहे थे। सोसायटी से कुछ दूरी चलने पर सामने से आया तेज गति से वाहन ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे सुधीर का एक हाथ कटकर जमीन पर गिर गया। उसे भी सिर, मुंह और हाथ पैरों पर चोटें लगीं। उन्हें पहले सोहना नागरिक अस्पताल में, उसके बाद नूंह के नल्लड़ में दाखिल कराया। वहां से रेफर करने के बाद दिल्ली के सफदरजंग में कराया गया। जहा उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। जिसके शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## घर में बैठे लोगों पर हुआ हवाई फायर, दो पर केस दर्ज

**सोहना।** सदर थाना के गांव अभयपुर में देर रात घर के अंदर बैठे एक ही परिवार के लोगों पर दो हवाई फायर किए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभयपुर निवासी नरेश पुत्र जगत सिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे वह और उसके भाई ओमप्रकाश, जितेन्द्र व एक अन्य बैठे हुए थे। तभी गेट की तरफ से आवाजें आई। रात के अंधेरे में देखा तो गांव का ही निवासी आजाद व एक अन्य था। जिन्होंने अपने पास से हथियार निकालते हुए दो हवाई फायर कर दिए। एक हवाई फायर बैठक के छज्जे में लगा। हवाई फायर होता देख वह और उसके साथ बैठे अन्य परिजन घर के अंदर कमरों में जाकर छुप गए। आरोप है कि आजाद जोर-जोर से घर के आंगन में खड़ा होकर जान से मार देने की धमकियां देता हुआ चला गया। पुलिस ने नरेश की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

## वार्ड-12 में चुनावी रंजिश में आरोपियों ने घर में घुसकर पीटा

**सोहना।** शहर के वार्ड-12 में चुनावी रंजिश के इरादे से हुआ झगड़े में आरोपियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोपियों पर सोने की चैन व मोबाइल फोन लूटने का आरोप लगाया है। वार्ड-12 निवासी सुमित ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके घर के बाहर नगर परिषद की तरफ से आम रास्ते में सीमेंट से बनी कुर्सी रखी थी। जिससे दर्जनभर कॉलोनी के नागरिकों ने रात करीब साढ़े आठ बजे उठाते हुए अन्य स्थान पर रख दिया। उसका जब उसके द्वारा विरोध किया तो आरोपियों ने मिलकर लाठी डंडों से घर के गेट कूदकर मारना पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने महिलाओं को भी पीटा। इस झगड़े में आरोपी उसके गले में से सोने की चैन व मोबाइल फोन लूट कर ले गए थे। कुछ समय के बाद मोबाइल फोन तो जमीन पर पड़ा मोबाइल फोन टूटी हालत में मिल गया। अमित ने बताया कि आरोपियों ने उसके ऊपर यह हमला चुनावी रंजिश रखते हुए किया। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने पर जरुरत पड़ने पर ही आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज होगा।

## व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ मनाई दुर्गाष्टमी

**गुरुग्राम।** भारत देश त्योहारों का देश कहा जाता है। सनातन धर्म में कोई भी ऐसा दिन नहीं है, जिस दिन कोई न कोई पर्व न होता हो। श्रद्धालु धार्मिक पर्वों को बड़े उत्साह के साथ मनाते रहे हैं। वीरवार को श्रद्धालुओं ने शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर व्रत रखकर दुर्गाष्टमी का पर्व मनाया। श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गा की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना भी की। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि अष्टमी तिथि का बड़ा विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के सभी रुपों की पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल प्राप्त करने की मनोकामना भी की। मासिक अष्टमी को दुर्गाष्टमी भी कहा जाता है। माना जाता है कि दुर्गा का व्रत करने से जगदम्बा मां की भरपूर कृपा बरसती है। जहां भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं, वहीं घर में सुख-समृद्धि आती है। दुर्गाष्टमी के व्रत को लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी।

## सद्गुरु का चुनाव भी साधक को सोच-समझकर करना चाहिए





**गुरुग्राम।** गुरुदेव केवल कथा वाचक ही नहीं होते, ज्ञान मय स्वरूप होते हैं। मानस में गुरुदेव को बोधमय शंकर का रुप कहा गया है। जो स्वयं बोधवान न होगा, वह शिष्य-साधक को कैसे बोध प्रदान करा सकेगा और बिना बोध तत्वज्ञान के मोक्ष की सिद्धि कैसे होगी। क्रोध और ईर्ष्या से कुछ भी होने वाला नहीं है। ये बातें गीताज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने ज्योति पार्क स्थित श्रीगीता आश्रम में श्रीगीता साधना सेवा समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय व्यास पूर्णिमा आराधना महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को साधकों को प्रवचन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सदगुरू का चुनाव भी साधक को सोच-समझकर करना चाहिए। केवल बोलने की कला से ही सदगुरू की पहचान करना बड़ा ही कठिन कार्य है। एक गुरु ही ऐसी शक्ति है, जो अपने शिष्यों व साधकों का निस्वार्थ रुप से मार्गदर्शन करता रहा है। सदैव शिष्यों का भला ही सद्गुरु चाहते हैं, लेकिन आधुनिकता के इस दौर व बदलते परिवेश में गुरु व शिष्य की परिभाषा भी बदल गई है। जो गुरु लच्छेदार वाणी में प्रवचन करे, उसी की तरफ लोग आकर्षित हो जाते हैं जबकि यह आकर्षण अधिक समय तक नहीं टिक पाता। महाराज जी ने कार्यक्रम में आए लोगों से आग्रह किया कि वे निस्वार्थ भाव से जनसेवा करें और जरुरतमंदों की यथासंभव सहायता भी करें ताकि वे समाज का एक अभिन्न अंग बन सकें। संस्था के मुख्य प्रबंधक राजेश गाबा ने बताया कि इस अवसर पर मंथन आई हैल्थ केयर फाऊंडेशन ने डायबिटिक रैटीनोपैथी जागरुकता शिविर का आयोजन भी किया, जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डा. नीरज संदूजा ने आंखों की बीमारियों के प्रति लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मधुमेह का आंखों के साथ-साथ शरीर के अन्य अंगों पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। इसलिए समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच कराते रहना चाहिए। कार्यक्रम में क्षेत्र की निगम पार्षद सीमा पाहूजा, पवन पाहूजा, विधायक मोहनलाल बडोली व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# स्ट्रीट लाइटों के अभाव में खुले मैनहॉल बने जानलेवा

कविता। फरीदाबाद

**कहने** को तो नहरपार विकास की तरफ तेजी के साथ बढ़ रहा है, लेकिन वहां सुविधाओं का भारी अभाव है। ऐसा ही कुछ सेक्टर-85 के ई-ब्लॉक में देखने को मिला। जहां रात के समय स्ट्रीट लाइट न होने से बच्चे और महिलाएं घरों से बाहर निकलने से भी डरते है। वहीं दिन के समय सांप और सीवरेज के खुले मैनहोल के कारण यहां परेशानियां रहती हैं।

सेक्टर-85 के निवासियों का कहना है कि बिजली कट और रात में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण बच्चों और महिलाओं को घरों से निकलने में भी डर लगता है। यहां अनेक सीवर के मैनहॉल के ढक्कन नहीं हैं। ऐसे में सीवर ओवरफ्लो होने के खुले मैनहॉल दिखाई न देने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यहां सेक्टर-85 के ई ब्लॉक में रहने वाले जितेन्द्र राणा ने बताया कि उनके इलाके में रात के समय घना अंधेरा रहता है।

### सेक्टर-85 के ई-ब्लॉक में रात को स्ट्रीट लाइट न होने से बच्चे और महिलाएं डरती हैं घरों से बाहर निकलने से भी

यहां बिजली के पोल लगे है, लेकिन इन पर लाईट नहीं है। जिन पर लाईट लगी है, वह रात के समय जलती ही नहीं है। जिस कारण रात के समय महिलाएं और बच्चे घरों से निकल ही नहीं सकती। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक पैनल कम है। जिस कारण एक-एक पैनल पर कई-कई कनेक्शन हैं, ऐसे में यहां बिजली कट की समस्या के संग पावर डाउन की समस्या से भी जूझना पड़ता है। जिसके चलते लोग इतनी भयंकर गर्मी में घरों में लगे एसी और कुलर तक नहीं चला सकते। क्योंकि सप्लाई पूरी न मिलने के कारण एसी, कूलर और फ्रीज के फुंकने का डर रहता है। वहीं सीवरेज के करीब 12-12 फुट के गहरे गड्ढे यहां खुले हुए पड़े है।



सेक्टर-85 में सीवरेज के ओपन ढक्कन, खम्भों पर नदारद स्ट्रीट लाइट और बिजली के खाली पोल।

जिस कारण बच्चे दिन में यदि खेलते हैं तो लोगों के दिल में भय बना रहता है। सड़के भी खस्ताहाल है। कभी भी कोई भी दुर्घटना यहां घटित हो सकती है। सीवरेज के ढक्कन होने के कारण और बरसात में यहां पानी भरने की समस्या होती है, तो यहां घरों से निकलना दुर्भर हो जाता है। यहां सांप भी निकल आते है। यहां सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है।

## व्यक्तित्व विकास और कौशल वृद्धि के सुनहरे अवसर

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के कॅरियर काउंसलिंग सेल ने मेधा लर्निंग फाउंडेशन, लखनऊ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

हस्ताक्षर करने वालों में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता और मेघा लर्निंग ग्रुप के पीयूष गुप्ता थे। इस समारोह के साक्षी डॉ. मनोज शुक्ला, संयोजक कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ, डॉ. डिंपल सहायक प्रोफेसर, मनमोहन सिंगला थे। डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि मेधा समूह एक प्रशिक्षण सत्र कैरियर एडवांसमेंट बूट कैंप चला रहा है, जिसमें 25 छात्रों के समूह को 30 घंटे तक प्रशिक्षित किया जाएगा।

# शराब के नशे में तीन दोस्त नहर में कूदे, दो अभी भी हैं लापता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शराब** के नशे में धुत होकर तीन युवकों ने दोस्ती की मिसाल कायम करने के लिए, सेहतपुर पुल से रात 3.15 बजे आगरा नहर में छलांग लगा दी। उनके कूदने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक युवक को बचा लिया। लेकिन अन्य दो युवकों की तलाश बृहस्पतिवार देर शाम तक भी जारी रही। पुलिस के गोताखोर नहर में दोनों को तलाश कर रहे हैं, इसके अलावा उनकी तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

जानकारी के मुताबिक 24 से 27 साल की उम्र के तीन युवकों में गहरी दोस्ती है। जिसमें 24 वर्षीय श्याम कालोनी निवासी अमित, संजीत और मोनू ने शराब के नशे में बीती रात आगरा नहर में छलांग लगा दी। उनके कूदने की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने रात को ही 24 वर्षीय अमित को सुरक्षित बचा लिया।



युवकों की तलाश करती पुलिस और मौके पर मौजूद परिजन।

जांच अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि 24 और 27 वर्षीय दो युवको संजीत और मोनू की तलाश पुलिस के गोताखोर नहर में कर रहे हैं। इसके अलावा उनकी तलाशी के लिए एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में अपनी दोस्ती की मिसाल कायम करने के लिए तीनों युवकों ने आगरा कैनाल में छलांग लगा दी। जिसमे एक युवक को बचा लिया गया है। जबकि दो के बारे में अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस अब बाकी बचे दोनो युवकों को ढूंढने की कोशिश कर रही है।

**युवक का कथन :** हादसे में बचने वाले युवक अमित का कहना है कि शराब पीने के बाद दोस्तों के बीच बातें हो रही थी। वह एक दूसरे पर शक करते हैं और सवाल करते है। एक-दूसरे से कह रहे थे कि तू मेरे लिए क्या कर सकता है। एक ने कहा मैं तेरे लिए नहर में कूद सकता हूँ और वह नहर में कूद गया। वही जोश में आकर सभी ने आगरा केनाल में छलांग लगा दी।

**परिजनों का आरोप :** नहर में कूदे दो युवकों के परिजनों का आरोप है कि शिकायत दिए जाने के बाद भी पुलिस लापरवाही बरत रही है। अभी तक फायर बिग्रेड और गोताखोर नहीं पहुंचे हैं। दोनों युवकों को खोजने के लिए कोई भी प्रयास नहीं किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ठीक से अपना काम नहीं कर रहा है। वही पुलिस इन आरोपों से इनकार कर रही हैं। उनके मुताबिक वह लगातार तलाश करने की कोशिशों में जुटे हैं।

## पढ़ाई के साथ छात्रों के लिए पौधारोपण जरूरी



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पौधा रोपण करने वाले छात्राओं के साथ बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, कुलपति प्रो. एसके तोमर व अन्य।

**फरीदाबाद।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरुक करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद छात्रों के लिए पौधारोपण और पढ़ाई के दौरान लगाये गये पौधे की देखभाल करने को अनिवार्य बनाने की योजना पर काम कर रहा है।

यह जानकारी कुलपति प्रो एसके तोमर ने बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा को दी जोकि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में मुख्य अतिथि थीं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने सीमा त्रिखा को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# कोरोना से उबरने के बाद अब युवाओं के जोड़ों पर अटैक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** संक्रमण से ठीक होने के बाद भी लोगों की समस्याएं कम नहीं हो रही है। कोरोना को हरा चुके गंभीर मरीज खास तौर पर युवाओं के शरीर पर जोड़ों पर दर्द 'अटैक' कर रहा है। लोग कमर, कूल्हे और घुटनों में दर्द का शिकार हो रहे हैं। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार का। उन्होंने कहा कि कोरोना से ठीक होने के बाद जोड़ों के दर्द से जूझ रहे मरीजों की संख्या ओपीडी में काफी बढ़ गई है। युवा चल-फिर पाने में भी खासी दिक्कत महसूस कर रहे हैं। इस स्थिति में लोगों को लापरवाही किये बिना डॉक्टरी जांच अवश्य करवानी चाहिए।

एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि 20 से 35 साल के लोगों में कूल्हे और कमर के साथ घुटने का दर्द 'एवेस्कुलर नेक्रोसिस' के कारण होता है। ये समस्या कोविड संक्रमण के बाद तेजी से बढ़ने लगी है। इसे पोस्ट कोविड एवीएन का नाम दिया गया है। अगर शहर की बात करें तो जोड़ों में दर्द खासतौर पर हिप पेन की शिकायत अधिक आ रही है। अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। डॉ. राकेश के मुताबिक जो मरीज गंभीर रहे और उन्हें अस्पताल में दाखिल होने के दौरान स्टेरॉयड तक दिए गए। ऐसे में अगर समय पर इलाज ना करवाया गया तो हिप रिप्लेसमेंट तक की नौबत भी आ रही है। अभी 10 प्रतिशत केसों में रिप्लेसमेंट करनी पड़ी है। उधर, डॉक्टरों का मानना है कि ये एक बड़ी समस्या है। ऐसे में समय पर इसे रोकना जरूरी है। नहीं तो आने वाले समय में ये एक नई समस्या बन सकती है।



डॉ. राकेश कुमार

# बैंक कर्मी बनकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल, 4 सिम कार्ड तथा 64000 रुपये नकद बरामद हुए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले साइबर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करके में सफलता हासिल की है। इस मामले में इनका चौथा साथी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कामिल अब्बास, रहबर अली तथा मोहम्मद अनीस का नाम शामिल है। आरोपी कामिल दिल्ली के उत्तम नगर, आरोपी रहबर अली उत्तर प्रदेश के बरेली तथा आरोपी मोहम्मद अनीस उत्तराखंड के उधम सिंह नगर का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ठगी की वारदात को अंजाम देते हुए आरोपियों ने फरीदाबाद के कौराली गांव के रहने वाले सुनील कुमार के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था जिसमे उसके क्रेडिट कार्ड से 01.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। दिनांक 21 जून को पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाना एनआईटी में दी। पुलिस ने साइबर तकनीकी का प्रयोग करते हुए आरोपी कामिल को 28 जून 2022 को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान कामिल की निशानदेही पर आरोपी रहबर तथा मोहम्मद अनीस को 3 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग 3 मोबाइल फोन 4 सिम कार्ड तथा ?64000 नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस रिमांड के दौरान सामने आया कि वारदात का मुख्य आरोपी कामिल है जो क्रेडिट कार्ड धारकों को फोन करता था। आरोपी रहबर तथा मोहम्मद अनीस एक दूसरे को पहले से जानते थे। आरोपी रहबर अपने भाई के पास दिल्ली आता था तब इसकी मुलाकात कामिल के साथ हुई। आरोपी कामिल ने उसे अपने साथ शामिल कर लिया और जिसके पश्चात आरोपी रहबर उसे बरेली से फर्जी बैंक खाते उपलब्ध करवाता था तथा आरोपी अनीश द्वारा भी इन्हें अपना बैंक खाता उपलब्ध करवाया गया था जिसकी एवज में आरोपी अनीश को बैंक खाते में आए पैसों का कमीशन मिलता था।



बैंक कर्मचारी बन कर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार कामिल अब्बास, रहबर अली और मोहम्मद अनीस।

## पाकिस्तानी महिला को दी भारतीय नागरिकता

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेंद्र यादव ने आज गुरूवार को एक पाकिस्तानी महिला नागरिक को नागरिकता प्रदान की है। उन्होंने नागरिकता प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि स्वयं के अच्छे भविष्य के साथ साथ देश के हित में बेहतर कार्य करना। जिससे देश का हित होगा और आपका भविष्य भी उज्ज्वल होगा।

जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने पाकिस्तान की महिला नागरिक सुरेश रानी, 35 वर्षीय को भारतीय नागरिकता प्रदान की है। जिलाधीश जितेंद्र यादव ने उन्हें भारतीय नागरिकता विधिवत रूप से प्रदान कर दी है। पाकिस्तान की निवासी सुरेश रानी ने बताया कि वह वर्ष 2010 में पाकिस्तान से सह-परिवार भारत आ गए थे और परिवार के साथ भारत के हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिला में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय में अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए 2019 में आवेदन दिया था। उस आवेदन को आज गुरुवार को डीसी जितेंद्र यादव ने मूर्त रूप देकर हमें भारतीय नागरिकता प्रदान की है।

# आयुष्मान घोटाले की जांच की मांग

### ज्ञापन में जांच करने को उच्च स्तरीय केन्द्रीय समिति गठित करने की मांग एसडीएम से की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय ग्राहक पंचायत फरीदाबाद की तरफ से प्रधानमंत्री के नाम आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में उत्पन्न भ्रष्टाचार एवं घोटाले की जांच हेतु उच्च स्तरीय केन्द्रीय समिति गठित करने के संबंध में एक ज्ञापन परमजीत सिंह चहल एसडीएम फरीदाबाद को दिया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत भोपाल के द्वारा एक आरटीआई लगाई गई, जिससे प्राप्त जानकारी में करोड़ों रुपये का घोटाला पाया गया।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मांग करती है कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एवं सीबीआई की जांच केंद्र के माध्यम से की जाए। मरीजों और परिजनों को उनके बिल एवं इलाज में उपयुक्त उपचार जो बीमारी एवं जांच में उपयोग किया गया है उसका स्पष्ट ब्योरा मरीज को उपलब्ध करवाया जाए। साथ में सभी रिकॉर्ड केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड किया जाए, जिसे स्पष्ट रूप से देखा जा सके। आयुष्मान कार्ड योजना के व्यापक दुरुपयोग व घोटालों में लिप्त अस्पताल प्रबंधन सहित भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मरीजों से अवैध वसूली का पैसा हॉस्पिटल मालिकों से दुगुना वसूला जाए। फर्जी मरीजों के आयुष्मान कार्ड निरस्त किये जाएं। सभी आयुष्मान से संचालित हॉस्पिटल की ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर जांच की जाए। केंद्रीय पोर्टल खोला जाए, जिसमें शिकायतकर्ता को केंद्र की ओर से उसे शिकायत करने पर सही जानकारी व उत्तर प्राप्त होता रहे। शिकायत करने के लिए सुलभ प्लेटफार्म उपलब्ध होना चाहिए, जैसे टोल फ्री नंबर, मेल आईडी, ऐप के माध्यम से जो कि केंद्र सरकार के अधीन काम करें एवं शिकायतकर्ता को समय-समय पर मैसेज के माध्यम से स्थिति ज्ञात हो एवं साथ ही समय सीमा में शिकायत का निराकरण किया जा सके। व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चले, जिसमें आयुष्मान कार्ड धारक को आयुष्मान कार्ड का उपयोग कैसे हो इसकी जानकारी दी जाए। इस अवसर पर प्रदीप बंसल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, अजय भाटिया, आशीष कौशिक, एस पी सिंह आदि मौजूद थे।



एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य।

## बालिकाओं के स्वास्थ्य जांच के लिए हेल्थ चेकअप कैंप

**फरीदाबाद।** एनआईटी स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में हेल्थ चेक अप कैंप लगाया जा रहा है।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि चिकित्सकों की टीम नंबर 116 द्वारा छात्राओं की नेत्र चेकअप किया जा रहा है। ऑप्टोमेट्रिसट डॉक्टर सपना ने छात्राओं की नेत्र जांच की और उन्हें स्पेक्स का नंबर दिया। आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बरखा वर्मा ने छात्राओं का डेंटल चेकअप किया। सभी बच्चों को ओरल हाइजीन के अंतर्गत बच्चों को विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। हेल्थ चेकअप कैंप में जिन बच्चों में कोई बीमारी पाई गई उन सभी बच्चों को बादशाह खान सिविल चिकित्सालय के डिस्ट्रिक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर के कमरा नंबर 23 में रेफर किया गया।

# पैकेजिंग में इस्तेमाल प्लास्टिक नहीं सिंगल यूज

**फरीदाबाद।** एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगने के बाद प्लास्टिक पैकेजिंग से जुड़ी युनिट में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, क्योंकि पैकेजिंग में भी कई तरह की प्लास्टिक इस्तेमाल होती है, जिसका फिलहाल कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में लघु उद्योग के प्रतिनिधियों ने सरकार से इस बारे में स्थिति साफ करने की मांग की थी।

प्रतिनिधियों ने केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से भी इस बारे में मुलाकात की थी। गुरुवार को पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया है, जिससे प्लास्टिक पैकेजिंग यूनिट को बड़ी राहत देने का काम किया किया है। इसके लिए लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद, राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति और राष्ट्रीय मंत्री नरेश पारिक ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति ने बताया कि एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्लास्टिक के कप, प्लेट, स्ट्रॉ, ट्रे आदि सहित 19 तरह की चीजों को प्रतिबंधित किया गया है। पैकेजिंग यूनिट्स में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक व सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, जिसे लेकर 7 जुलाई को पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की तरफ से नोटिफिकेसन जारी कर स्थिति को स्पष्ट किया गया है। नोटिफिकेशन में प्लास्टिक पैकेजिंग व सिंगल यूज प्लास्टिक का स्पष्टीकरण दिया है। ईपीआर के दिशा निर्देश अनुसार डेयरी, खाद्य, बेवरेज, बेकरी इंडस्ट्रीज में जो प्लास्टिक कप व ट्रे प्लास्टिक पैकेजिंग के रूप में उपयोग होते हैं, वह सिंगल यूज प्लास्टिक के दायरे से बाहर माने जाएंगे। इस संबंध में सीपीसीबी से अनुरोध किया गया है कि वह पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत प्लास्टिक कच्चे माल के निर्माताओं को जारी दिशा-निर्देश को संशोधित करे ताकि उनके काम में किसी तरह की बाधा न आए।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान : संजीव कौशल



**फरीदाबाद।** आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष में देशभर में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान के तहत हरियाणा में हर घर पर 11 से 17 अगस्त, 2022 तक तिरंगा फहराया जाएगा। राज्य सरकार ने इस अभियान को जन अभियान बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस संबंध में आज मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों और विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तिरंगा हर भारतीय का गर्व-मुख्य सचिव ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय पर्व है और देश के सभी नागरिक सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें अपने घर पर तिरंगा फहराने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है। तिरंगा हर भारतीय का गर्व है, इसी जज्बे के साथ देश के सम्मान में हरियाणावासी हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराकर हरियाणा को देश में नंबर वन बनाएंगे। कौशल ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, जिला परिषदों इत्यादि के साथ बैठकें करें। साथ ही, हर जिले में तिरंगे की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा, जिन सरकारी भवनों पर तिरंगा नहीं फहराया जा रहा, वहां भी फहराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी का यह परम कर्तव्य है कि तिरंगे का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि देशभक्ति को बढ़ावा देने और देश के प्रति अपने जज्बे को सलाम करने के लिए यह अहम अभियान शुरू किया गया है। इसलिए सभी सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य फहराएं।

### भागवत ज्ञान जिसने पाया, उसने भगवान को पा लिया



**फरीदाबाद।** श्रीमहावीर दुर्गा मंदिर पुरानी सब्जी मंडी ओल्ड फरीदाबाद भागवत कथा में सेवादार टोनी पहलवान, सुनील कुमार, सतपाल चौधरी, मंदिर प्रधान दिनेश छाबड़ा, चुन्नी लाल चोपड़ा, रवि डूडेजा आदि शिरकत करने पहुंचे। सभी ने कथा वाचक पं. चंद्र प्रकाश शास्त्री एवं पंडित नरेश शास्त्री के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के प्रधान दिनेश छाबडा एवं चुन्नीलाल चोपड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि भागवत कथा के आयोजनों में सुख, समृद्धि एवं शांति का वास होता है। सनातन धर्म में रहकर हमें धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर टोनी पहलवान एवं सुनील कुमार ने भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि हमें सत्संग ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए। भागवत ज्ञान जिसने पाया, उसने भगवान को पा लिया। यही भगवान को पाने का सबसे सरल एवं सहज तरीका है। कलियुग में यज्ञ करना कठिन काम है, कोई नास्तिक है कोई कुपंथी है और कोई कहेगा हम संत नहीं मानते, हम धर्म नहीं मानते। इसलिए तुलसीदासजी ने सोचा कि कलयुग में नालायक लोग भी होंगे, तो ऐसे में भगवान के नामों को जपने से तीर्थ यात्रा, यज्ञ तथा समाधि का फल मिल जाता है। भागवत कथा को सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आ रहे हैं और इसका श्रवण करने से उनका जीवन तर जाता है। इसलिए हमको भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर कथा वाचक चंद्र प्रकाश शास्त्री एवं पंडित नरेश शास्त्री ने प्रवचन सुनाते हुए कहा कि लोग निन्दा करें तो करने दो। प्रशंसा में तो मनुष्य फंस सकता है। निन्दा में पाप नष्ट होते हैं। कोई झूठी निन्दा करें तो चुप रहो। सफाई मत दो। सत्य की सफाई देना सत्य का निरादर है। उन्होंने कहा कि बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलने से सुख शांति का वातावरण बना रहता है। संतसंग में जाने से पाप नष्ट होता है। व्यास जी के प्रवचन सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

### एथलेटिक्स हरियाणा चला डिजिटिलीकरण की राह पर



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान से प्रदेश कार्यालय (पानीपत) में मुलाकात की और मुलाकात के दौरान भविष्य में एथलेटिक्स हरियाणा के डिजिटिलीकरण पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए डिजिटल माध्यम से खिलाडियों का रजिस्टरेशन और भाग लेने का कार्य कर रहा। जिससे पूरे देश के खिलाड़ियों को समयनुसार सभी जानकारियां प्रदान की जा रही हैं और एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया सभी राज्यों के संघों को डिजिटलिकरण करने की राह पर चलने का दिशा निर्देश दे चुका है। जिसकी पहल एथलेटिक्स हरियाणा ने शुरु कर दी है। राजकुमार मिटान ने कहा कि एथलेटिक्स हरियाणा के डिजिटल होने से प्रदेश के सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक और उनके अभिभावक घर पर रहते हुए आनलाइन माध्यम से एथलेटिक्स खेल से जुडी समस्त जानकारियां समय रहते प्राप्त कर भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी कर सकेंगे। जिससे भविष्य में बहुत ही अच्छे खेल परिणाम आने की संभावनाएं हैं।

### नशा मुक्ति तथा नैतिक मूल्यों के प्रति किया जागरुक



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के नशा मुक्ति अभियान के तहत इंचार्ज सतीश कुमार ने अपनी टीम के साथ अग्रवाल स्कूल सेक्टर-3 में छात्रों को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए जागरुक किया। इस अवसर पर उनके साथ दुर्गा शक्ति की टीम, 112 की टीम, स्कूल के प्रधानाचार्य रचना भल्ला मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस विभिन्न स्थानों पर जाकर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिसमें नागरिकों को नशे, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध, यातायात विषयों के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। छात्रों को नशे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे कम उम्र मैं ही गलत संगत में पड़ जाते हैं और वे छोटा मोटा नशा करने लगते हैं। बीड़ी सिगरेट शराब आदि का सेवन करने लगते हैं। नशे की लत लगने पर बच्चे क्राइम का सहारा लेते हैं नशे की पूर्ति के लिए चोरी, स्नैचिंग,लूट जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। जहां से नौजवानों का उल्टा आना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए शुरुआत में ही गलत लोगों की संगत से बचें नशा से दूर रहें ताकि आपके घर परिवार की खुशी बनी रहे।नशे की वजह से बहुत सारे घर उजड़ चुके हैं। नशा समाज को अंधकार की तरफ ले जाता है जिसमें डूबा हुआ इंसान अपना सब कुछ गवा देता है और जब तक उसे होश आता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

# पत्रकारिता की दुनिया

## स्वतंत्रता पर सवाल

**चंडीगढ़** और नोयडा पुलिस के बीच खबरिया चैनल के एक एंकर को हिरासत में लेने के लिए हुआ झगड़ा अच्छी घटना नहीं है। इस घटना से अनेक मीडिया हाउसों की स्वतंत्रता संदेह के बादलों में घिर गई है। गिरफ्तारी से पहले मंगलवार सवेरे एंकर के घर गाजियाबाद के इंदिरापुरम में काफी नाटक हुआ। छत्तीसगढ़ पुलिस उनको एक वारंट के साथ गिरफ्तार करने आई थी जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कथित छेड़छाड़ वाला वीडियो जारी करने में उनकी भूमिका से संबंधित था। कथित रूप से छेड़छाड़ वाले वीडियो में राहुल गांधी को परोक्ष रूप से जिहादियों द्वारा उदयपुर में दर्जी की जघन्य हत्या को माफ करते दिखाया गया है। लगभग 6.15 बजे एंकर ने उत्तर प्रदेश पुलिस व सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक एसओएस ट्वीट के माध्यम से अपनी रक्षा करने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना छत्तीसगढ़ की पुलिस उनको गिरफ्तार करने उनके आवास पर पहुंच गई है। इसके बाद नोयडा पुलिस भी वहां पहुंच गई। इस बीच खबरिया चैनल ने स्वयं को छेड़छाड़ वाले उस वीडियो से अलग कर लिया। उसने दावा किया कि इस मामले में पुलिस शिकायत 'लापरवाही तथा ठीक से जांच न करने के कारण' हुई है। कंपनी ने दावा किया कि दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। कंपनी ने पुलिस से शिकायत में कहा, 'वर्तमान परिस्थितियों में कंपनी को समुचित संदेह और विश्वास है कि उपरोक्त लापरवाही व दायित्व से अलग हटने का काम प्रोड्यूसरों ने जानबूझ कर पूरे इरादे के साथ किया और उनकी एक दूसरे से मिलीभगत थी।'



केवल जांच से ही सच्चाई का पता चल सकता है, लेकिन इस घटना ने उन संदेही लोगों को स्वर दे दिए हैं जो लगातार अनेक मीडिया घरानों की स्वतंत्रता व निष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। मुद्दों पर राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाने में कोई गलती नहीं है, लेकिन जब कोई मीडिया संगठन या उसके कुछ पत्रकार किसी पार्टी के हित आगे बढ़ाने का काम करते हैं तो यह पत्रकारिता नहीं होती है, बल्कि यह राजनीति हो जाती है और उससे जुड़े सारे नतीजे सामने आते हैं। इस प्रकरण को सारे मीडिया को सबक की तरह देखना चाहिए। उसे समझना चाहिए कि कोई भी 'कर्म के नियम' के क्षेत्राधिकार से बाहर नहीं है।

राजनेता वर्ग को समझना चाहिए कि यदि अंतर-राज्य मामलों की जांच करने वाले पुलिसजनों को रोका या उत्पीड़ित किया जाएगा तो कानून लागू करने के काम पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यही स्थिति मई में भाजपा नेता तेजेन्दर बग्गा के मामले में हुई थी। पंजाब पुलिस उनको 'भड़काऊ बयानों तथा धार्मिक शत्रुता बढ़ाने' के लिए गिरफ्तार करना चाहती थी, पर दिल्ली और हरियाणा की पुलिस ने यह प्रयास विफल कर दिया। उनके ट्वीटों से दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना लगाया गया था। पंजाब पुलिस के अनुसार वे अपराधी थे और उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए था, लेकिन दिल्ली और हरियाणा की पुलिस उसकी इस राय से सहमत नहीं थी। आखिरकार पुलिसजनों की कानून की समझ कानून की पुस्तकों में लिखे शब्दों के बजाय वरिष्ठ राजनेताओं के हितों पर निर्भर करती है, जिनके आदेशों का वे पालन करते हैं। यह कानून का शासन नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक कार्यालयों में बैठे पुरुषों व स्त्रियों का शासन है। प्रभावी रूप से इसका नतीजा मनमानेपन के कारण देर सवेर होने वाला ऐसा अत्याचार होता है जिसका प्रभाव सब पर पड़ता है। जब संपादकीयों में इस पर दु:ख प्रकट किया जाता है तो अक्सर स्वप्नजीवी आदर्शवादी बता कर उनका मजाक उड़ाया जाता है। लेकिन 'कर्म का नियम' आलोचकों पर भी लागू होता है जिसमें पत्रकार व राजनेता, सभी शामिल हैं।।

# नाटो के सामने दोहरी रणनीतिक चुनौती

रूस-यूक्रेन युद्ध तथा चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए नाटो को दो मोर्चों-यूरोप व हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर बचाव के लिए अपनी भूमिका पुन: निर्धारित करनी चाहिए।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



पश्चिमी देशों तथा भारत के साथ लगातार बिगड़ते संबंधों से चीन के वर्चस्ववादी इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते हैं। इसके साथ ही ताइवान जलडमरूमध्य तथा दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ रहा है। तिब्बत व जिनजियांग क्षेत्र में उठने वाले मानवाधिकार के मुद्दे इनके अलावा हैं। श्रीलंका व पाकिस्तान में वित्तीय संकट से मामला और बिगड़ गया है। 2020 में चीन ने अमेरिका को यूरोपीय संघ से साझेदारी के मामले में पीछे छोड़ दिया था और वह उसका सबसे बड़ा व्यापार साझीदार बन गया था। 2021 तक बीजिंग ने दुनिया में बनने वाले आधे जहाजों का निर्माण किया था। अनेक व्यवस्थाओं के माध्यम से चीन ने भावी नौसैनिक निर्माण में पश्चिम को खतरे में डाल दिया है। इनमें डिजाइन सहयोग समझौते, साइबर जासूसी व अधिग्रहण शामिल हैं। चीन ने उत्कृष्ट खोजी जहाज डिजाइनों की नकल भी की। संक्षेप में कहा जाए तो चीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति तथा भू-अर्थनीति में अपनी दबाव वाली नीतियों का प्रयोग कर रहा था। इसके अलावा उसने जासूसी तथा दुहरे-प्रयोग वाले उत्पादन सुविधाओं के माध्यम से अनेक देशों के लिए संप्रभुता संबंधी मुद्दे भी खड़े कर दिए थे।

दूसरी ओर फ्रांसीसी राष्ट्रपतियों के 2019 में दिए बयानों से स्पष्ट था कि नाटो 'ब्रेन डेड' है। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध तथा स्वीडेन व फिनलैंड को शामिल करने के प्रोटोकाल पूरे होने से अब गठबंधन ने 2022 के मैड्रिड समझौते से नई ट्रांस-पैसेफिक पहचान पुनर्जीवित कर दी है। नाटो के एशियाई क्षेत्रीय साझीदारों-आस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड व दक्षिण कोरिया के राष्ट्र प्रमुखों ने नाटो सम्मेलन में भाग लिया। इस प्रकार एशिया में सैन्यीकरण का नया आयाम विकसित हो रहा है जिससे चीनी विस्तारवाद व वर्चस्ववाद का मुकाबला किया जा सकता है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि नाटो एशिया को भी केन्द्र बना रहा है। नाटो 2022 की 'रणनीतिक अवधारणा' में बिना किसी लागलपेट स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'पीआरसी के दुष्टतापूर्ण हाइब्रिड व साइबर आपरेशन्स तथा उसकी टकराव वाली बयानबाजी व दुष्प्रचार से हमारे सहयोगियों पर निशाना लगाया जाता है तथा उनकी सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया जाता है।' इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो की नई प्राथमिकतायें हैं। 1922 के शिखर सम्मेलन के पहले इन चार देशों के विदेश मंत्रियों ने दिसंबर, 2020 में पहली बार नार्थ एटलांटिक कौंसल-एनएसी में मुलाकात कर हिंद-प्रशांत में उभरती बहुआयामी सहयोग संभावनाओं का आंकलन किया था। इसी पृष्ठभूमि में 'नाटो 2030' विशेषज्ञ समूह का गठन हुआ है जिसने चीन को 'पूरी तरह व्यवस्थित शत्रु' घोषित किया है, जबकि पहले इसे 'शुद्ध रूप से आर्थिक पक्ष या केवल एक एशिया-केन्द्रित सुरक्षा पक्ष' माना जाता था।

हालांकि, राष्ट्रपति बराक ओबामा पहले नेता थे जिन्होंने चीनी खतरा भांप गर 2011 में आस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करते हुए 'धुरी' राजनीति की घोषणा की थी। इसके साथ ही विदेश सचिव हिलेरी क्लिंटन ने 'अमेरिका की प्रशांत शताब्दी' शीर्षक से एक लेख लिख कर उसमें तर्क दिया था कि 'क्षेत्र में रणनीतिक मोड़' आ गया है। इससे अमेरिकी नौसेना की पश्चिम एशिया के बजाय दक्षिण चीन सागर में तैनाती के संकेत दिए थे। लेकिन पश्चिम एशिया तथा अफगानिस्तान में अमेरिका की संलिप्तता के कारण इस नीति पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया। इसके बावजूद आज इस क्षेत्र में स्थितियां बदल रही हैं, जहां अमेरिका ने सऊदी-तुर्की शांति प्रक्रिया के अब्राहम समझौतों को उल्ट दिया है। इससे संकेत मिलता है कि आने वाले दिन हिंद-प्रशांत में काफी उथलपुथल वाले होंगे। एक और दृष्टिकोण से हिंद-प्रशांत का सैन्यीकरण चीन व रूस को प्रतिक्रिया के लिए मजबूर करेगा। इससे रूस की पूर्वी व दक्षिणी सीमाओं पर मौजूद शांति प्रभावित हो सकती है। पिछले कुछ दशकों में रूस ने इन दोनों दिशाओं में तुलनात्मक रूप से शांतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है और वह पूरी तरह केवल पश्चिमी मोर्चे पर ध्यान दे रहा था। इस प्रकार नाटो की रणनीति में परिवर्तन रूस-चीन मैत्री की परीक्षा भी लेगा क्योंकि रूस तुलनात्मक रूप से यूरोप पर अधिक ध्यान दे रहा है। इसके बावजूद नए शीतयुद्ध की आशंका, यानी रूस-यूक्रेन टकराव ने यूरोप में एक सहमति पैदा की है कि उसे रूस को प्राथमिक भू-राजनीतिक चुनौती के रूप में देखना होगा।

इसी सम्मेलन में नाटो ने तेजी से तैनात करने योग्य सैनिकों की संख्या 3,00,000 करने की घोषणा की है। इसके साथ ही वह बाल्टिक राज्यों तथा अन्य पांच फ्रंटलाइन देशों में ब्रिगेडों की संख्या दूनी करेगा। उसने रूस की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए हथियार व अन्य सप्लाई बढ़ाने की योजना भी बनाई है। इस प्रकार तैनाती में परिवर्तन 2023 तक पूरा हो जाएगा। वर्तमान समय में उसके सदस्य देशों का रक्षा खर्च वास्तविक मूल्य में 2022 के अंत की तुलना में 1.2 प्रतिशत अधिक हो गया है। इसके साथ ही यूरोप अपनी ऊर्जा निर्भरता घटाना चाहता है। यह महत्वपूर्ण सवाल है जिस पर विचार करना जरूरी है, लेकिन इसके कारण नाटो की सैनिक व वित्तीय प्रतिबद्धता पहले स्थान पर यूरोपीय रक्षा तथा दूसरे स्थान पर चीन को हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक सीमित रखने की होगी। ऐसे में सवाल उठता है कि यूरोपीय देश क्या प्राथमिकता चुनेंगे? क्या वे एक ही समय दो खतरों का मुकाबला कर सकते हैं? यूक्रेन-रूस टकराव यदि सालों नहीं तो एक-दो महीने तक जारी रह सकता है। इसके साथ ही यदि चीन इसी कालखंड में ताइवान पर हमले का फैसला करे या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संकट बढ़ाए तो क्या होगा? रूस-यूक्रेन टकराव के शुरुआती चरण में फ्रांस और जर्मनी अपनी गैस सप्लाई घटाना नहीं चाहते थे।

भविष्य का अनुमान लगाना कठिन है और यही बात बहुपक्षीय सैनिक गठबंधनों के बारे में भी सही है। विचारणीय है कि एशिया में सहयोगियों पर संकट बढ़ने पर क्या होगा। हिंद-प्रशांत में अतिरिक्त तैनाती के साथ नाटो को एक ट्रांसएटलांटिक चीन नीति तैयार करनी होगी। इससे चीन ज्यादा प्रतिक्रिया करने और संभवत: नाटो की एकता टेस्ट करने की तैयारी करेगा।

दक्षिण व मध्य एशिया में हालिया घटनाक्रम से तीन महत्वपूर्ण मुद्दे उभर रहे हैं। पहला, रूस और चीन अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर ईरान व पाकिस्तान जैसे देशों को शामिल करना चाहते हैं जिनका दृष्टिकोण अमेरिका-विरोधी है। उभरते क्वाड का मुकाबला पश्चिम के सहयोगियों के समक्ष चुनौती पेश करेगा। दूसरा, यूक्रेन की कृषि उत्पादकता के विनाश से अनाजों की मांग बढ़ेगी। अच्छी कृषि के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण फास्फेट की सप्लाई पर चीन का प्रभुत्व है जो इसका प्रयोग भू-राजनीतिक औजार के रूप में पश्चिम तथा दक्षिण व मध्य एशिया के खिलाफ किया जा सकता है। तीसरा, इस टकराव का प्रभाव धरती का औसत तापमान बढ़ने के रूप में सामने आता है। इससे खासकर आर्कटिक क्षेत्र में नए समुद्री मार्ग खोलना प्रभावित हो सकता है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र नए टकरावों का क्षेत्र बन जाएगा।

भारत का बहु-ध्रुवीयता पर पूरा विश्वास है, इसलिए वह चीन-नीत एससीओ, ब्रिक्स व आरआईसी से अलग क्वाड की रणनीतिक साझेदारी में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुध्रुवीय नीति के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। एशिया का सैन्यीकरण बढ़ने के साथ ही यहां टकराव की संभावनायें भी बढ़ जाएंगी। यह भारत के लिए एक अवसर प्रदान करता है कि वह वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों के बीच संतुलन बनाए तथा भारत की सुरक्षा व संप्रभुता के साथ कोई समझौता न करते हुए लोकतांत्रिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि भारत अपने बजट को ठीक करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े तथा रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे। ऐसा न होने पर वह पश्चिम तथा रूस की हथियार व्यापार की भू-राजनीति में फंस सकता है।

एक-दो साल तक कठोर निर्णय लेकर वित्तीय संसाधनों को रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विकास तथा साइबर व अंतरिक्ष क्षमतायें प्राप्त करने का प्रयास करना जरूरी है। यदि वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों का विकास होता है तो हमें अपनी नीतियां भी बदलनी होंगी। ऐसी स्थिति में नई दिल्ली के परंपरागत सहयोगी रूस जैसे देश चीन के साथ जा सकते हैं। इससे भारत को सैनिक व वित्तीय समर्थन के लिए अन्य इच्छुक शक्तियों की ओर देखना होगा। इससे दक्षिण एशियाई सुरक्षा ढांचे में व्यापक परिवर्तन आएंगे।

# निकारागुआ में क्यूबा जैसा मिसाइल संकट

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



आजकल, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के पास पर्याप्त हथियार हैं कि वे एक-दूसरे पर अपनी मातृभूमि से हमले कर सकते हैं। यह समाचार का हिस्सा इतना अस्पष्ट और असंभव था कि पिछले महीने जब यह पहली बार सामने आया तो मेरा इस पर ध्यान नहीं गया। खबर यह थी कि रूसी निकारागुआ में हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइलें तैनात करने जा रहे हैं और अमरीकियों को यूक्रेन से पीछे हटने के लिए डरा रहे हैं। या अगर वे नहीं हटते हैं तो उन सभी को मार डालेंगे।

ओल्गा स्केबेयेवा ने जनता में व्यापक रूप से लोकप्रिय रूसी टीवी चैनल पर आयोजित होने वाले नए समाचार शो 'रोसिया -1' पर कहा,''अगर अमेरिकी मिसाइल सिस्टम यूक्रेनी क्षेत्र से लगभग मास्को तक पहुंच सकते हैं, तो रूस के लिए यह समय है कि वह अमेरिकी 'शहर की एक पहाड़ी' के करीब कुछ शक्तिशाली तैनाती करे।''

अमेरिकी शहरों को उड़ाए जाने के विचार पर पैनलिस्टों के सामान्य दल ने खुशी से खुद को शाबाशी दी। एक ने कहा, 'न्यूयॉर्क शहर जैसा लक्ष्य, एक अच्छा शहर, लेकिन यह खत्म हो जाएगा। पूरी तरह से एक रॉकेट से पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। फिर उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट ने अमेरिकियों का होश ठिकाने पर ला दिया था (शर्त है कि आप नहीं जानते थे कि अमेरिका हार गया था), और कैसे निकारागुआ में रूसी मिसाइलें अमेरिकियों को पुन: होश में ला सकती हैं। इससे पहले कि वे सचमुच आहत हों, वे हार मान लेंगे।

जैसा कि रूसी टेलीविजन दर्शकों की एक बड़ी जमात शो देखती है, यही खबर आम रूसियों को मिल रही है। लेकिन अगर ये लोग वास्तव में रूसी अभिजात वर्ग के उन विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो संभव और अनिवार्य हैं, तो हम सभी मुश्किल में हैं। परमाणु युद्ध आसन्न है। मुझे वास्तव में नहीं लगता कि परमाणु युद्ध आसन्न है, लेकिन इस समय रूस में इसके बारे में बहुत सारी सस्ती बातें चल रही हैं। तो आइए पश्चिम में आशावादी धारणा की जांच करें कि रूसी सैन्य व राजनयिक पदानुक्रम में कुछ लोग - उम्मीद है कि काफी वरिष्ठ लोग - टेलीविजन पंडितों की तुलना में वास्तविकता की बेहतर समझ रखते हैं।

क्या वास्तव में ऐसे रूसी जनरल और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हैं जो सोचते हैं कि ''अमेरिकी मिसाइल सिस्टम यूक्रेनी क्षेत्र से मास्को तक लगभग पहुंच सकते हैं? '' अगर आपका मतलब अमेरिकी परमाणु मिसाइलों से है, तो बिल्कुल नहीं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन को गैर-परमाणु युद्धक्षेत्र मिसाइलें दी हैं, लेकिन उसने जानबूझकर गोला-बारूद को उन प्रकारों तक सीमित कर दिया है जो रूस में किसी भी महत्वपूर्ण दूरी तक नहीं पहुंच सकते हैं। यूक्रेन में कोई अमेरिकी सैनिक नहीं हैं, और यूक्रेनी हाथों में कोई परमाणु हथियार नहीं हैं।

अमेरिकी परमाणु मिसाइलों को रूस के 'करीब' ले जाने के बारे में काम पूरी तरह से बेकार है: वे जहां अभी हैं, वहां से भी उतने ही घातक हैं। रूसी जनरल और राजनयिक मूर्ख नहीं हैं : वे जानते हैं कि अमेरिकी परमाणु हथियार प्रणाली 1960 के दशक से अमेरिकी मातृभूमि या दुनिया के किसी भी महासागर से रूस तक पहुंचने में सक्षम है। खैर, फिर, निकारागुआ में रूसी परमाणु मिसाइलों को संयुक्त राज्य अमेरिका के करीब रखने से रूस को कोई फायदा कैसे होगा? यह नहीं होगा, हालांकि यह शायद अमेरिकी सरकार को बड़े पैमाने पर जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए उकसाएगा। 1962 में क्यूबा में रूसी परमाणु मिसाइलों की तरह, जानते हैं न?

1962 के क्यूबा और आज के निकारागुआ के बीच का अंतर यह है कि 1962 में 'करीब' का अभी भी कुछ मतलब था, जब संयुक्त राज्य अमेरिका के पास पहले से ही अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें थीं जो पुराने सोवियत संघ तक पहुंच सकती थीं, लेकिन रूस के पास लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल नहीं थी जो अभी भी किसी अमरीकी शहर को चोट पहुंचा सके।

रूसियों ने कुछ छोटी दूरी की परमाणु मिसाइलों को क्यूबा में घुसा भी दिया था, लेकिन अमरीकियों ने उन्हें देखा, नाकाबंदी लगाई, और क्यूबा पर आक्रमण करने की धमकी दी। मास्को ने अपनी मिसाइलें वापस खींच लीं, बावजूद इसके कि हर कोई बाद में नाराज रहा।

वर्तमान में, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के पास पर्याप्त हथियार हैं कि वे एक-दूसरे पर अपनी मातृभूमि से हमले कर सकते हैं। भौगोलिक रूप से अब 'करीबी' रणनीतिक या सैनिक रूप से कोई लाभ नहीं देती है। इसके अलावा, निकारागुआ ने यह नहीं कहा है कि वह रूसी परमाणु हथियारों, या वास्तव में किसी भी प्रकार के रूसी हथियारों की मेजबानी करेगा।

निकारागुआ के राष्ट्रपति डैनियल ओर्टेगा ने पिछले महीने एक आदेश जारी किया था जिसमें रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका या अन्य मध्य अमेरिकी देशों से कम संख्या में सैनिकों को प्रशिक्षण, कानून प्रवर्तन या आपातकालीन प्रतिक्रिया के उद्देश्यों के लिए अल्पकाल के लिए अपने देश में तैनात करने के लिए अधिकृत किया था। ओर्टेगा 1980 के दशक में मार्क्सवादी थे। निकारागुआ क्रांति की जीत के बाद, उन्हें सोवियत सहायता मिली, और अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने उन्हें सत्ता से उतारने के असफल प्रयास में गुरिल्ला / आतंकवादी आंदोलन को वित्तपोषित किया, लेकिन वो बहुत पहले की बात थी। अब, ओर्टेगा पुतिन जैसे एक और तानाशाह हैं। वह चुनावों में धांधली करते हैं, विपक्ष को जेल में डालते हैं, और राज्य के बजट को अपनी निजी आय मानते हैं। निकारागुआ टूट गया है, इसलिए ओर्टेगा रूसी पैसे लेने में खुश हैं, लेकिन वह शायद इतने मूर्ख नहीं हैं कि रूसियों को मिसाइलें लाने दें।

रूस की बहुप्रचारित हाइपरसोनिक मिसाइलें वैसे भी अप्रासंगिक हैं, क्योंकि 'हाइपरसोनिक' मिसाइलें तभी उपयोगी होती हैं, जब किसी देश के पास मिसाइल-रोधक अच्छी सुरक्षा हो। वास्तव में, किसी के पास अच्छी मिसाइल सुरक्षा नहीं है, इसलिए, वे रणनीतिक रूप से बहुत कम अंतर करते हैं। कुछ टर्मिनल मार्गदर्शन के साथ आम मिसाइलें ठीक काम करती हैं।

इसीलिए, यहां पर तर्कसंगत निष्कर्ष यह निकलता है कि यह सब अज्ञानी रूसी टीवी पंडितों द्वारा किया गया प्रचार मात्र है, बल्कि एक चेतावनी है। मैंने भविष्यवाणी की थी कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण नहीं करेगा क्योंकि ऐसा करना पूरी तरह से मूर्खता होगी। मैं अभी भी मान रहा हूं कि रूसी नेता तार्किक हैं, लेकिन अब मुझे कुछ संदेह है।

## आप की बात

### सामाजिक नियंत्रण जरूरी

**लगता** है विवादों का दूसरा नाम ही भारत है । विकासशील भारत में तरक्की व प्रगति के तराने कम विवादों का शोर उसकी नियति बनता जा रहा है। एक झंझट से निकलो तो दूसरा झंझट सामने आ जाता है। अभी नूपुर शर्मा तथा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का विवाद थमा नहीं कि अब फिल्मकार लीना मणि मेकलाई की फिल्म काली के पोस्टर पर विवाद पैदा होना स्वाभाविक है। ऊपर से तृणमूल की सांसद महुआ मोइत्रा ने टिप्पणी कर आग में घी डाल दिया है। आखिर कब तक हिंदू देवी-देवताओं को लक्ष्य कर इस प्रकार की उटपटांग हरकतें की जाएगी। क्या यह कोई सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं है जो हिंदू भावनाओं को आहत करने तथा देश की एकता, अखंडता व सौहार्द को विखंडित करना चाहते है। चाहे जो भी हो, सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसी हीन, कुत्सित हरकत करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। अब तो ऐसी तुच्छ हरकतों से बाज आओ। क्यों पब्लिसिटी के लिए पैरों को कुल्हाड़ी पर रख, देश में आग लगा रहे हो। ऐसे घृणित प्रयासों पर बिना किसी आक्रामकता के सामाजिक स्तर पर लगाम लगाने के प्रयास जरूरी हैं।

–**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**भारत** सरकार ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की घोषणा की है। टूथ ब्रश से लेकर डेबिट कार्ड तक प्लास्टिक इतना सर्वव्यापी हो गया है कि विश्व के अधिकांश भागों की तरह भारत भी प्लास्टिक अपशिष्ट की बढ़ती मात्रा से जूझ रहा है। ऑनलाइन रिटेलर फूड डिलीवरी एप की लोकप्रियता प्लास्टिक अपशिष्ट की वृद्धि में योगदान दे रही है और प्लास्टिक पैकेजिंग के अत्यधिक उपयोग के लिए ई-कॉमर्स कंपनियां भी निंदा का शिकार हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में प्रकाशित किया था कि 90 फीसदी बोतलबंद जल में माइक्रोप्लास्टिक उपस्थित थे जोकि अत्यंत चिंता की बात है। इसके लिए हमें उपाय करने होंगे जैसे कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया बंद करना होगा। इसके साथ-साथ वैश्विक पर्यटन प्लास्टिक पहल भी बहुत काम आएगी जिसका उद्देश्य आने वाले सालों तक कार्यवाही योग्य प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला के जरिए पर्यटन क्षेत्र से प्लास्टिक प्रदूषण घटाना है। यह पहल सौ प्रतिशत प्लास्टिक पैकेजिंग को पुनः प्रयोग पुनःचक्रण योग्य खाद बनाने को भी शामिल करेगी।

–**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### योगी जी की पहल

**वन** महोत्सव का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि हम अपनी दिनों-दिन कम होती वन संपदा को बढ़ाने के लिए वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, वृक्षों को काटें नहीं। परंतु आज वृक्षारोपण भी लोकप्रियता पाने का साधन बनता जा रहा है। राजनैतिक दल, सामाजिक संस्थाएं हजारों लाखों की संख्या में वन महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण करते है, फोटो खिंचवाते हैं, समाचार पत्रों में छपवाते हैं और वन महोत्सव कार्यक्रम की इतिश्री हो जाती है। उसके बाद कोई भी उन रोपे गए पौधों की सुध लेने नहीं आता। एक पौधे को लगाना बिल्कुल वैसा ही है जैसे कि किसी बच्चे को गोद लेना। हाल ही में यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी ने इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है, जिसके तहत वन महोत्सव के दौरान रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। अन्य लोगों को भी योगी जी से सीख लेनी होगी कि यदि हम कोई पौधा रोपते हैं तो उसकी, अपनी संतान की तरह देखभाल करें।

–**राजेंद्र कुमार शर्मा**, रेवाड़ी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**नैनो** व परंपरागत यूरिया का स्वदेशी उत्पादन आयातों का पूरा स्थान ले लेगा।

– **मनसुख मंडाविया**
केन्द्रीय उर्वरक मंत्री



**सारे** स्कैंडलों व विफलताओं के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट है कि सरकार गिरने जा रही है।

– **कीर स्टैमर**
ब्रिटेन के विपक्षी नेता



**भाजपा** चाहे जो करे, पर आप उसे लोकतंत्र को तोड़ने नहीं देगी।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र के वाराणसी आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

# द्रौपदी मुर्मू आज लखनऊ में, मांगेंगी सहयोग

## भाजपा की नजर राजाभैया, राजभर की पार्टी पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपति** चुनाव में राजग की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेंगी और राष्ट्रपति चुनाव के लिए सहयोग मांगेंगी। इधर इस चुनाव को भगवा खेमे की निगाहें सहयोगियों के अलावा गैर भाजपाई वोटों पर हैं। पार्टी की रणनीति यूपी कोटे के वोटों में सपा को अलग छोड़ने की है। ऐसे में विपक्ष खासतौर से सपा के सामने एनडीए के खिलाफ एकजुटता बरकरार रखने की है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू यूपी में चुनावी समर्थन जुटाने शुक्रवार को लखनऊ आएंगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि वे दोपहर तीन बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व



ब्रजेश पाठक, अपना दल एस के नेता आशीष पटेल व निषाद पार्टी के नेता डा संजय निषाद सहित अन्य वरिष्ठ नेता उनकी अगवानी करेंगे। एयरपोर्ट पर मुर्मू के जोरदार स्वागत की तैयारियां की गई हैं। शाम छह बजे से वे लोकभवन में विधायक-सांसदों से मिलकर समर्थन मांगेंगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल के अलावा भाजपा और सहयोगी दलों निषाद पार्टी व अपना दल ;एसद्ध के सांसद.विधायक भी शामिल हैं। उनके रात्रिभोज की व्यवस्था मुख्यमंत्री आवास में की गई है। उनके स्वागत में एयरपोर्ट से लेकर पूरे शहर को होर्डिंगों से पाट दिया गया है। वहीं भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक भी हुई। दरअसल में राष्ट्रपति चुनाव में एक विधायक के वोट का मूल्य 208 मत और सांसद के वोट का मूल्य 700 मत है। विधानसभा में एनडीए के पास 273 विधायक हैं। वहीं राज्यसभा की 11 सीटों के लिए हुए चुनाव में आठ सीट जीतकर पार्टी ने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाए जाने से बीजेपी ने दलितों-पिछड़ों और महिला उत्थान के नाम पर राजनीति करने वाले सभी दलों को असहज कर दिया है। यही कारण है कि बसपा सुप्रीमो मायावती पहले उन्हें समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं। अब भाजपा की नजर सुभासपा, जनसत्तादल लोकतांत्रिक के विधायकों पर भी है। शुक्रवार को ही बीजेपी प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी के आगामी अभियानों व कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। बैठक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से पार्टी कार्यालय पर होगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी सम्मिलित रहेगें। प्रदेश महामंत्री अश्वनी त्यागी ने बताया कि भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सुबह 10 बजे प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, आगामी अभियानों व कार्यक्रमों को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ तक की प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप देंगे।

## खेलो इंडिया की पांच योजनाएं पूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में युवाओ के समग्र विकास के लिए वातावरण बनाने में योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से कई सफल व दूरगामी कदम उठाए गए हैं। इनमें खेल और शारीरिक सौष्ठव को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाओं को सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में पूरा किया गया है। युवाओं के जीवन व भविष्य में खेलों के महत्व को रेखांकित करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली प्रख्यापित की गई है। मेरठ में आकार ले रही मेजर ध्यानचंद खेल विवि के लिए कुलपति, कुलसचिव और वित्त अधिकारी के पद स्वीकृत कर दिये गए हैं। इससे इस महत्वाकांक्षी योजना के काम में तेजी आई है। मेरठ में सिंथेटिक हॉकी फील्ड, सहारनपुर एवं वाराणसी में सिन्थेटिक रनिंग ट्रैक तथा गोरखपुर में जंगल कोडिया विकास खंड में स्टेडियम का निर्माण किया गया है। साथ ही प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेज और छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। प्रदेश में 132 खेल मैदानों और 100 जिम की स्थापना की गई है। अखिल भारतीय खेलो इंडिया मिशन के अंतर्गत पाँच परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं। युवा कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए 1000 मंगल दलों का गठन किया गया है। प्रांतीय रक्षा दल के अंतर्गत 20000 जवानों को प्रत्येक माह ड्यूटी दी जा रही है और राष्ट्रीय रक्षा विवि, गांधीनगर, गुजरात, द्वारा इन पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## किन्नर वृद्धों को मिल रही निःशुल्क आवासीय सुविधा

**लखनऊ।** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्ध आश्रमों का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने बताया कि पिछले 100 दिनों में समस्त 75 जनपदों के वृद्ध आश्रमों में किन्नर वृद्धों को भी निःशुल्क आवासीय सुविधा अनुमन्य की गई है। उन्होंने बताया कि सभी जनपदों में वृद्ध आश्रमों में 150 वृद्धों के निवास हेतु निःशुल्क आवासीयए भोजन एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है।

## ऊर्जा मंत्री ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

# त्योहारों को देखते हुए क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, जर्जर तार ठीक किए जाएं



- 25 से 31 जुलाई तक बिजली महोत्सव, ऊर्जा दिवस के आयोजन की तैयारियां की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी डिस्कॉम के एमडी को निर्देशित किया है कि आने वाले दिनों में त्योहारों के दृष्टिगत गांव व शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न होए इसके लिए अभी से जरूरी तैयारी कर ली जाए। साथ ही जहां कहीं पर भी क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, जर्जर तार एवं पोल व लटकते तारों की स्थिति अभी भी बनी हुई हो उसे शीघ्र ही ठीक कर लिया जाए जिससे बकरीद, नागपंचमी, रक्षाबंधन व गणतंत्र दिवस आदि त्यौहार के दौरान लोगों को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग, विद्युत आपूर्ति बाधित जैसी परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि 14 जुलाई से श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा शुरू होगी। इस दौरान कांवड़ यात्रा करने वालों को रास्ते में किसी भी प्रकार की परेशानी ना होए इसके लिए कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लटकते तारों व जर्जर पोल को शीघ्र ठीक किया जाएए जिससे कोई दुर्घटना न होने पाए। ऊर्जा मंत्री शक्ति भवन में एकमुश्त समाधान योजना, बिजली आपूर्ति, बिजली व्यवस्था एवं राजस्व वसूली को लेकर सभी डिस्कॉम के एमडी एवं पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी एमडी यह सुनिश्चित कर लें कि एकमुश्त समाधान योजना को 15 जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने ओटीएस योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के लिए अब मात्र 8 दिन शेष बचे हैं। इसके लिए उन्होंने 5 हजार प्रतिदिन प्रति सर्कल का लक्ष्य निर्धारित किया और कहा कि सर्कल स्तर पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने सर्कल स्तर के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निचले स्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ओटीएस योजना में गति लाने व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मैन पावर बढ़ाने तथा ट्रांसफर अधिकारियों की नई तैनाती स्थल पर शीघ्र ज्वाईन कराने के भी निर्देश दिए। योजना की सूचना लोगों को देने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करने के साथ अन्य प्रचार सामग्री का भी प्रयोग किया जाए। लोगों को अभी योजना के बारे में जानकारी नहीं है। मेरे पास इसके फरियादी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए सोशल मीडिया पर जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी केंद्रों की जानकारी भी दी जाए जिससे कि उन्हें आसानी से योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने संत कबीर नगर के बिजली अधिकारियों को अपने कार्यप्रणाली में सुधार करने की चेतावनी दी और कहा कि जो भी अधिकारी ओटीएस के निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं करेगा उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ता हित में शनिवार एवं रविवार को भी कार्य करने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं को चिन्हित कर सूची बना लें।

## 100 दिनों में कई सिंचाई योजनाएं पूरी हुईं

**लखनऊ।** उप्र में किसानों के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। इसके फलस्वरूप, प्रदेश में कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल 188.40 लाख हेक्टेयर में कुल सिंचित क्षेत्रफल 143.32 लाख हेक्टेयर पहुँच गया है। सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न जनपदों में 591 करोड़ की 62 परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। झांसीके बबीना ब्लॉक के 15 ग्रामों में 247 करोड़ की सिंचाई परियोजना पूर्ण हुई व 4400 हेक्टेयर सिंचन क्षमता से लगभग 5240 किसान लाभान्वित हुए हैं। 150 करोड़ की लागत से कानपुर देहात की उमरहट पंप नहर परियोजना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इससे 19.630 हेक्टेयर सिंचन क्षमता का सृजन हुआ है और लगभग 2 लाख कृषक लाभान्वित हुए हैं। गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या और देवीपाटन मंडलों के 135 नलकूपों तथा कानपुर, झांसी और बांदा मंडलों के 104 नलकूपों का आधुनिकीकरण किया गया है।

# देश को खामोश रहने वाला राष्ट्रपति नहीं चाहिए

## यशवंत सिन्हा ने सपा व रालोद के विधायकों से मिलकर मांगा समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रपति** पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा बृहस्पतिवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने सपा मुख्यालय में सपा और रालोद के विधायकों से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी मौजूद रहे लेकिन सपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और उनकी पार्टी के विधायक इस बैठक में शामिल नहीं हुए। राजभर का कहना है कि उन्हें इस बैठक में बुलाया नहीं गया था।

उन्होंने इसे लेकर नाराजगी भी जतायी है। वर्तमान हालात को देखते हुए यह माना जा रहा है कि ओपी राजभर बगावती तेवर दिखा सकते हैं। सपा मुख्यालय में यशवंत सिन्हा के आगमन पर एक साझा प्रेस कांफ्रेंस का भी आयोजन किया गया। इस दौरान यशवंत सिन्हा ने अपना एजेंडा साफ किया कि उन्हें मतदाता वोट क्यों करें। उन्होंने राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से खुद को असंतुष्ट बताया। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मेरा जिन दो चीजों को लेकर विरोध है उनमें एक तो कार्य करने की शैली और दूसरा उनकी नीतियां। उन्होंने कहा कि नोटबंदी इस सदी का सबसे बड़ा घोटाला है। सिन्हा ने कहा कि इस बार का राष्ट्रपति चुनाव असाधारण किस्म का है। वह इसलिए क्योंकि देश में जो हालात हैं उससे समाज कई हिस्सों में बंट गया है। बड़ी घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप हो जाते हैं। देश में अशांत और असाधारण स्थिति है। संविधान के मूल्य खत्म किए जा रहे हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो एक दिन संविधान अर्थहीन हो जाएगा। संविधान का कोई महत्व नहीं रहा। कहीं भी किसी भी फोरम पर जा सकते हैं। ऐसा लगता है कि आज कहीं पर भी इंसाफ नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि मैं पूरी जिम्मेदारी से यह कह सकता हूं कि अनुच्छेद 370 का मामला 2019 में सुप्रीम कोर्ट में आया है, उसकी सुनवाई कब होगी, यह पता नहीं है। सीएए का कानून आया। उसके खिलाफ भी लोग कोर्ट में गए। उसकी कब सुनवाई होगी, इसका भी कुछ पता नहीं हैं। बहुत सारे मामलों में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर लेता है। बहुत से मामलों में अप्रत्याशित विलंब होता है। तो समाज को इंसाफ कैसे मिलेगा? ऐसा लगता है कि हुकूमत में बैठे लोग चाहते हैं कि समाज बंटे।

वोट की राजनीति हम लोग कहां तक ले जाना चाहते हैं। किस हद तक ले जाना चाहते हैं? सिन्हा ने कहा कि जो भी राष्ट्रपति बनेगा उसे संविधान मानना पड़ेगा। उसके अनुकूल काम करना पड़ेगा। उस पद की गरिमा के अनुकूल काम करना होगा। अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा तो संविधान के प्रति जवाबदेह रहूंगा। इसका यह मतलब नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री के साथ चलेंगे। हां, प्रधानमंत्री के साथ बैठकर रास्ता निकाला जा सकता है।

# मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक व ट्रांसपोर्ट हब के लिए 1143 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपेक्स** मानीटरिंग अथारिटी फार नेशनल इंडस्ट्रियल कारिडोर डेवलपमेंट इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट की पहली बैठक में यूपी की तरफ से औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने की। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही 6 राज्यों के मुख्यमंत्री और 7 राज्यों के उद्योग मंत्रीगण प्रत्यक्ष व वर्चुअल शामिल हुए। बैठक के दौरान ही उत्तर प्रदेश में बढ़ रही औद्योगिक संभावनाओं, तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और विकास परियोजनाओं को लेकर वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफ की। बैठक में देश में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स की प्रगति, रुकावटों व समस्याओं के समाधान पर व्यापक विमर्श हुआ। इससे सम्बन्धित अत्यंत महत्वपूर्ण सुझाव आए। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिभाग करते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि नोएडा में इंडस्ट्रियल टाउनशिप का कार्य तेजी से चल रहा है। छह कम्पनियों को भूमि का आवंटन किया जा चुका है। साथ ही साथ हमारे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब दादरी नोएडा में ही आ रहा है। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए नोएडा व दादरी में 1143 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। अगले महीने 205 एकड़ और भूमि पर अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

# जनहित में हो वक्फ सम्पत्तियों का उपयोग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा के मुख्य भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम लिमिटेड लखनऊ के निदेशक मण्डल की 56 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री ने वक्फसंपत्तियों के संरक्षण एवं उपयोगी बनाये जाने के निर्देश दिए और कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि वक्फ संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और वक्फ संपत्तियों को बेहतर तरीके से उपयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार्य नहीं की जायेगी। परियोजना में मितव्यिता का भी ध्यान रखा जाए और धन का अपव्यय किसी भी दशा में न होने पाये। कार्यों को ससमय विधिवत पूरा किया जाए। वक्फ संपत्तियों का उपयोग जनहित में किया जाना आवश्यक है। बैठक में मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय कार्यदायी संस्था के रूप में निगम को आवंटित विभिन्न परियोजनाओं की कुल निर्माण लागत 15898.35 लाख के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि 5425.184 लाख का उपभोग कर लिये जाने के उपरान्त शेष धनराशि को यथाशीघ्र निर्गत किये जाने के निर्देश दिए गये।

# यूपी में बीते 6 माह में एंटी थेप्ट थानों पर दर्ज हुए 119548 मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** चोरी के रोक थाम के लिए शक्ति भवन में एसएन साबत पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) तथा एम देवराज अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन ने संयुक्त रूप से इकाई के 75 एण्टी पावर थेफ्ट के थाना प्रभारी, समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक/प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक, समस्त अपर पुलिस अधीक्षक (डिस्कॉम)/ अपर पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) ने बैठक की। पहली जनवरी से तीस जून तक कुल 119548 अभियोग एपीटी थानों पर पंजीकृत किये गये तथा कुल 50866 अभियोगों का निस्तारण भी किया गया एवं पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित प्रकरणों में एण्टी पावर थेफ्ट थानों द्वारा 73.90 करोड़ रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई।

एसएन साबत ने अपने में सभी को विद्युत चोरी रोकथाम एवं हाई लाइन लास वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही करने व निगम को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के लिए कहा। एम देवराज ने कहा कि भविष्य में विद्युत चोरी रोकथाम एवं हाई लाइन लास पर प्रभावी व गुणवत्ता परक कार्यवाही करने के लिए एवं निगम को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्ति कराने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए। इस कार्यवाही से जहॉ एक ओर विद्युत चोरी की घटनाओं पर अंकुष लगेगा वहीं दूसरी ओर कानून प्रिय जनता को सम्यक् ढंग से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। प्रत्येक माह में जनपद के अधीक्षण अभियन्ताओं के साथ पुलिस की गोश्ठी नियमित रुप से कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में पावर कारपोरेशन (सतर्कता) पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कैप्टन एमएम बेग , पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्रीप्रकाश द्विवेदी व पावर कारपोरेषन के निदेशक (कामर्शियल) एके श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे। सभी अपर पुलिस अधीक्षक (डिस्कॉम) द्वारा सम्बन्धित डिस्कॉम में कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया।

## 13 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

# दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी देगा यूपी

- 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पित करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे नेटवर्क की आधारशिला रखी है। आने वाले समय में दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी प्रदेश में होगी। प्रदेश 13 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य बना है। 32 सौ किमी के कुल 13 एक्सप्रेसवे में से सात पर काम चल रहा है जबकि छह एक्सप्रेस वे संचालित हैं। 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पित करेंगे। इसके माध्यम से बुंदेलखंड दिल्ली से सीधे जुड़ेगा। सीएम योगी ने पिछले पांच वर्षों में प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में आमूलचूल परिवर्तन किया है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन होते हैं और सड़कें तरक्की का आईना होती हैं। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सड़कों के कायाकल्प को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया है। गांव की गलियों से लेकर, ब्लॉक मुख्यालय, जिला मुख्यालय, दूसरे राज्यों और दूसरे देशों को जोड़ने वाले सड़कों का संजाल निर्मित किया गया है। 70 साल में केवल डेढ़ एक्सप्रेस वे बने थे। एनसीआर और पश्चिमी यूपी के लोगों की दशकों पुरानी मांग को डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे इसका उदाहरण है। साथ ही 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है। यह एक्सप्रेसव वे न केवल पूरब और पश्चिम की दूरी को कम करेगा, बल्कि दिलों को भी जोड़ने का कार्य करेगा।

इसके अलावा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे, गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट एक्सप्रेस वे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है इसका लाभ सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा। हाईवेज और एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक गलियारे भी बनाए जा रहे हैं। ये गलियारे तीव्र संतुलित और समावेशी विकास के साथ.साथ रोजगार की अपार संभावनाओं को गति देंगे। इसके लिए जमीनें चिह्नित की गई हैं। आपातकाल में वायु सेना के विमानों की लैंडिंग और टेक ऑफ के लिए हवाई पट्टियां भी बनाई जा रही हैं।



## पिछड़ेपन के दाग से बुंदेलखंड होगा मुक्त

**दशकों** से पिछड़ा बुंदेलखंड अब सीधे दिल्ली से जुड़ने वाला है। डीएनडी फ्लाईवे नौ किमी, नोएड-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे 24 किमी, यमुना एक्सप्रेस वे 165 किमी, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे 135 किमी और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे 296 किमी कुल 630 किमी की यात्रा दिल्ली से चित्रकूट तक निर्बाध गति से की जा सकेगी। बुंदलेखंड एक्सप्रेस वे लोगों को दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी जोड़ेगा। इससे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा आदि जिलों के लोग लाभान्वित होंगे। बुंदेलखंड के सीधा दिल्ली से जुड़ने का लाभ लोगों को मिलेगा और पिछड़ेपन के दाग से बुंदेलखंड मुक्त हो सकेगा।

सरयू नदी में नाव से गिर गया शख्स, मचा हड़कंप और फिर

# सरयू नदी में नाव से गिर गया शख्स, हड़कंप और फिर...

- डूब रहे शख्स को बचाने के लिए नदी में ग्रामीण ने लगा दी छलांग
- नदी में डूब रहे शख्स को बाहर निकाला, अस्पताल ले जाया गया



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** बाढ़ प्रभावित रामपुर मथुरा इलाके में अटौरा अंगरौरा के पास गुरुवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब नाव पर सवार एक ग्रामीण अचानक सरयू नदी में गिर गया। सरयू नदी की तेज धारा में जब ग्रामीण डूबने लगा तो मदद की गुहार लगाई। नदी में ग्रामीण को डूबते देख किनारे पर खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कोई कुछ समझ पाता कि इसी बीच नाव पर सवार एक अन्य ग्रामीण ने नदी में छलांग लगा दी। साहस दिखाते हुए उस शख्स ने डूब रहे व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला, मगर तब तक वह बेसुध हो चुका था। आनन फानन में उसे बाढ़ इलाके में बनाए गए अस्थाई अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने त्वरित उपचार शुरू कर दिया। कुछ देर बाद ग्रामीण पूरी तरह से स्वस्थ हो गया लिहाजा उसे घर भेज दिया गया। दरअसल, यह घटनाक्रम बाढ़ के दौरान अचानक हादसा होने पर ग्रामीणों को किस तरह से संयम, समझदारी और साहस का परिचय देना चाहिए यह बताने के लिए मॉकड्रिल के तहत अंजाम दिया गया था। यह मॉकड्रिल उप जिलाधिकारी महमूदाबाद दिव्या ओझा के नेतृत्व में की गई। इस मौके पर तहसीलदार मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सिधौली राखी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर पंकज कुमार राठौर, राजस्व निरीक्षक रमाकांत अवस्थी, रिकॉर्ड ऑपरेशन निरीक्षक रविंद्र वर्मा, लेखपाल नरेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुशील वर्मा, डॉ मनोज सिंह, थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, प्रधान मोहन निषाद, विनोद तिवारी आदि मौजूद थे।

अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में हुआ कार्निवाल 2022 का आयोजन....

# अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल!

संवाददाता। सीतापुर

**सेंट्रल बोर्ड** ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल के द्वारा कार्निवाल 2022 का शानदार आयोजन हुआ जिसमें संस्था के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में आयोजित कार्निवल 2022 कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर व विशिष्ट अतिथि लहरपुर क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्रपुरी ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। संस्थान के बच्चों द्वारा विभिन्न खेलों के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में लाइव बैंड की प्रस्तुति को नागरिक अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ हर्ष पुरी, निशीथ गोयल, अदिति टंडन, पत्रकार पंकज शुक्ला, अरुण सिंह आचार्य, अभिनव त्रिवेदी, आकाश सिंह, जगतपाल वर्मा, देश प्रीत सिंह, ओमकार वर्मा, हाशिम अंसारी सहित विद्यालय के शिक्षकगण व अभिभावक मौजूद रहे।



# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गैंग के महिला सहित चार गिरफ्तार

**बरेली** । फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने वाले जन सेवा केंद्र पर छापा मारकर महिला सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल लैपटॉप बायोमैट्रिक डिवाइस बरामद हुई है। यह फर्जी जन सेवा केंद्र थाना बारादरी थाना क्षेत्र के इलाके में चल रहा था।आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का प्रतिरूपण करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह फर्जी जन सेवा केंद्र बारादरी थाना क्षेत्र के एजाज नगर गोटिया में चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आजाद नगर गोटिया में एक फर्जी जन सेवा केंद्र चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है इस फर्जी जन सेवा केंद्र से 4 लैपटॉप , 4 एंड्रॉयड फोन, दो बायोमैट्रिक डिवाइस दो मशीनें क्रेडिट कार्ड बरामद हुए है। जन सेवा केंद्र से महिला सहित 4 लोगो गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है जिनके नाम मोहम्मद कामरान पुत्र अबरार हुसैन निवासी म 0 नं 0 12 शास्त्री नगर थाना प्रेमनगर बरेली ।2. जीशान पुत्र अल्ला बक्श निवासी 142 एजाजनगर गौटिया थाना बारादरी बरेली ।3. फैजान खान पुत्र नवाब खान निवासी मो व दौर अली खां थाना अफजलगढ बिजनौर हाल मुकाम किराये का मकान तालिब मो 0 सुनार वाली गली मो 0 कांकरटोला थाना बारादरी बरेली ।4. सना खान पुत्री आसिफ्यार खान निवासी 29६८ रोहलीटोला थाना बारादरी बरेली हैं। इसमें चारों आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी में धारा 420 467 468 471 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।



# सीतापुर पुलिस अभिरक्षा में जुबेर, 7 दिन तक रिमाड पर



संवाददाता। सीतापुर

**अल्ट न्यूज़** के सह सम्पादक मोहम्मद जुबेर को दोबारा सीतापुर लाए गए पेशी पर जिसको यही जेल में रखा गया है, इससे पहले 4 जुलाई को सीतापुर में जुबेर की पेशी हुई थी, खैराबाद थाने में दर्ज है अल्ट न्यूज के सहसंपादक जुबेर के खिलाफ मुकदमा, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट कर ट्वीट पर की थी टिप्पणी, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष सीतापुर के द्वारा दर्ज कराया गया था खैराबाद में मुकदमा, दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने रखा अपना पक्ष, पेशी के दौरान राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष, महासचिव व अन्य कार्यकर्ताओ ने सड़क पर की जमकर नारेबाजी, जुबेर के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे, अल्ट न्यूज के सहसंपादक जुबेर को लिया गया पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर, जुबेर को 7 दिन की पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर गया है लिया, जुबेर को सीतापुर जिला कारागार में बंद कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया सिधौली तहसील का निरीक्षण

संवाददाता। सिधौली सीतापुर



**जिलाधिकारी अनुज** सिंह में तहसील सिधौली का औचक निरीक्षण किया इस दौरान न्यायालय का निरीक्षण किया तहसील में मौजूद जिम्मेदारों में हड़कम्प मच गया लंम्बित विवादों को लेकर तहसीलदार नायाब तहसीलदार को जमकर फटकारा बताते है तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालय के काफी शिकायतें जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची थी डीएम सीधे तहसीलदार न्यायालय पहुंचे। तहसीलदार न्यायालय में जिलाधिकारी अनु सिंह काफी देर तक कागजों को उलट ते पलटते रहे तब तक मातहतों की सांसे गले में अटकी रही उन्होंने तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह तथा नायब तहसीलदार सुरभि गौतम को लापरवाही को लेकर सख्त निर्देश दिए उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को जमकर फटकार भी लगाई। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में कई विवाद काफी समय से लंबित थे जिसको लेकर उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को जमकर फटकार लगाई है तथा जल्द निस्तारित करने की बात कही है उन्होंने सभी अधिकारियों को 45 दिन के अंदर बाद को निस्तारित करने के निर्देश दिए निरीक्षण करके तहसीलदार न्यायालय से बाहर आए तभी नायब तहसीलदार तथा तहसील प्रशासन से नाराज अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी अनुज सिंह को घेर लिया अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में पीने के पानी के लिए एक रेफ्रिजरेटर लगा है उसमें भी करंट आता है शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाया अधिवक्ताओं का कहना है नायब तहसीलदार के कार्यालय में कई बाद काफी दिनों से लंबित है नहीं हो रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया अधिवक्ताओं से अपना पीछा छुड़ा भी नहीं पाए थे कि इसी दौरान पुलिस प्रताड़ित हुई एक महिला जिलाधिकारी सीतापुर के पैरों में गिर पड़ी महिला का दर्द उसके आंसुओं के रूप में जिलाधिकारी सीतापुर के सामने बाहर आ रहा था महिला का कहना है कि महिला कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरौरा कला को रहने वाली है। महिला को ग्राम प्रधान ने प्रताड़ित किया पीटा उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश भी की तथा जातिसूचक गालियां दे महिलाएं न्याय की गुहार लगाने कमलापुर थाने पहुंची लेकिन कमलापुर के थाना प्रभारी ने उल्टा उसे ही डांट कर भगा दिया जब महिला की बात थाना अध्यक्ष ने नहीं सुनी तो महिला ने न्याय की गुहार सीतापुर के पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान से लगाई पुलिस अधिकारी को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया कार्रवाई करने का आश्वासन दिया पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आज आंखों में आंसू लेकर सीतापुर के जिला अधिकारी अनुज सिंह के पैरों में गिर पड़ी और अपना दर्द बयां किया जिसपर डी एम ने तहसीलदार आर पी सिंह.को महिला के साथ भेजकर तत्काल जमीनी विवाद निपटाने के लिए.कहा तथा महिला को प्रताणित करने वालो पर कार्यवाही के लिये कमला पुर पुलिस को निर्देशित किया।

## क्विक न्यूज

### कावड़ यात्रा और मंदिरों पर पार्किंग को लेकर गोष्ठी

**बरेली**। बरेली में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ - साथ शहर के व्यापार मण्डल के पदाधिकारीयों के साथ गोष्ठी का आयोजन हुआ । जिसमे कावड़ यात्रियों के साथ - साथ यातायात व्यवस्था बनाये रखने पर विचारविमर्श हुआ । जिसमे मुख्यरूप से कावड़ियों के आवागमन के मार्ग को व्यवस्थित करने तथा रूकने की जगह रामगंगा तथा जीरो प्वाइंट परसा खेड़ा पर विशेष ध्यान देने के में बताया गया । अलखनाथ मंदिर के पहले तथा बाद में पार्किंग की व्यवस्था के बारे में भी निर्णय लिया गया । ताकि मंदिर के आस - पास वाहन जोन हो । गोष्ठी में व्यापार मण्डल के निम्न पदाधिकारी , अधिकारी गण विकास अग्रवाल महानगर अध्यक्ष ,संजीव गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष , रविन्द्र कुमार गुप्ता महानगर मंत्री , राजीव चौधरी ( सदस्य ) भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल , खलील कादरी - प्र 0 उद्योग व्यापार मंण्डल , अमित शर्मा महानगर , महामंत्री एवं यातायात पुलिस से टी आई मनीष कुमार शर्मा , टी आई दिनेश कुमार पाण्डेय , टी आई सुभाष कुमार सिंह उपस्तिथ रहे।

### करंट से झुलसे मजदूर की मौत

**बरेली**। लोहे का पाइप उठाते समय करंट लगने से एक मजदूर बुरी तरह झुलस गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।पीलीभीत के दयोरीया कला थाना क्षेत्र के गांव परसंडी निवासी 50 वर्षीय डबर लाल पुत्र राम भरोसे कि आज सुबह इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे झुलसी अवस्था में 26 जून को भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद घर वालों ने बताया कि डंबर लाल मजदूरी करता था और 26 जून को पास में ही टेंट हाउस चलाने वाले हजारीलाल ने उसे काम पर बुलाया था जहां से वह हजारीलाल के कहने पर टेंट के लोहे के पाइप उठाने के लिए गया था जहां पर पाइप उठाते समय अचानक लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही है बिजली की लाइन से टकरा गया जिससे डबर लाल करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर इलाज के लिए बरेली ले आए जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई मृतक के घर बालों ने घटना के लिए टेंट हाउस के मालिक हजारी लाल को जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम कांति देवी है वह 4 बच्चों का पिता था।

# विकास खण्ड की बेहजम ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार

संवाददाता। बेहजम खीरी

**विकासखंड** बेहजम में भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं जहां ग्राम पंचायतों में सरकारी नलों की मरम्मत और रिबोर के नाम लाखों रुपये का वारा न्यारा किया जाता रहा है। फिर सरकारी स्कूलों के नलों की भी मरम्मत कराना मुनासिब नहीं समझते हैं। ग्राम प्रधान जिसका जीता जागता एक उदाहरण फिर से देखने को मिला? जब कस्बे सदर बेहजम ब्लॉक कार्यालय के ठीक सामने संविलियन विद्यालय के बच्चे मिड डे मील चखने के बाद स ?क पार कर दूसरी ओर बने सामुदायिक शौचालय के हैंडपंप से अपनी प्यास बुझाने के लिए दौड़ लगाते हैं जबकि विद्यालय में 2 हैंडपंप लगे हैं और दोनों हैंडपंप खराब पड़े हैं जिनका पुरसाहाल कोई नहीं है। बच्चे पानी पीने के लिए मुख्य सड़क पार करके सार्वजनिक शौचालय के हैंडपंप पर अपने बर्तन और हाथ धोते हुए देखे गए जिसका फोटोज और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिसके बाद विद्यालय के अध्यापकों एवं स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य का कहना है कि उसने ग्राम पंचायत से कई बार इस बारे में शिकायत की है कि विद्यालय के हैंडपंप सही करवा दें? लेकिन अभी तक किसी ने इस तरफ ध्यान देना उचित नहीं समझा गया। स्कूल के बच्चे इस भीषण गर्मी और धूप में विद्यालय से बाहर पानी पीने जाना प? रहा है। सूत्रों का कहना है कि ग्राम पंचायत बेहजम में लाखों रुपए हैंड पंप की मरम्मत, रिबोर एवं अन्य खर्चे के लिए निकाल लिए गए। जब संबंधित खबर के बारे में वहां के पंचायत सचिव नीरज प्रियदर्शनी के फोन नंबर पर 8840358513 पर संपर्क किया गया तो फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा? स्थानीय लोगों ने जनहित में बच्चों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ न हो हैंडपंप बनवाने एवं संबंधित के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



# नींद की झपकी आने से बजरी भरा डम्फर पल्टा, चालक व क्लीनर जख्मी



**मैलानी-खीरी।** हादसों का कहर निरन्तर जारी है। घटना आज सुबह लगभग चार बजे की है। एक डिम्फर जोकि ओवर लोड बजरी से भरकर जोकि सितारगंज से चलकर निघासन की तरफ जा रहा था जोकि आज सुबह तडके लगभग चार बजे मैलानी से लगभग तीन किलोमीटर आगे कोरियानी गाव के सामने भीरा पलिया मार्ग पर चालक आफताफ पिता का नाम अग्यात निवासी थाना अमरिया जिला पीलीभीत को अचानक नींद की झपकी आ जाने से डम्फर का संतुलन बिगड़ जाने से डम्फर पलट गया। जिससे चालक आफताब के सिर पैर व हाथ पैर तथा शरीर मे बंद चोटें आई हैं तथा क्लीनर ग्यान प्रकाश पुत्र दरवारी निवासी जहानाबाद जिला पीलीभीत के एक हाथ मे चोट आयी है। घटना स्थल पर पहुंचे राहगीरों व ग्रामीणो की मदद से तत्काल 108 एम्बुलेंस से बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुआ भर्ती कराया गया। परन्तु चिकित्सक द्वारा हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सको ने वाहन स्वामी के कहने पर पीलीभीत रेफर कर दिया गया। वहीं क्लीनर की हालत मे सुधार है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक वाहन घटना से सम्बंधित थाने में किसी ने भी घटना की तहरीर व सूचना नहीं दी गयी थी।

## दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पुलिस द्वारा वांछित दो अभियुक्तों केशव पुत्र सुरेश व सुरेश पुत्र मिश्रीलाल निवासीगण ग्राम कोरैया तालुकेदारी थाना नीमगांव जनपद खीरी को शिवाला तिराहे से गिरफ्तार करके अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अंकित चौधरी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार व महिला कांस्टेबल मीना शामिल रहे।

# पेज एक का शेष

## उत्तराधिकारी की...

बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। पार्टी की 1922 समिति नेतृत्व प्रतिस्पर्धा के लिए समय सारिणी निर्धारित करेगी। इस दौड़ में शामिल होने के लिए किसी भी सांसद को आठ सहयोगियों द्वारा मनोनीत कराना होता है। सर्वेक्षण के अनुसार अगर वालेस चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो वह सबसे आगे रह सकते हैं। सर्वेक्षण में 13 प्रतिशत लोगों ने वालेस का नाम लिया जबकि 12 प्रतिशत लोगों ने कनिष्ठ मंत्री पेनी मोर्डौंट का समर्थन किया। पूर्व वित्त मंत्री सुनक को भी एक दावेदार के रूप में देखा जाता है और सर्वेक्षण में उन्हें 10 प्रतिशत समर्थन मिला है। अगले प्रधानमंत्री की दौड़ में इराकी मूल के मंत्री नादिम ज़हावी (55) को भी आगे माना जा रहा है। उन्होंने एक आलोचनात्मक पत्र लिख कर जॉनसन के प्राधिकार पर सवाल उठाया और उनसे पद छोड़ने की मांग की। मंत्री ने कहा कि बोरिस जॉनसन के लिए पद छोड़ने का समय आ गया है।

## चीनी विदेश...

करने और दोनों मंत्रियों के बीच उनकी पिछली बातचीत के दौरान हुई समझ की पुष्टि की। इस संबंध में दोनों मंत्रियों ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों के सैन्य और राजनयिक अधिकारियों को नियमित संपर्क बनाए रखना चाहिए और जल्द से जल्द वरिष्ठ कमांडरों की अगले दौर की बैठक होनी चाहिए। जयशंकर ने यह भी दोहराया कि भारत-चीन संबंध तीन परस्पर- आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों को देखते हुए विकसित हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर ने मार्च में दिल्ली में वांग के साथ अपनी बैठक को भी याद किया और छात्रों की वापसी सहित उस समय चर्चा किए गए कुछ प्रमुख मुद्दों की प्रगति की समीक्षा की।

## वीवो इंडिया...

बनाने के बाद वर्ष 2018 में देश छोड़ दिया था। अब इन कंपनियों के वित्तीय ब्योरों पर जांच एजेंसी की नजरें हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने यह आरोप भी लगाया है कि वीवो इंडिया के कर्मचारियों ने उसकी तलाशी अभियान के दौरान सहयोग नहीं किया और भागने एवं डिजिटल उपकरणों को छिपाने की कोशिश भी की। हालांकि एजेंसी की तलाशी टीमें इन डिजिटल सूचनाओं को हासिल करने में सफल रहीं

## जुबैर की...

के लिए अपनी भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने पीठ से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्राथमिकी पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि कोई अपराध नहीं हुआ है, लेकिन उनकी जान को खतरा है क्योंकि वहां के लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं। हिंदू शेर सेना सीतापुर के जिलाध्यक्ष भगवान शरण द्वारा एक जून को भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्वाई) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-67 के तहत जुबैर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिल्ली पुलिस ने जुबैर को अपने एक ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में 27 जून को गिरफ्तार किया था।

## पावरग्रिड के...

सख्त मानदंडों का पालन करते हैं और इससे किसी भी तरह का समझौता नहीं करते। हम संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने बताया कि सभी छह आरोपियों को गुरुवार को पंचकूला (हरियाणा) की एक अदालत में पेश किया जाएगा, सभी आरोपियों को 15 जुलाई तक सीबीआई हिरासत में रखा जाएगा।

## मादक पदार्थों...

को भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में फांसी की सजा दी गई। हान ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि कलवंत सिंह और नोराशारी बिन गौस को फांसी दे दी गई। दोनों के परिजनों को उनके सामान और मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिए गए हैं। मैं नोराशारी के जनाजे में जा रहा हूं। सिंह ने फांसी की सजा से एक दिन पहले सजा माफ करने की अपील की थी और कहा था कि उसने केवल मादक पदार्थ पहुंचाए थे और पुलिस के साथ सहयोग किया था। परंतु, अदालत ने उसकी दलीलें खारिज कर दी। सिंगापुर में मादक पदार्थों के विरुद्ध बेहद कड़े कानून हैं और मार्च में एक मादक पदार्थ तस्कर को फांसी दी गई थी। अप्रैल में 34 वर्षीय एक व्यक्ति नागेन्द्रन धर्मलिंगम को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में फांसी दी गई थी जो मानसिक रूप से अस्वस्थ भारतीय मूल का मलेशियाई नागरिक था। सिंगापुर में 15 ग्राम से अधिक मादक पदार्थ रखने पर फांसी की सजा का प्रावधान है। दो साल से ज्यादा समय बाद, इन कानूनों के उल्लंघन के लिए फांसी देना फिर से शुरू किया गया है जिसे लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के बीच चिंता बढ़ गई है।

## मतदान अधिकार...

ने बचाया। विवेचना के पश्चात राजबब्बर व अरविंद यादव के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ। इस दौरान अरविंद की मौत हो गई। लिहाजा अरविंद के विरुद्ध कार्यवाही उपशमित कर दी गई।

## नई पीढ़ी...

अलग-अलग कलाओं की धारणा थी। बनारस ज्ञान का केंद्र केवल इसलिए नहीं था कि यहां अच्छे गुरुकुल और शिक्षण संस्थान थे बल्कि इसलिए था क्योंकि यहां ज्ञान और शिक्षा बहुआयामी थी। शिक्षा में यही व्यवस्था हमारी शिक्षा व्यवस्था का प्रेरणास्रोत होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम केवल डिग्री धारक युवा तैयार न करें बल्कि देश को आगे बढ़ने के लिए जितने भी मानव संसाधनों की जरूरत है, वह शिक्षा व्यवस्था अपने देश को उपलब्ध कराएं। इस संकल्प का नेतृत्व हमारे शिक्षक और शिक्षण संस्थानों को करना है। प्रधानमंत्री ने शिक्षा में आधुनिकता के साथ कदमताल की जरूरत पर जोर देते हुए कहा हमें यह पता होना चाहिए कि दुनिया आगे किस तरफ जा रही है, कैसे जा रही है और उसमें हमारा देश और हमारे युवा कहां हैं। आने वाले 15-20 सालों में भारत उन बच्चों के हाथों में होगा। उन्हें हम कैसे तैयार कर रहे हैं। यह हमारा बहुत बड़ा दायित्व है। इसी ट्रैक पर हमारे शिक्षण संस्थानों को भी खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या हम भविष्य के लिए तैयार हैं? मोदी ने कहा आपको वर्तमान को तो संभालना ही है लेकिन आज जो काम कर रहे हैं उन्हें भविष्य के लिए ही सोचना होगा। उसी हिसाब से हमें अपने बच्चों को तैयार करना होगा। हमें यह देखना होगा कि अभी जिस उम्र में हमारे बच्चों के अंदर उत्सुकता है उसी उम्र में हमें उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अभी तक स्कूल कॉलेज और किताबें यह तय करते आए थे कि बच्चों को किस दिशा में जाना है लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद अब युवाओं पर दायित्व और बढ़ गया है। इसके साथ ही हमारी भी जिम्मेदारी बढ़ गई है कि हम युवाओं के सपनों और उड़ानों को निरंतर उत्साहित करें उनके मन को समझें, उनकी आकांक्षाओं को समझें। मोदी ने कहा, उन्हें समझे बिना कुछ भी थोपने वाला युग चला गया है। हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना होगा। हमें वैसा ही शिक्षण, वैसी ही संस्थानों की व्यवस्थाएं, वैसे ही मानव संसाधन विकास का खाका बनाना होगा। यह बच्चों की प्रतिभा और उनकी पसंद के हिसाब से उन्हें कुशल बनाने पर निर्भर है। हमारे युवा कार्यकुशल हों, विश्वास से भरे और व्यावहारिक हों, शिक्षा नीति इसके लिए जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, इतनी विविधताओं से भरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का इस तरह स्वागत हो, यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। आमतौर पर सरकार का रवैया होता है कि एक डॉक्यूमेंट बनता है और उसे कुछ व्यक्तियों के भरोसे छोड़ दिया जाता है उसके बाद कोई नया डॉक्यूमेंट आता है और बात वहीं समाप्त हो जाती है।

## देश को...

करना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सात से नौ जुलाई तक चलने वाले तीन दिनों के इस समागम के कई सत्रों में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस शिखर सम्मेलन से विचारोत्तेजक चर्चाओं के लिए एक ऐसा मंच मिलने की उम्मीद है जो कार्ययोजना और कार्यान्वयन रणनीतियों को स्पष्ट करने के अलावा ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और अंत:विषय विचार-विमर्श के माध्यम से एक नेटवर्क का निर्माण करने के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगा और उचित समाधानों को स्पष्ट करेगा। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का मुख्य आकर्षण उच्च शिक्षा पर वाराणसी घोषणा को स्वीकार करना होगा जो उच्च शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत के व्यापक नजरिए और नए सिरे से उसकी प्रतिबद्धता को जाहिर करेगा।

# शांति व विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा जम्मू कश्मीर

**● जम्मू कश्मीर प्रशासन ने आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया: गृहमंत्री**

**भाषा।** श्रीनगर



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कहा, आज उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में, जम्मू कश्मीर शांति और विकास के रस्ते पर आगे बढ़ रहा है। सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। सोनावर में दार्शनिक और समाज सुधारक रामानुजाचार्य की शांति प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ पीस) का अनावरण करने का बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने यह बात कही। शाह ने कहा कि सिन्हा के नेतृत्व में प्रशासन ने कश्मीर के लोगों को बिना किसी भेदभाव के विकास उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा, लंबे समय तक, देश के लोगों को उम्मीद थी कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान और अनुच्छेद 35ए हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का राष्ट्र के साथ एकीकरण हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उम्मीद को पूरा किया। पांच अगस्त 2019 को कश्मीर में एक नए युग की शुरुआत हुई।

शाह ने कहा कि उन्हें यह सोचकर शांति मिलती है कि श्रीनगर में सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो सका। उन्होंने कहा, श्रीनगर में शांति प्रतिमा का अनावरण होना भारत के लोगों के लिए अच्छा संकेत है विशेष रूप से जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि शांति प्रतिमा कश्मीर के हर धर्म के लोगों के लिए रामानुजाचार्य की शिक्षा और उनका आशीर्वाद लाएगी और उन्हें शांति तथा विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाएगी। शाह ने कहा कि रामानुजाचार्य ने ज्यादातर काम दक्षिण भारत में किया लेकिन एक महत्वपूर्ण पांडुलिपि बोदायन वृत्ति को लाने के लिए वह कश्मीर गए क्योंकि उसकी एक ही प्रति उपलब्ध थी जो घाटी के शाही पुस्तकालय में रखी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कश्मीर के राजा ने न केवल अपने पुस्तकालय के द्वार खोल दिए बल्कि रामानुजाचार्य का स्वागत भी किया। रामानुजाचार्य की चार फुट ऊंची प्रतिमा हाथ जोड़कर बैठे हुए मुद्रा में है। छह सौ किलोग्राम की इस प्रतिमा को जमीन से तीन फुट की ऊंचाई पर रखा गया है।

## जगन चुने जाएंगे अपनी पार्टी के आजीवन अध्यक्ष

**अमरावती।** युवाजन श्रमिक रायथू कांग्रेस (वाईएसआरसी) पार्टी का शुक्रवार से यहां दो दिवसीय पूर्ण अधिवेशन शुरू हो रहा है जिसमें पार्टी नेता वाई एस जगन मोहन रेड्डी पार्टी के आजीवन अध्यक्ष चुने जाएंगे। जगन मोहन रेड्डी को पार्टी का आजीवन अध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए पार्टी के संविधान में सुधार किया जाएगा। यह एक दशक पुरानी पार्टी का तीसरा पूर्ण अधिवेशन और तीन साल पहले आंध्र प्रदेश में सत्ता में आने के बाद यह पहला सत्र होगा। पार्टी ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं, प्रशासन में पारदर्शिता, सामाजिक सशक्तीकरण, कृषि और उद्योगों (एमएसएमई) पर नौ प्रस्ताव तैयार किए हैं, जिन्हें पूर्ण सत्र में अंगीकार किया जाएगा। पार्टी ने अपने एजेंडे में कोई राजनीतिक प्रस्ताव सूचीबद्ध नहीं किया है। एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं के साथ औपचारिक बातचीत में कहा, इसकी जरूरत क्या है?



पटना में ईद-अल-अदहा पर्व को लेकर बकरा खरीदने के लिए बकरा मंडी में लगी लोगों की भीड़।

# आठवले ने समान नागरिक संहिता का किया समर्थन

**● कहा, केंद्र सरकार भी इसे जल्द ला सकती है**

**देहरादून।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाए जा रहे समान नागरिक संहिता कानून का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार भी इसे जल्द ला सकती है। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आठवले ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू होने के बाद से लोगों की मांग है कि समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार की भूमिका है कि अगर लोगों की मांग है, तो समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। यह मुसलमानों के विरोध में भी नहीं है। यह संहिता देश के फायदे के लिए है। इसलिए समान नागरिक संहिता, भारत सरकार बहुत जल्द ला सकती है। इस संहिता की आवश्यकता है।

आठवले, उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इससे जनसंख्या पर नियंत्रण हो सकता है और यह कानून मुसलमानों के विरूद्ध भी नहीं है। मंत्री ने कहा कि मुस्लिम समाज भी हमारा ही समाज है। हमारा इतिहास ही ऐसा है कि ढाई हजार साल पहले सम्राट अशोक के समय सब बौद्ध हो गए और शंकराचार्य के आने के बाद देश हिंदु बहुल हो गया तथा मुगलों के आने के बाद हिंदु समाज के लोग मुसलमान बन गए।

आठवले ने कहा कि बौद्ध मंदिरों की जगह हिंदु मंदिर बन गए और हिंदु मंदिरों की जगह मस्जिदें बन गईं। हालांकि, आठवले ने कहा कि वह देश के लोगों से अपील करते हैं कि वे चाहे किसी भी धर्म के अनुयाई हों, लेकिन एक दूसरे के साथ उनकी भावनाओं का आदर करते हुए रहें। उत्तराखंड में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि अगर भाजपा को दोबारा सत्ता मिली, तो प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। धामी ने 23 मार्च को शपथ ग्रहण करते ही अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

सरकार ने कानून का मसौदा तैयार करने के लिए पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्ईय समिति का गठन भी कर दिया है। महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में आठवले ने कहा कि ज्यादातर विधायक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं और जल्द ही उनके मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें उनकी पार्टी का भी एक मंत्री होगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-आठवले के संस्थापक आठवले ने कहा कि उद्धव ठाकरे का भविष्य शिंदे ने बिगाड दिया है और उनकी पूरी राजनीति खत्म कर दी है। काव्यात्मक लहजे में उन्होंने कहा, जिन्होंने बंद कर दिए उद्धव ठाकरे के धंधे, उनका नाम है, एकनाथ शिंदे। यह पूछे जाने पर कि क्या महाराष्ट्र में पिछले दिनों हुई राजनीतिक उठापटक के पीछे भाजपा का हाथ था।

## ठाणे नगर निगम : शिवसेना के 67 पूर्व पार्षदों में से 66 ने शिंदे गुट का किया समर्थन

**ठाणे।** शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत गुट को ठाणे में बड़ा झटका लगा है। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) में पार्टी के 67 पूर्व पार्षदों में से 66 ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के प्रति समर्थन जताया है। 131 सदस्ईय ठाणे नगर निगम का कार्यकाल कुछ समय पूर्व समाप्त हो गया था और अब चुनाव होने हैं। इस नगर निगम को शिवसेना का गढ़ माना जाता है। शिंदे के कार्यालय ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पूर्व महापौर नरेश महास्के के नेतृत्व में 66 पूर्व शिवसेना पार्षदों ने बुधवार रात को शिंदे से उनके मुंबई स्थित निवास नंदनवन बंगले में मुलाकात की और उनका समर्थन किया। शिंदे ने पिछले महीने शिवसेना से बगावत कर दी थी। उनका साथ शिवसेना के अधिकतर विधायकों ने दिया, जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार का पतन हो गया। एमवीए में शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस अन्य घटक थे।

# भारत की अध्यक्षता में जी20 से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे

**● विदेश मंत्रालय ने कहा, अटकलबाजी ठीक नहीं**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने जी-20 समूह की अगले साल भारत की मेजबानी में होने वाले शिखर सम्मेलन की कुछ बैठकें जम्मू कश्मीर, लद्दाख में आयोजित करने की योजनाओं से जुड़ी खबरों पर चीन के विरोध पर बृहस्पतिवार को कहा कि इस समूह के प्रारूप के तहत देशभर में काफी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा लेकिन इस बारे में अभी अटकल लगाना ठीक नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस विषय पर संवाददाताओं से कहा, भारत इस साल दिसंबर में जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा तथा अगले वर्ष देशभर में विभिन्न स्तरों पर काफी संख्या में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

चीन के विरोध को लेकर एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में मीडिया रिपोर्ट देखी है लेकिन इस विषय पर अभी से अटकल लगाना ठीक नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर में कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा, प्रवक्ता ने किसी स्थान के नाम का उल्लेख नहीं करते हुए सिर्फ इतना कहा कि हम बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बागची ने कहा कि जी20 शिखर बैठक से संबंधित कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें मंत्रिस्तरीय बैठक, सम्पर्क समूह की बैठक, कार्यकारी समूह की बैठक आदि शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में कुछ सरकारी स्तर पर तो कुछ गैर सरकारी स्तर पर आयोजित किए जाते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि इसको लेकर एक प्रारूप भी होता है और हर देश अपने तरीके से भी आयोजन करता है। गौरतलब है कि चीन ने जी-20 के नेताओं की अगले साल होने वाली बैठक जम्मू कश्मीर में आयोजित करने की भारत की योजनाओं की खबरों पर पिछले सप्ताह विरोध जताया था। चीन ने अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के स्वर में स्वर मिलाते हुए कहा था कि संबंधित पक्षों को मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा था कि हमने प्रासंगिक सूचना का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा था कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच है। उन्होंने कहा था, हम संबंधित पक्षों का आह्वान करते हैं कि आर्थिक रूप से उबरने पर ध्यान दें, इस प्रासंगिक मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचें और वैश्विक आर्थिक शासन को सुधारने के लिए सकारात्मक योगदान दें।

क्या जी-20 समूह के सदस्य के नाते चीन बैठक में भाग लेगा, इस प्रश्न के उत्तर में झाओ ने कहा था, हम बैठक में शामिल होंगे या नहीं, इस बारे में विचार करेंगे। पाकिस्तान ने 25 जून को कहा था कि वह कश्मीर में जी-20 के देशों की बैठक के भारत के प्रयास को खारिज करता है और उम्मीद करता है कि समूह के सदस्य देश कानून एवं न्याय के अनिवार्य तत्वों का पूरी तरह संज्ञान लेते हुए इस प्रस्ताव का स्पष्ट विरोध करेंगे।

## केरल में माकपा विधायक ने विपक्ष के जय भीम नारे का उड़ाया मजाक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक मुरली पेरूनेल्ली ने विपक्ष के जय भीम नारे का मजाक उड़ाकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी गठबंधन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के सदस्यों ने इस पूरे मुद्दे को लेकर विधानसभा में आसन के नजदीक आकर विरोध प्रदर्शन किया और विधायक से माफी मांगने की अपील की। संविधान के खिलाफ टिप्पणी मामले के बाद माकपा के विधायक साजी चेरियन ने राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। माकपा विधायक मुरली पेरूनेल्ली ने सदन की कार्यवाही के दौरान एक दिन पहले विपक्ष के विरोध का मजाक उड़ाते हुए कहा, जय भीम के नारे सुनाई दिए। क्या भीम? क्या आप ढह गए पलारीवट्टोम फ्लाईओवर बीम की बात कर रहे थे? विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ माकपा के नेता संविधान और उसके निर्माताओं का अपमान कर रहे हैं।





हैदराबाद में एडवा के कार्यकर्ता घरेलू सिलेण्डर की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

# दो समुदायों के बीच झड़प के बाद कर्नाटक के केरुरू शहर में निषेधाज्ञा, 18 हिरासत में

**भाषा।** बागलकोट (कर्नाटक)

**बगलकोट जिले** के केरुरू शहर में छेड़छाड़ के एक प्रकरण को लेकर दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद शुक्रवार तक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और निषेधाज्ञा लागू की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बागलकोट के पुलिस अधीक्षक एस.पी. जयप्रकाश ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार शाम को बादामी तालुक के केरुरू शहर में छेड़खानी को लेकर हुई झड़प में दो भाइयों सहित चार लोग घायल हो गए थे। बाद में आगजनी और तोड़फोड़ शुरू हो गई जिससे शहर का मुख्य बाज़ार क्षेत्र बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा हमने सामूहिक झड़प के सिलसिले में 18 लोगों को हिरासत में लिया है और चार मामले दर्ज किए हैं। बादामी के तहसीलदार ने कल रात आठ बजे तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में शामिल कुछ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किए जाने के बाद से स्कूल और कॉलेज शुक्रवार तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। जयप्रकाश ने कहा कि यह झड़प छेड़खानी के कारण हुई। पुलिस अधिकारी ने लोगों से सहयोग करने और कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने आगाह करते हुए कहा, मामला केवल छेड़खानी से जुड़ा है और सोशल मीडिया के जरिए कोई भी गलत सूचना नहीं फैलाई जानी चाहिए। जयप्रकाश ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।

## बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या

**कैनिंग (प.बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में बृहस्पतिवार की सुबह अज्ञात बदमाशों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं की उस समय हत्या कर दी, जब वे भीड़भाड़ वाली सड़क से गुजर रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीनों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से कैनिंग के धरमतला जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान सुबह नौ बजे के आसपास अज्ञात हमलावरों ने उन्हें पीर पार्क के निकट रोका और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान स्थानीय पंचायत सदस्य स्वपन माझी और उनके दो सहयोगियों भूतनाथ प्रमाणिक तथा झंटू माझी के रूप में की गई है। अधिकारी के अनुसार, इस बात का संदेह है कि बदमाशों ने पहले स्वपन को गोली मारी थी और इसके बाद अन्य दोनों लोगों को। पुलिस ने बताया कि अन्य दो की हत्या इसलिए किए जाने की आशंका है क्योंकि वे हत्या के गवाह हो सकते थे।

## क्विक न्यूज

### राजस्थान के कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश

**जयपुर।** राजस्थान मे पिछले 24 घंटो के दौरान पूर्वी हिस्से मे कई स्थानो पर मेघ गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और पश्चिमी हिस्से मे कही-कही भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सबसे अधिक बारिश बीकानेर के पूगल मे नौ सेंटीमीटर दर्ज की गई। वही, पूर्वी राजस्थान के बारां के किशनगंज मे छह सेंटीमीटर, बारां मे पांच सेंटीमीटर, राजसमंद के रेलमगरा मे पांच सेंटीमीटर, बारां के अंता मे पांच सेंटीमीटर, जयपुर के चौमूं मे चार सेंटीमीटर, कोटा के पिपलदा मे चार सेंटीमीटर और अन्य कई स्थानो पर एक से तीन सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक जैसलमेर में 47 मिलीमीटर, कोटा में 13.4 मिलीमीटर, डबोक मे 11 मिलीमीटर, हनुमानगढ़ के संगरिया 11 मिलीमीटर, बूंदी में सात मिलीमीटर, सिरोही में 4.5 मिलीमीटर, बीकानेर मे चार मिलीमीटर, अजमेर मे तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान झालावाड़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सिरोही, बाड़मेर जालौर, जिलो में तीव्र मेघ गर्जनावज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है।

### गुजरात में कच्छ से चार पाकिस्तानी मछुआरे पकड़े गए

**नई दिल्ली/भुज।** बीएसएफ के एक गश्ती दल ने गुजरात में भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा पर बृहस्पतिवार को कच्छ के हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से चार पाकिस्तानी मछुआरो को पकड़ा और उनकी 15 नौकाएं जब्त कर ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि मछली पकड़ने वाली नौकाओं से कुछ भी संदिग्ध नही मिला है। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के एक विशेष दल ने सीमा स्तंभ संख्या 1165 और 1166 के बीच मछुआरो को कच्छ जिले के हरामी नाला से होते हुए भारतीय क्षेत्र में घुसते देखा। उन्होंने बताया कि शुरुआत मे, चार पाकिस्तानी मछुआरो को 10 नाव के साथ पकड़ा गया था, लेकिन बाद में इलाके की तलाशी के बाद पांच और नाव मिली।

### प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गोली लगने से जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनावश हुई गोलीबारी में घायल एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सैनिक की पहचान सेना की महार रेजिमेंट के सिपाही ऋषिकेश चौबे के रूप में हुई है। चौबे उन दो जवानों में शामिल है, जिन्हें बुधवार शाम झालास फील्ड फायरिंग रेंज मे प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गोली लग गई थी। चौबे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू मे एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि 16 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह और सभी आला अधिकारियो ने चौबे के सर्वोच्च बलिदान के लिए उनको नमन किया।

### श्रीधर, सौरभ शुक्ला को एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह श्रीधर चिरुवोलु और सौरभ शुक्ला को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) मे बतौर संयुक्त सचिव और निदेशक पद पर एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। इसके मुताबिक, बिहार कैडर के 2001 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्रीधर को बतौर संयुक्त सचिव, पीएमओ चार अगस्त, 2022 से एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। आदेश के मुताबिक, भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएंडएएस) के 2005 बैच के अधिकारी शुक्ला को बतौर निदेशक, पीएमओ 19 अक्टूबर, 2022 से एक साल का विस्तार दिया गया है।

### आरके. गुप्ता को उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह आर. के. गुप्ता को बृहस्पतिवार को उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वह टी. श्रीकांत की जगह लेंगे। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) के अधिकारी गुप्ता अगले वर्ष 28 फरवरी तक उप चुनाव आयुक्त (संयुक्त सचिव स्तर) रहेंगे। उनकी सेवानिवृति की तारीख अगले साल 28 फरवरी है।

### पॉक्सो अधिनियम युवा नाबालिग मुस्लिम लड़की पर भी लागू : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पॉक्सो अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों का यौन शोषण न हो। साथ ही अदालत ने इस दावे को खारिज कर दिया कि एक नाबालिग मुस्लिम लड़की, जो यौवन की आयु प्राप्त कर चुकी है, इस अधिनियम के दायरे से बाहर हो जाएगी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 18 साल से कम उम्र के बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है और यह प्रथागत कानून नही है। अदालत ने यह बात उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

# दक्षिण में ट्रिपल सी के फार्मूले पर काम कर रही भाजपा

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत में कमल खिलाने की भाजपा की रणनीति के केंद्र में ट्रिपल सी का फार्मूला है। इसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (कल्चरल नेशनलिज्म) के प्रतीकों को नए सिरे से उभारना, विभिन्न लोकप्रिय हस्तियों (सेलेब्रिटी) को पार्टी से जोड़कर मतदाताओं के बीच अपनी विश्वसनीयता (क्रेडेबिलिटी) स्थापित करना शामिल है। साथ ही साथ भाजपा की कोशिश जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कभी दक्षिण में प्रमुख ताकत रही कांग्रेस के कमजोर होने से क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक चुके उसके जनाधार को अपनी तरफ मोड़ना है। भाजपा के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के कुछ ही दिनों बाद केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की चार प्रमुख हस्तियों पी.टी. उषा, इलैयाराजा, वीरेंद्र हेगड़े और वी. विजएंद्र प्रसाद को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया जाना भी इसी रणनीति का हिस्सा है।

संकेत स्पष्ट है कि पार्टी के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में इन राज्यों की 130 सीटें कितनी अहमियत रखती है। दक्षिण भारत में भाजपा की ट्रिपल सी की सियासी बानगी पिछले दिनों सभी ने हैदराबाद में देखी। विभिन्न माध्यमों से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नए सिरे से उभारने की कोशिश हुई, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दों पर क्षेत्रीय दलों को घेरकर अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने का अभियान छेड़ा गया और इसकी ताजा कड़ी है दक्षिण की विभिन्न हस्तियों को सम्मानित करना। बाकी मोदीजी की लोकप्रियता और केंद्र सरकार की योजनाएं तो हैं ही। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और आंध्र प्रदेश के सह प्रभारी सुनील देवधर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि भाजपा के बारे में एक धारणा बना दी गई है कि वह उत्तर भारतीयों की पार्टी है। ऐसा नहीं है, यह इस निर्णय ने दिखा दिया है।

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी को मिलाकर दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल 130 सीटें आती हैं। यह लोकसभा की कुल 543 सीटों का करीब 24 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा इन 130 सीटों में से सिर्फ 29 सीटें ही जीत सकी थी जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में उसने यहां की 21 सीटों पर कब्जा जमाया था।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर तक में अपना परचम फहरा चुकी भाजपा के दक्षिण में पांव पंसारने का सपना अभी भी अधूरा ही है। दक्षिण के पांच राज्यों में एकमात्र कर्नाटक ही है जहां भाजपा आज भी शासन में है और पहले भी वहां शासन कर चुकी है। कर्नाटक को दक्षिण का द्वार मानने वाली भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 28 में से 25 सीटों पर कब्जा जमाया था। कर्नाटक के अलावा केंद्रशासित पुदुचेरी में मुख्यमंत्री एन रंगासामी के नेतृत्व वाली एनआर कांग्रेस और भाजपा की गठबंधन सरकार है। हालांकि यहां की एकमात्र लोकसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उत्तर भारत के कई राज्यों में भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों में अपने चरम पर रही है, ऐसे में यदि उसे 2024 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में नुकसान होता है तो उसकी रणनीति इसकी भरपाई बहुत हद तक दक्षिण के राज्यों से करने की है। राजनीतिक विश्लेषक और सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि जिन चार लोगों को मनोनीत किया गया है, उनकी योग्यता पर तो कोई प्रश्नचिह्न नहीं खड़ा कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन चारों का दक्षिण से होना महज इत्तेफाक नहीं है। उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों के मुकाबले दक्षिण भारत में भाजपा की पैठ कमजोर है। भाजपा की ओर से यह संदेश देने की कोशिश है कि वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और यदि वह उत्तर भारत के राज्यों में जीत हासिल करती है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसकी सारी की सारी राजनीति वहीं केंद्रित है।

# इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती: लीना मणिमेकलाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**अपनी** डाक्यूमेंट्री काली को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच फिल्मकार लीना मणिमेकलाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। काली के पोस्टर में देवी को धूम्रपान करते और एलजीबीटीक्यू का झंडा पकड़े हुए दिखाए जाने के बाद फिल्मकार के खिलाफ कई जगहों पर मामला दर्ज किया गया है।

मणिमेकलाई ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को टैग करते हुए और अखबार को दिए साक्षात्कार को साझा करते हुए लिखा, ऐसा लगता है कि पूरा देश- जो अब सबसे बड़े लोकतंत्र से सबसे बड़ी नफरत की मशीन बन गया है-मुझे सेंसर करना चाहता है। मैं इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती। मणिमेकलाई ने कहा कि पिछले हफ्ते विवाद शुरू होने के बाद से उन्हें, उनके परिवार और सहयोगियों को 200,000 से अधिक ऑनलाइन अकाउंट से धमकियां मिली हैं। टोरंटो में रहने वालीं निर्देशक ने ऑनलाइन धमकियों को दक्षिणपंथी हिंदू समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर पीट-पीट कर हत्या की घटनाओं के समान बताया।

उन्होंने कहा, जिस राज्य तमिलनाडु से मेरा ताल्लुक है उसमें काली को अलग तरह की देवी के तौर पर माना जाता है। वह बकरी के खून में पका हुआ मांस खाती है, अरक पीती है, बीड़ी पीती है और जंगली नृत्य करती है...यही वह काली है जिसके स्वरूप को मैंने फिल्म के लिए अपनाया है। मणिमेकलाई ने कहा, मुझे अपनी संस्कृति, परंपराओं और ग्रंथों को कट्टरपंथी तत्वों से वापस लेने का पूरा अधिकार है। इन ट्रोल्स का धर्म या आस्था से कोई लेना-देना नहीं है। मणिमेकलाई के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। बुधवार को उनके खिलाफ भोपाल और रतलाम में दो और मामले दर्ज किए गए।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई 2022



# जी-20 वार्ता में यूक्रेन युद्ध की गूंज सुनाई देने की उम्मीद

## ● बाली में विकासशील देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

**भाषा।** जकार्ता

**दुनिया के** धनी और विकासशील देशों के समूह जी-20 के विदेश मंत्री इंडोनेशिया के बाली में होने वाली एक दिवसीय वार्ता के लिए जुटने लगे हैं। इस वार्ता का एजेंडा वैश्विक सहयोग और खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना है, लेकिन इसमें यूक्रेन संकट की गूंज सुनाई देने की उम्मीद की जा रही है। इंडोनेशिया के बाली में शुक्रवार को यह बैठक आयोजित होगी। हालांकि, वार्ता से पहले ही इसको लेकर व्याप्त चिंताएं सामने आने लगी हैं। बाली पहुंचने से पहले चीन के विदेश मंत्री वांग ई और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कई एशियाई देशों की यात्रा कर चुके हैं, जिनका मकसद वार्ता से पहले समर्थन जुटाना और क्षेत्र में अपने संबंधों को मजबूत बनाना है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी देश कई तरीकों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सबक सिखाने की फिराक में हैं, जिसमें नवंबर में बाली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार करने की धमकी भी शामिल है। इस साल, जी-20 शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष इंडोनेशिया पर सम्मेलन का आयोजक होने के साथ साथ विश्व पटल पर और अधिक रचनात्मक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मामले में इंडोनेशिया ने तटस्थ रवैया अपनाया है और राष्ट्रपति जोको विदोदो भी इस मामले में अपने रुख पर कायम रहे हैं। यूक्रेन जी-20 समूह में शामिल नहीं है, लेकिन विदोदो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नवंबर में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि जेलेंस्की ने साफ कर दिया है कि यदि युद्ध जारी रहता है, तो वह सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे और वीडियो लिंक के जरिए चर्चा पर नजर रखेंगे। बताया जा रहा है कि विदोदो ने जर्मनी में हुए जी-7 सम्मेलन से इतर इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी से कहा था कि पुतिन भी जी-20 सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। हालांकि रूस की तरफ से कहा गया है कि इसपर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इटली, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के विदेश मंत्री बाली के लिए रवाना होने वाले हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन की शनिवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक प्रस्तावित है। यह बैठक ऐसे वक्त होगी जब वाशिंगटन ने यूक्रेन में रूस के आक्रमण के लिए चीन के रवैए पर सवाल उठाए हैं। दोनों पक्ष चीन से वस्तुओं के आयात पर शुल्क में संभावित कटौती पर भी चर्चा कर सकते हैं।



काला सागर के स्नेक आइसलैंड में यूक्रेन का झंडा फहराता एक सैनिक

## यूक्रेन युद्ध शुरु होने के बाद महंगाई से 7.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आए

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण दुनिया भर में 7.1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यूएनडीपी का अनुमान है कि युद्ध शुरू होने के बाद पहले तीन महीनों में 5.16 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए और वे प्रति दिन 1.90 डॉलर या उससे भी कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही विश्व की कुल जनसंख्या का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे हो गया। इसके अलावा करीब दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में ग्रेनेड हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत, चार अन्य घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस चौकी पर हथगोला फेंका, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मरदान जिले की चमतार पुलिस चौकी पर यह घटना हुई। पुलिस ने कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और उन्होंने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री महमूद खान ने हमले की निंदा की है और विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## हांगकांग में उड़ानों पर से पाबंदी हटाई गई

**हांगकांग।** हांगकांग में कोविड-19 के चलते लागू की गईं यात्रा पाबंदियों को बृहस्पतिवार को हटाने का ऐलान किया गया। इन पाबंदियों के चलते हाल के महीनों में दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और हजारों लोगों की यात्रा योजनाओं पर पानी फिर गया। सरकार ने घोषणा की कि बृहस्पतिवार से उड़ानों के आगमन पर पाबंदी नहीं रहेगी। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, सरकार ने संबंधित डेटा की सावधानीपूर्वक समीक्षा की और हांगकांग लौट रहे विदेशी छात्रों के बीच वायरस से प्रसार को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। इससे पहले, यदि किसी उड़ान में कम से कम पांच यात्री या 5 प्रतिशत यात्री आगमन के बाद कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाते थे, तो उन उड़ान कंपनियों की उड़ानों पर पांच दिन की पाबंदी लगाई जाती थी। इस नियम के चलते साल की शुरुआत से अब तक लगभग 100 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं।

## हज यात्रा शुरू, इस साल 10 लाख मुसलमान ले रहे हैं हिस्सा

**मक्का।** कोविड-19 के चलते दो वर्ष तक प्रभावित रहने के बाद इस साल पूरे जोर-शोर के साथ हज यात्रा शुरू हो गई है और दुनियाभर के 10 लाख मुसलमान इसमें हिस्सा ले रहे हैं। शारीरिक और वित्तीय रूप से सक्षम मुसलमानों को जीवन में कम से कम एक बार हज यात्रा करने के लिए कहा जाता है। इस दौरान वह उन स्थानों की यात्रा करते हैं, जहां लगभग 1,400 वर्ष पहले पैंगबर मोहम्मद ने अपना जीवन बिताया था। हज यात्रा शुरू होने के बाद पांच दिन तक यात्री विभिन्न रस्म पूरी करते हैं। इनमें इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल काबा के आसपास इबादत करना शामिल है। बृहस्पतिवार को मस्जिद हरम के आंगन में हजारों हज यात्रियों ने काबा के आसपास तवाफ (परिक्रमा) किया। हालांकि इस दौरान पिछले दो साल की तुलना में अलग नजारा देखने को मिला है। कोविड-19 के चलते जहां साल 2020 और 2021 में हजयात्री पाबंदियों का कड़ाई से पालन करते दिखे थे, इस बार उतनी सख्ती दिखाई नहीं दे रही। कई हज यात्री बिना मास्क के यात्रा करते दिख रहे हैं। साथ ही सामाजिक दूरी का पालन भी इस बार बहुत कम दिखाई दे रहा है।

# नाइजीरिया में बंधक बनाए गए 50 लोगों में पांच बच्चे भी शामिल

**भाषा।** अबुजा (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया** की राजधानी अबुजा के निकट यात्री ट्रेन पर हमला करने वाले बंदूकधारियों द्वारा बंधक बनाए गए 50 व्यक्तियों में कम से कम पांच बच्चे शामिल हैं। बच्चों के परिवारों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वे बंधकों को छुड़ाने के लिए अधिकारियों से अधिक कड़ी कार्वाई करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बंदूकधारियों ने मार्च के अंत में उत्तर पश्चिमी राज्य कादुना में एक ट्रेन पर विस्फोटकों से हमला किया था और गोलीबारी की थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि दर्जनों लोगों को बंधक बना लिया गया था। तब से बंधक बनाए गए लोगों के परिवार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शुरुआत में बंदूकधारियों ने 100 से अधिक लोगों को बंधक बनाया था, लेकिन फिर कुछ शर्तों के साथ कुछ लोगों को छोड़ दिया गया था।

## भारत में अल्पपोषित लोगों की संख्या में आई कमी, मोटापे से पीड़ित वयस्क बढ़े: संरा रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में पिछले 15 वर्ष के दौरान अल्पपोषित लोगों की संख्या में कमी आई है और यह संख्या घटकर 2019-2021 के बीच 22 करोड़ 43 लाख रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि देश दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में मोटापे से परेशान वयस्कों और अनीमिया (खून की कमी) की शिकार महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। एफएओ अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी), यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बुधवार को जारी की गई विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि दुनियाभर में भूख से प्रभावित लोगों की संख्या 2021 में बढ़कर 82.8 करोड़ हो गई।

## अमेरिका के डेट्रॉयट में गोलीबारी, एक पुलिसकर्मी और एक संदिग्ध की मौत

**भाषा।** डेट्रॉयट (अमेरिका)

**अमेरिका** के डेट्रॉयट में बुधवार को एक पुलिस अधिकारी और एक बंदूकधारी व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। डेट्रॉयट के पुलिस प्रमुख जेम्स वाइट ने यह जानकारी दी। वाइट ने कहा कि पुलिस अधिकारी और उनके सहकर्मी को बुधवार शाम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गोली चला रहा है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे जहां संदिग्ध एक आधुनिक हथियार से उनकी दिशा में गोलीबारी कर रहा था। वाइट ने कहा कि एक अधिकारी को गोली लगी और उनके सहकर्मी ने संदिग्ध पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। घायल अधिकारी की अस्पताल में मौत हो गई। मृत अधिकारी की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है लेकिन वाइट ने कहा कि वह पांच साल से विभाग में काम कर रहा था। मामले की जांच जारी है।

# चीन ने दलाई लामा को जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की

**भाषा।** बीजिंग

चीन ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करते हुए तिब्बत से जुड़े मुद्दों का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। मोदी ने बुधवार को 87 वर्ष के होने पर दलाई लामा को फोन पर बधाई दी। मोदी ने बुधवार को ट्वीट किया, फोन पर दलाई लामा से बात कर उन्हें 87वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हम उनके लंबे जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल भी दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी थी। दलाई लामा के अनुयायियों ने धर्मशाला में उनका जन्मदिन मनाया जहां दलाई लामा निर्वासन में रहते हैं। मोदी की शुभकामनाओं पर एक सवाल को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारतीय पक्ष को 14वें दलाई लामा के चीन विरोधी अलगाववादी स्वभाव को पूरी तरह से पहचानना चाहिए। झाओ ने कहा, चीन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का पालन करना चाहिए, समझदारी से बोलना और कार्य करना चाहिए तथा चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए तिब्बत से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

## चीन ने अमेरिका, ब्रिटेन की खुफिया सेवाओं पर साधा निशाना

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका विश्व शांति, स्थिरता और विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इससे पहले, अमेरिका ने चीन पर जासूसी करने और उसे अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए खतरा बताया था। एक दिन पहले, अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने चीन सरकार के खिलाफ कारोबारी नेताओं को आगाह किया था कि बीजिंग प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाने के लिए उनकी प्रौद्योगिकी चुराने पर आमादा है। एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर डब्ल्यू रे ने चीन द्वारा आर्थिक जासूसी और हैकिंग की घटनाओं के साथ-साथ अन्य देशों में असंतोष को दबाने के लिए चीन सरकार के प्रयासों की निंदा की थी। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा, अमेरिका के संबंधित नेता चीन को बदनाम करने और उस पर निशाना साधने के लिए चीन के काल्पनिक खतरे का जिक्र करते हैं।

## ब्रिटेन के युद्धपोत ने यमन भेजी जा रही ईरानी मिसाइलों की खेप को जब्त किया

**दुबई।** ब्रिटेन की नौसेना के युद्धपोत ने इस साल की शुरुआत में ओमान की खाड़ी में ईरानी मिसाइल और हथियारों की खेप जब्त की थी। इससे संकेत मिलता है कि यमन के हूती विद्रोहियों को तेहरान का समर्थन मिलता रहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. Fullerton India Home Finance Company that Mr. Mahesh Rathi and Mr. Gangadhar Rathi are the owners of Property bearing No. E-12 out of Khasra No. 62/11/2 Situated in Village Palam, Delhi abadi known as Raj Nagar II, Palam Colony, New Delhi by virtue of Relinquishment Deed dated 07.12.2021, Doc. No.12447 read with Rectification Deed dated 06.04.2022, Doc. No.3589. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its Sale/ Mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **"भारतीय प्रवासी जनता पार्टी"** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रास्तावित हैं पार्टी कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मैट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर-11 फरीदाबाद, दिल्ली एनसीआर- 121006 पर स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम / पता नीचे दिए गए है:-

**1. सभापति / अध्यक्ष : डा० अजय तिवारी**
**2. महासचिव / सचिव : सपना तिवारी**
**3. कोषाध्यक्ष : संतोष तिवारी**
**पता :- जे-86, डीएलएफ, सेक्टर-10, फरीदाबाद-121006**

यदि किसी को **"भारतीय प्रवासी जनता पार्टी"** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

# सेंसेक्स 427 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,000 अंक के पार

## ● बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन लाभ में रहा और बीएसई सेंसेक्स 427 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। उपभोग, धातु तथा बैंक शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से लाभ पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.49 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,178.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.10 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 16,132.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन सबसे अधिक 5.69 प्रतिशत चढ़ा। टाटा समूह की कंपनी की अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री तीन गुना बढ़ने की खबरों से इसके शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक 4.88 प्रतिशत तक लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। इन शेयरों में 1.26 प्रतिशत तक की गिरावट आई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी का असर घरेलू बाजार में भी दिखा। निवेशक अब फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के हाल में जारी बैठक के ब्योरे के असर से बाहर आ गए हैं। दूसरी तरफ कच्चे तेल और जिंसों के दाम में कमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद के बीच बाजार में यह तेजी निकट भविष्य में बनी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विदेशी विनिमय प्रवाह बढ़ाने के उपायों से डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट को थामने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रवाह से संबंधित मानकों को उदार बनाने के साथ ईसीबी (विदेशों से वाणिज्यिक उधारी) मार्ग के तहत बाह्य उधारी सीमा दोगुनी कर दी। साथ ही सरकारी बॉन्ड में विदेशी निवेश के नियमों को उदार बनाया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में तेजी रही। उन्होंने कहा, हाल की तेजी से निश्चित रूप से सूचकांक पर कुछ दबाव कम होगा लेकिन मिली-जुली धारणा के बीच इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। वैश्विक बाजारों के अलावा, अब रुझान के लिए निगाह प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस के वित्तीय परिणाम पर होगी। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

## अमिताभ कांत जी-20 के नए शेरपा होंगे

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत जी-20 के नए शेरपा होंगे। वह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्थान लेंगे। भारत इस साल जी-20 की अध्यक्षता संभालने वाला है, ऐसे में पूर्णकालिक शेरपा की जरूरत है। एक सूत्र ने कहा, भारत इस साल जी-20 का अध्यक्ष बनने वाला है। ऐसे में शेरपा को देश के विभिन्न भागों में होने वाली कई बैठकों में शामिल होने की जरूरत है। उसने कहा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के पास नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में कई विभाग हैं। उन्हें इसके लिए भी काफी समय चाहिए। ऐसे में उनके लिए शेरपा की भूमिका निभाना कठिन है। गोयल राज्यसभा में सदन के नेता समेत अन्य भूमिका भी निभा रहे हैं। कांत लगभग छह साल नीति आयोग के सीईओ रहे और पिछले महीने अपना विस्तारित कार्यकाल पूरा किया। इससे पहले, केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) में सचिव थे।

# राज्यों को पूंजीगत खर्च के लिए 80,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त ऋण देगा केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** चालू वित्त वर्ष में राज्यों को पूंजीगत कार्यों पर खर्च के लिए 80,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त ऋण देगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 के बजट भाषण में पूंजी निवेश योजना के तहत राज्यों को विशेष सहायता की घोषणा की थी। इसके तहत 50 साल के लिए ब्याज-मुक्त कर्ज के रूप में कुल एक लाख करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राज्यों को दी जाएगी। यह सहायता पूंजी निवेश वाली परियोजनाओं के लिए है। वित्त मंत्रालय ने योजना लागू करने के लिए जारी दिशानिर्देश में कहा कि 80,000 करोड़ रुपए राज्यों के पूंजी कार्यों के लिए रखे गए हैं। निवेश के लिए यह लाभ लेने को लेकर राज्यों को परियोजना का नाम, पूंजीगत व्यय, कार्य पूरा होने की अवधि और आर्थिक रूप से उसके उपयुक्त होने के बारे में वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग को जानकारी देनी होगी। व्यय विभाग ने छह अप्रैल को सभी राज्य सरकारों को भेजे पत्र में कहा, ...राज्यों से आग्रह है कि वे कोष की मंजूरी और उसे प्राप्त करने के लिए 2022-23 में किए जाने वाले प्रस्तावित पूंजीगत कार्यों के बारे में व्यय विभाग को जानकारी दें। इसमें कहा गया है कि पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना में 5,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त कर्ज भी शामिल है। यह राज्यों को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण या विनिवेश तथा संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने को उपलब्ध कराया जाएगा। इस सहायता के तहत राज्यों को अपने सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण या प्रबंधन नियंत्रण सौंपने के साथ रणनीतिक बिक्री के अलावा राज्य सरकारी कंपनियों को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। व्यय विभाग ने कहा कि किसी एक राज्य विशेष के लिए ऐसे प्रोत्साहन की सीमा 1,000 करोड़ रुपए है।

**D.A.V. S.M.C. (SOCIETY)**

दिनांक 24.07.2022 को प्रातः 11:00 बजे द.डी.वी. एस.एम.सी. कमेटी सोसाइटी (र.न.एस.-465) शमापुर, दिल्ली-42 का चुनाव बूढ़े बाबा के प्रांगण में होगा। अधिक जानकारी के लिए चुनाव अधिकारी मो नं. 8368355789 से सम्पर्क करें।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. Fullerton India Credit Company Limited that of Mr. Kapil Khurana and Mr. Anuj Khurana are the owners of Built up Second Floor with roof rights of Property bearing no. 13, Situated at Model Town, Near Kingsway Camp at Mall Road, New Delhi, by virtue of Gift Deed dated 25.05.2022, Doc. No. 8079. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of M/s Shilpa Enterprises from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage / litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Public Notice be it known to all that our client MRS PURVA MAITRA W/o Mr. Sandeep Sinha R/o 34231, Maybrid Circle, Fremont CA 94555, USA has inherited through registered will dated 01.11.2021 the flat No. C-401, D-6, Stellar Greens Apt, Sector -44, Noida -201301 (UP) owned by her aunt (mother's sister) Late Varsha Vaid W/o Late Maj. Ved Vyas Vaid, who expired on 24.01.2022.We have applied to Noida Authority for mutation of aforesaid Flat in the name of our client. Anybody having objection to this mutation, kindly file a claim with evidence to Noida Authority (Group Housing Dept.) Noida".

**Arun Kumar Kundra**
Advocate
Enrol No.D-341/78
M: 9891099262, 8679009919

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक 08-07-2022, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सतीश कुमार डुडेजा पुत्र स्वर्गीय श्री पदम लाल मकान न० 1ई- 52, न्यू टाउन शिप फरीदाबाद, तहसील बडखल जिला फरीदाबाद - 121001 हरियाणा का निवासी हूँ। यह ब्यान करता हूं कि मेरे पिता श्री पदम लाल पुत्र स्वर्गीय श्री सेवा राम का दिनांक 21-06-1986 और मेरी माता श्रीमति सुन्दरी बाई धर्मपत्नी श्री पदम लाल का दिनांक 10-08-1993 को स्वर्गवास हो चुका है। अब इनके स्वर्गवास के बाद निम्नलिखित वारिसान हैं 1. प्रेम प्रकाश डुडेजा (पुत्र), 2. सतीश कुमार डुडेजा (पुत्र), 3. राजिन्द्र कुमार डुडेजा (पुत्र), 4. विनोद कुमार डुडेजा (पुत्र), 5. कृष्णावंती (पुत्री), 6. मन्जू बाला (पुत्री), 7. (स्वर्गीय) सुदेश तलवार (पुत्री)। मेरी बहन सुदेश तलवार का दिनांक 11-07-2002 वा उनके पति गुलशन तलवार का भी स्वर्गवास हो चुका है उन दोनो के स्वर्गवास के पश्चात् 1. मनीष तलवार (पुत्र), 2. सपना डुडेजा (पुत्री) दो वारिसान है इसके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस नहीं है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर उपरोक्त पते पर लिखित रूप में अपनी आपत्ति/दावा दर्ज करें। इसके बाद उनका हिस्सा उनके नाम ट्रांसफर कर दिया जाएगा। और किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

भूपेश जोशी
दिनांक 08.07.2022 ऐडवोकेट, फरीदाबाद

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Kranti wife of Late Mr. Ramesh Chand Residents of House No. F-198 Dakshin Puri New Delhi 110062, I have changed my name from Kranti Devi to Mrs. Kranti for all the future purposes.

PD(90123)A

**सूचना**

मेरे पुत्र का सही नाम तेजस सिंह (TEJAS SINGH ) है आधार, पैनकार्ड एवं समस्त शैक्षिक रिकार्ड में उपयुक्त नाम अंकित है लेकिन एल आई सी की पालिसी संख्या 232684412,में नयन सिंह अंकित है, भविष्य में तेजस सिंह के नाम से ही जाना जाय। रामअवतार सिंह 42/7 टाइप 3 रक्षाबिहार कॉलोनी श्याम नगर कानपुर

## आरबीआई के कदमों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा: सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**आर्थिक** मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उठाए गए कदमों से विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ेगा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति मजबूत होगी। आरबीआई ने एक दिन पहले ही विदेशी कोषों की आवक बढ़ाने के लिए विदेशी उधारी की सीमा बढ़ाने और सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश के मानक उदार बनाने की घोषणा की थी। इस संदर्भ में सेठ ने कहा कि ईसीबी की सीमा दोगुनी करने समेत आरबीआई के अन्य कदम सीमित अवधि के लिए ही लागू रहेंगे और इनसे देश में विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सेठ ने उम्मीद जताई कि वैश्विक चुनौतियां कुछ समय के बाद कम हो जाएंगी।

# बीते वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी घटकर 15.4 प्रतिशत पर

**भाषा।** नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी घटकर 15.4 प्रतिशत रह गई। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2020-21 में भारत के आयात में चीन का हिस्सा 16.5 प्रतिशत रहा था। सूत्र के मुताबिक, चीन से भारत में आयातित प्रमुख वस्तुओं का उपयोग दूरसंचार और बिजली जैसे क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि दवाओं में इस्तेमाल होने वाले रसायन (एपीआई) के आयात से भारतीय दवा उद्योग को तैयार माल के उत्पादन के लिए कच्चा माल उपलब्ध होता। बाद में इस तैयार माल का निर्यात भी किया जाता है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों और चिकित्सा एवं विज्ञान के उपकरणों के आयात में वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वह कोविड-19 महामारी के दौरान इन उत्पादों की ऊंची मांग है। चीन को निर्यात पिछले वित्त वर्ष में मामूली रूप से बढ़कर 21.25 अरब डॉलर हो गया। 2020-21 में यह 21.18 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस दौरान चीन से आयात 65.21 अरब डॉलर से बढ़कर 94.16 अरब डॉलर हो गया। चीन को भारत का निर्यात अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाद तीसरे स्थान पर है। सूत्रों ने कहा कि चीन से भारत को मोबाइल फोन का आयात 2021-22 में 55 प्रतिशत घटकर 62.6 करोड़ डॉलर रह गया। वित्त वर्ष 2020-21 में 1.4 अरब डॉलर के मोबाइल फोन आयात हुआ था।

## सरकार ने अब आटे के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के बाद अब गेहूं के आटे, मैदा और सूजी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इन जिंसों के निर्यातकों को अब 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर-मंत्रालई समिति की मंजूरी की जरूरत होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, गेहूं के आटे की निर्यात नीति मुक्त है, लेकिन इसका निर्यात, गेहूं निर्यात मामले पर बनी अंतर-मंत्रालई समिति की सिफारिश के अधीन होगा। नया अनुमोदन ढांचा गेहूं के आटे, मैदा, सूजी (रवा । सिरगी), साबुत आटे इत्यादि पर लागू होगा। अधिसूचना के अनुसार, गेहूं के आटे की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक तौर-तरीके अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। इस अधिसूचना के तहत बदलाव की व्यवस्था के संबंध में विदेश व्यापार नीति के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स महालक्ष्मी एजेंसीज/ मोहित सिंघल/ सुमन सिंघल/ खाता संख्या 695505600328 | प्लॉट नंबर- 3 एफ, 1/21, नेहरू नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश/ जुलाई 05, 2022 | फरवरी 23, 2022 रु. 36,48,654.56/- | गाज़ियाबाद |
| 2. | मेसर्स द कोरे प्रोजेक्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड/संजीव कुमार सिंह/ प्रतिभा सिंह/अरविंद मिश्रा/खाता संख्या- 039955000009 एवं 039905005489 | फ्लैट नंबर 7252 फर्स्ट फ्लोर सेक्टर बी, पॉकेट 10 वसंत कुंज नई दिल्ली 110070/ जुलाई 06, 2022 | मार्च 05, 2022 रु. 1,90,16,323.48/- | गुडगाँव एवं नई दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 08, 2022
स्थान : गाज़ियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# जो स्वर्ग गया सिधार फिर उसकी मजदूरी कौन कर रहा है पार

## शुरू हो गई जांच, अब कप्तानगंज के ग्राम पिनेसर में मनरेगा में हुए घोटाले का होगा खुलासा, फंसेंगे कई अफसर

**कप्तानगंज**(बस्ती)। कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गाँव में मृतक मनरेगा मजदूर हरिद्वार के खाते में मनरेगा धन के बंदरबांट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। इस मामले जांच बीडीओ ने शुरू कर दी है। बीडीओ ने मामले से जुड़े सभी पत्रावलियों को तलब किया हैं। बताया कि जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कारवाई होगी। इधर कार्रवाई से बचने के लिये प्रधान,सचिव और जेई एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर पल्ला झाड़ रहे है। शिकायतकर्ता ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नही हुई तो मामले को सीएम तक ले जाऊंगा। गौर तलब हैं, कि कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गांव के रहने वाले हरिद्वार मनरेगा मजदूर थे। उनका खाता एसबीआई ओझागंज में है। इनकी मौत 19 दिसम्बर वर्ष 2019 में हो गई थी। उसके बाद भी ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से इनके नाम से मस्टरोल भरकर उसके खाते में मनरेगा का भुगतान होता रहा। हरिद्वार के नाम से मनरेगा के तहत (पेंदा सरहद से लाल बहादुर के चक के पुलिया तक नहर सफाई कार्य) की कार्ययोजना का वर्ष 2022 में भी अप्रैल माह में मस्टररोल संख्या 765 निकाला गया।जिसमें 9 मई से 22 मई तक 14 दिन की मजदुरी 2982 रुपये का भुगतान किया गया। ग्रामीणों को जब इस बात की भनक लगी तो उन लोगों ने चार जुलाई को गांव के शिववंश पांडये ने मामले की शिकायत डीएम और सीडीओ से किया। उसके बाद मामला सोषल मीडिया पर वायरल हो गया। जब मामले को जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने संज्ञान में लिया तो ब्लॉक पर अफरा तफरी मच गई। बीडीओ ने मामले से जुड़ी पत्रावलियों को तलब किया करके सचिव को नोटिस देने की तैयारी में है।

**हरिद्वार के पत्नी मुनक्का देवी का भी हुआ भुगतानः** कप्तानगंज के पिनेसर गांव में मृतक मनरेगा मजदूर हरिद्वार की पत्नी मुनक्का देवी के नाम से भी मस्टररोल संख्या 1313 में उक्त कार्य योजना के तहत 26 मई से आठ जून तक 14 दिन की मनरेगा मजदूरी 2982 रुपये का भुगतान उसके एसबीआई खाता महराजगंज में हुआ हैं। वहीं प्रधान सचिव और जेई एक दूसरे पर आरोप लगा रहे। पिनेसर गांव में मनरेगा घपले को लेकर जेई,सचिव जेई एक दूसरे पर आरोप लगा रहे। पिनेसर गांव में मनरेगा घपले को लेकर जेई,सचिव और प्रधान आमने सामने आ गये हैं। कोई भी सच्चाई मानने को तैयार नही हैं। प्रधान सालिकराम का कहना है कि भुगतान सचिव ने किया हैं। मामले से मेरा कोई लेना देना नही, वहीं सचिव जितेंद्र कुमार का कहना है कि प्रधान ने जान बूझकर हरिद्वार के खाते में मजदूरी भेजवाया, वहीं जेई जानकी सिंह ने कहा कि प्रधान और सचिव ने जितना मजदूर बताया हमने उतने का एमबी किया।



वाराणसी में अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज में अत्याधुनिक रसोई के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली बच्चों के बीच समय गुजारा और उनसे संवाद भी किया -प्रमोद गुप्ता

# अपात्रों को योजना का लाभ दिलाने वाले अफसरों पर हो एफआईआर



**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण खाद्य प्रसंस्करण मनोरंजन कर सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों से सम्बंधित कार्यों की प्रगति समीक्षा की।आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। कहा कि यह शिकायत संज्ञान में आयी है कि कुछ लोगो को पहले पात्र दिखाकर उनको आवास योजना से लाभान्वित किया गया। परंतु जांच में उन्हें अपात्र पाये जाने पर उनसे वसूली की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिन्होंने आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ पहुंचाया है। हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिस पर सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 837 ग्रामों में पानी की टंकी बनायी जानी है। जिसमें से 263 टंकियों के डीपीआर तैयार हो गया है। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर को नल से जोड़ने का कार्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने योजना को तीव्र गति के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है। जिससे की हर अमीर गरीब दलित पिछड़े सभी को योजना से जोड़कर उनके घरों तक नल के द्वारा साफपीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने एफडीआर तकनीकि की प्रशंसा की। अमृत सरोवर योजना के तहत ग्रामों में तालाब खोदाई कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्मयंत्री ने कहा कि हर ब्लाक में एक मॉडल तालाब का निर्माण करें। उन्होंने तालाब के निर्माण को पर्यटन की दृष्टि से कराये जाने के लिए कहा है।

# शांति से मनाएं त्यौहार चाक चौबंद रहे सुरक्षा



**बांदा।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बकरीद, नागपंचमी, रक्षाबन्धन त्यौहार सहित श्रावण मासए कांवण यात्रा आदि त्यौहारों को शातिपूर्णढंग से मनाये जाने हेतु कानून व्यवस्था की समीक्षा कलेक्टेऊट सभागार में जिला कलेक्टर अनुराग पटेल एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की गयी। बैठक में जनपद के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों के माध्यम से सभी धर्मो के धर्मगुरूओं व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थित रही। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने समस्त उप जिलाधिकारियोंध्पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि बकरीदए श्रावण मासए कांवण यात्रा सहित आगामी पर्वो व त्यौहारों के दृष्टिगत शतए सतर्क.सावधान रहकर त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न होए इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किये जायें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पलिकाध्नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि पूरे देश में पॉलीथीन प्रतिबन्धित है तो यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी पॉलीथीन बिकने न पाये। लोंगो को जागरूक करें कि वे कपडे का बैग प्रयोग में लायें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मी तैनात कर लगातार साफसफाई कराना सनिश्चित करें। जैसा कि कल वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री जी द्वारा आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये हैं कि बकरीद पर कुर्बानी के स्थान का चिन्हांकन पहले से ही कर लिया जाए और विवादित जगहों पर कुर्बानी न की जाए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नही होनी चाहिए और प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरान्त अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण की कार्ययोजना होए क्योंकि अपशिष्ट बीमारी का कारण बनते हैं। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि किसी भी कीमत में उपरोक्त त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में पेयजल आपूर्ति की अव्यवस्था नही होनी चाहिएए जरूरत पडे तो टैंकर भी रखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्रों पर बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत नही आनी चाहिए। कांवण यात्रा एवं जुलूस मार्गों पर जर्जर बिजली के खम्भे झूलते.लटकते बिजली के तार आदि का प्रबन्धन समय से कर लिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो। यदि इस कार्य में लापरवाही बरती गयी तो सीधे कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान मन्दिरों मे भीड इकट्ठा होती और शिव जी को जल चढता है। समस्त उप जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मन्दिरोंध्मस्जिदों का भ्रमण कर साफसफाई की व्यवस्था बेहतर एवं सफाई कर्मी लगाना सुनिश्चित करें और कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवण यात्रा जुलूस मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की खरीद.बिक्री नही होने पायेए साफसफाई का ध्यान रखें।

# स्वावलंबी भारत अभियान पर दिया जोर



**बांदा।** बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु व्यापक प्रांतों जैसे जन जागरण प्रबोधन योजना की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक संगठनों के साथ.साथ शिक्षित व सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल है स्वावलंबी भारत अभियान। इस मौके पर मुख्य वक्ता. वीरेंद्र चतुर्वेदी सह प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर अजय कुमार जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत उधमिता वन्दना गुप्ता . सह महिला समन्यवक पद से सम्मानित किया गया। यह बात जिला अध्यक्ष महिला संगठन भाजपा वंदना गुप्ता ने बताया माननीय वरुण राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुनील पटेल जी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री धर्म नरेश विभाग संगठन मंत्री डॉ अशोक सिंह जी जिला समन्वय स्वावलंबी भारत अभियान श्री दिनेश दीक्षित सहकार भारती चंद्रमोहन बेदी जी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद डॉ शिव दत्त त्रिपाठी जी जिला महामंत्री सेवा भारती संतोष गुप्ता राष्ट्रीय परिषद सदस्य भाजपा शिवपूजन गुप्ता जी जिला संयोजक व्यापार मंडल बांदा रीता गुप्ता विनीता कौशल वंदना त्रिपाठी मालती दीक्षित राजकुमार राज अमित सेठ पोलू सुरेश गुप्ता मनोज पुरवार आदि ने स्वावलंबी भारत अभियान में सहभागिता की।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** जनपद में आगामी त्योहार ईदुज्जुहा बकरीद शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा जताई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में ईदुज्जुहा ;बकरीदद्ध का त्योहार भाई.चारे के साथ मनाया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए जनपद अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण ढंग से हिल.मिल कर त्योहार मनायें। त्योहार में कोई भी नई परम्परा न कायम की जाएए जिससे अमन.चैन का खतरा हो। उन्होने सभी लोगों से अपील की है त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करेंए जिससे एक.दूसरे की भावनाएं आहत हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिले के अमन.चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि आगामी 14 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। 26 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि का पर्व है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि डीजेए गीत.संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। धार्मिक यात्राओंध्जुलूसों में अस्त्र.शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न होए जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग बकरीद का त्योहार एक.दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मिल.जुल कर मनाये। उन्होने कहा कि त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होने संभ्रान्तजनों व बुजुर्गों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के अवसर पर संयमित आचरण करके हिल.मिलकर त्योहार मनायें। कोई भी ऐसा कार्य न किया जाएए जिससे एक.दूसरे को ठेस पहुंच रही हो। त्योहारों के दौरान खूफिया के भेस में पुरूष एवं महिला आरक्षी भीड़.भाड़ स्थानों पर मुस्तैद रहेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अमन.चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामीए उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमारए इकौना आर0पी0 चौधरीए जमुनहा सौरभ शुक्लाए उपजिलाधिकारी रोहितए उपजिलाधिकारी आशुतोषए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारीए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबेए जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाशए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथए अभिसूचना इकाई निरीक्षक राकेश कुमार चन्द्रए सहायक अभियंता विद्युतए सहित अधिकारीध्कर्मचारीगणए थाना प्रभारीगण तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारीगणए बुद्धिजीवी वर्ग एवं सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।

# साहित्यकारों-रचनाकारों से है प्रयाग का गहरा नाता



## व्यक्ति को चाहिए, जीवन में कुछ नया करेः केशव मौर्य मन गुंजन साहित्य समाज के लिए प्रेरकः केसरीनाथ-2025 का कुंभ 2019 से भी होगा भव्यः डिप्टी सीएम

**प्रयागराज।** साहित्य संगम प्रकाशन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत सिंह द्वारा लिखी गयी पुस्तक कविता संग्रह मन गुंजन का विमोचन गुरुवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने जिला पंचायत सभागार में किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस मौके पर कहा कि साहित्य का यह पौधा निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देगी। कहा कि प्रयागराज साहित्यकारों और रचनाकारों की धरती है। जिनके द्वारा रचित कविताएं देश दुनिया को मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ नया करने की कोशिश करना चाहिए। जिससे कि वह समाज को कुछ नया रंग दे सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार देश और सर्व समाज के लिए समर्पित है। जनता के आशीर्वाद से 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में कोई सरकार लगातार दूसरी बार बनी है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस प्रकार हम पर विश्वास किया है उस विश्वास को टूटने नहीं देंगे। कहा कि प्रयागराज में 2019 की दिव्य और भव्य कुंभ की चर्चा और पूरे विश्व में है और हमारी सरकार आने वाले 2025 के दिव्य और भव्य कुंभ की तैयारियां शुरू कर चुकी है। 2019 से बढ़कर 2025 में दिव्य और भव्य कुंभ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि मन गुंजन से मन गुंजित हुआ और साहित्य का यह पौधा निश्चित रूप से समाज में एक अच्छा स्थान बनाएगा। यह मन गुंजन कविता का संग्रह जिसमें अध्ययन नीति प्रीति और सामाजिक सरोकार और हर विधियों से पूरक है जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और मार्गदर्शन देगी उन्होंने कहा जब देश और समाज संकट से घिरा होता है तो साहित्यकारों की रचना उस संकट से उबरने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। मुख्य स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि अधिवक्ता समाज ने देश और दुनिया को नेतृत्व देने वाला समाज है। आज अधिवक्ता रणजीत सिंह ने अपनी कविता के माध्यम से अधिवक्ता समाज का मस्तिष्क और ऊंचा किया है। इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह ने मन गुंजन पुस्तक कविता संग्रह की उपलब्धियों को लेकर बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। अधिवक्ता एवं मन गुंजन कविता संग्रह के लेखक रणजीत सिंह ने अतिथियों का सम्मान किया। आभार ज्ञापन भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डा नरेंद्र कुमार सिंह गौर पूर्व मंत्री विक्रमाजीत मौर्य विधायक गुरु प्रसाद मौर्य प्रवीण पटेल विधान परिषद सदस्य डा केपी श्रीवास्तव सुरेंद्र चौधरी महापौर अभिलाषा गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता कमलेश कुमार अमरनाथ यादव जिला अध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती गंगापार अश्वनी दुबे गिरिजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# सांसद को फोन पर मिली धमकी, दस लाख रंगदारी मांगी

**भदोही।** भदोही से भाजपा सांसद रमेश चंद बिंद को एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर फोन कर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। फोन करने वाले ने राशि नहीं देने पर सांसद के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया, हमें भाजपा सांसद रमेश चंद बिंद से शिकायत मिली है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें दो जुलाई को एक अज्ञात नंबर से मिस्ड कॉल आई थी। उसी नंबर पर वापस फोन करने पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गालियां दीं और 10 लाख रुपए की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने कहा, शिकायत के मुताबिक फोन करने वाले ने पैसे न देने पर सांसद के परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ज्ञानपुर पुलिस थाने में संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। सांसद इस समय किसी काम से नई दिल्ली गए हैं। एसपी ने कहा कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच टीम की मदद के लिए जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लगाया गया है।

# सरयू नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

**गोंडा।** जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेझीया (प्रभुपुरवा) गांव निवासी दो बच्चों की सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संसार चंद राठी ने बताया कि गांव के दो बच्चे सत्यम (12) तथा कृष्णा (13) बुधवार दोपहर बाद गांव से करीब एक किमी दूर प्रवाहित हो रही सरयू नदी में स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने बताया कि जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे गलती से स्नान करते हुए गहरे पानी में चले गए और उनकी डूबकर मौत हो गई। राठी ने बताया कि घटना के बारे में तत्काल किसी को पता नहीं चला।उन्होंने बताया कि देर शाम तक जब दोनों बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। प्रशासन को सूचना मिलने पर नदी में आसपास के गोताखोरों व मल्लाहों के सहयोग से बच्चों की तलाश की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह दोनों बच्चों का शव नदी से बरामद किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि स्थानीय थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि पीड़ित परिवार को बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शासन द्वारा दैवी आपदा सहायता नियमावली के तहत निर्धारित धनराशि दी जाएगी।

## मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि आगामी 14 से 26 जुलाई के बीच निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले को 80 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों के 5000 से अधिक जवान तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरिद्वार और मुजफ्फरनगर समेत विभिन्न पड़ोसी जिलों के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बुधवार को हरिद्वार में बैठक की और कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था में परिवर्तन पर व्यापक विचार विमर्श किया। जायसवाल ने बताया कि बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़े प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया गया है।

## सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एक थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर मामले के जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि असंद्रा के थानाध्यक्ष ध्यानेंद्र प्रताप सिंह को दो दिन पूर्व थाने में अपने कक्ष में किसी से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक मीडियाकर्मी ने इस बातचीत का वीडियो भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश को दिया था। कुसुमेश ने बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह को शिकायती पत्र दिया था, जिसके बाद यह कार्वाई हुई है।

# जब डीएम ने थाम लिया फावड़ा और ढोई मिट्टी

आलोक निगम। बांदा

**विकास** खण्ड जसपुरा के तीन ग्राम पंचायतों ग्राम पड़ोहर, अमारा एवं गड़रिया से निकलने वाली चन्द्रावल नदी के जीर्णोद्धारध्पुर्नजीवित हेतु पूर्व में किये गये कार्यो का लगभग 6 किमी पैदल चलकर जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्यए उपजिलाधिकारी पैलानी लाल सिंह यादवए उपायुक्त मनरेगा राघवेन्द्र तिवारीए नीति आयोग के जल प्रबन्धन समिति के सदस्य जलगुरू जखनी उमाशंकर पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी जसपुरा श्री राजेन्द्र कुमार तहसीलदार पैलानी श्री तिमराज सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के साथ.साथ जिलाधिकारी द्वारा पूरी टीम के साथ ग्राम अमारा में चन्द्रावल नदी में स्वयं एवं पूरी टीम के द्वारा पुर्नजीवित में लगे श्रमिकों के साथ फावड़ा चलाकर और डलिया में मिट्टी लेकर नदी के भीटे में डाली गई।

वी ओ 1 आपको बताते चलें किजिलाधिकारी





बांदा अनुराग पटेल ने मनरेगा मजदूरों के साथ स्वयं कार्य किया और उनको यह बताया देखो तुम लोग काम कर रहे हो और मेरी बहन माताएं काम कर रही हैं काम छोटा नहीं है यदि किसान जमीन में पैदा करके अनाज ना दे तो रुपए से कोई भी अपनी भूख नहीं मिटा सकता अर्थात आप लोग जो कार्य कर रहे हो वह बहुत ही पुनीत और मेहनत भरा कार्य मैं भी किसान का बेटा हूं मैं आप लोगों का दर्द समझता हूं इसलिए मैं स्वयं आप लोगों के साथ कार्य करता हूं दिल्ली के सारे अधिकारी कार्य करते हैं यह बताने का प्रयास करते हैं कि देखिए कोई भी कार्य छोटा और बड़ा नहीं होता है यह भी सत्य है कि इस समय विकट गर्मी पड़ रही है मैं जिले का कलेक्टर हूं मेरे पास गाड़ी में ऐसी है और घर पर ऐसी है और कार्यालय में भी ऐसी है लेकिन मैं आप लोगों के साथ यह सब छोड़कर कार्य इसलिए करता हूं कि मेरा मन कहता है कि मैं किसान का बेटा हूं मुझे भी आप लोगों के साथ कार्य करना चाहिए और मैं करता हूं।

# वायरल वीडियों में नूपुर शर्मा की गर्दन काटने की बात कहने वाला गिरफ्तार

**बरेली** (उत्तर प्रदेश),सात जुलाई (भाषा) जिले के फरीदपुर कस्बे से भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गर्दन काटने की कथित धमकी देने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह कार्वाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने पर की गई, जिसमें आरोपी कथित तौर पर शर्मा का गला काटने की बात कर रहा है। बरेली के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि वायरल वीडियों मे एक व्यक्ति नुपूर शर्मा की गर्दन काटने की बात कहता दिखाई दे रहा है तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने एवं वर्ग विशेष के धार्मिक भावनाओ को आहत करने के आशय से वक्तव्य दे रहा है। उन्होंने बताया कि तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेकर जांच कराई गई, तो यह प्रकरण बरेली जिले के थाना फरीदपुर से संबंधित पाया गया है। अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध मे फरीदपुर थाना मे मामला पंजीकृत कर नासिर नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि नासिर, फरीदपुर थाना के अंतर्गत कस्सावान कस्बे का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक नासिर की फरीदपुर कस्बे मे दर्जी की दुकान है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# भारत ने श्रीलंका का सफाया किया

● वनडे श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की

● हरमनप्रीत और पूजा चमकी

**भाषा।** पालेकल

**कप्तान हरमनप्रीत** कौर और पूजा वस्त्राकर के हरफनमौला प्रदर्शन के बूते भारतीय महिला टीम ने गुरूवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका पर 39 रन की जीत से श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। हरमनप्रीत (88 गेंद में 75 रन, पांच ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) और वस्त्राकर (65 गेंद में नाबाद 56 रन, 32 रन देकर दो विकेट) ने पहले सातवें विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी निभाकर टीम को संभाला और नौ विकेट पर 255 रन का स्कोर खड़ा करने में मदद की। गेंदबाजों ने फिर रणनीति का बेहतर ढंग से कार्यान्वयन करते हुए मेजबान टीम को 47.3 ओवर में 216 रन पर समेट दिया। इसमें हरमनप्रीत और वस्त्राकर दोनों ने अहम झटके दिए। इस श्रृंखला में जीत से भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार चौथी द्विपक्षीय श्रृंखला अपने नाम की। महिला टीम ने इससे पहले 2013, 2015 और 2018 में भी वनडे श्रृंखला जीती थी। पहले ही श्रृंखला में अजेय बढ़त बना चुकी हरमनप्रीत की टीम अंतिम मैच में आत्मविश्वास से लबरेज दिखी जिसकी श्रीलंकाई टीम में शुरू से ही कमी दिखाई दी। श्रीलंका टीम की कप्तान चामरी अटापट्टू ने ऐसी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का न्योता दिया जो पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा पहुंचाने के लिए मशहूर है। दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना हालांकि बड़ी साझेदारी करने में विफल रहीं। मंधाना (20 गेंद में छह रन) आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं जो कविशा दिलहारी की लेंथ गेंद का शिकार हुई। शेफाली ने 50 गेंद में 49 रन बनाकर अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी। वह लगातार दूसरे अर्धशतक से चूक गईं और रश्मि सिल्वा की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। शेफाली तीन मैचों में 155 रन बनाकर श्रृंखला की शीर्ष स्कोरर रहीं। अहम मौके पर शेफाली के आउट होने के बाद भारत का मध्यक्रम चरमरा गया जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 124 रन हो गया। पर




हरमनप्रीत ने जिम्मेदारी से खेलते हुए श्रीलंकाई गेंदबाजों की शार्ट गेंदों को बेहतर तरीके से निपटा। उन्होंने सात चौके और दो गगनचुंबी छक्के जमाए। उनकी ज्यादातर बाउंड्री मिडविकेट पर लगी। भारतीय कप्तान ने अपना अर्धशतक डीप मिडविकेट पर शानदार छक्का जड़कर पूरा किया। वस्त्राकर ने अपनी कप्तान का अच्छा साथ निभाया और महिला वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक जमाया जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की कप्तान अटापट्टू (41 गेंद में 44 रन) और हसिनी परेरा (57 गेंद में 39 रन) ने अच्छा जज्बा दिखाया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े लेकिन कप्तान के आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजों को राजेश्वरी गायकवाड़ (10 ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट) को खेलने में काफी परेशानी हुई जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी घरेलू टीम के खिलाफ कसी गेंदबाजी की।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** शेफाली पगबाधा बो रश्मि डि सिल्वा 49, मंधाना का अनुष्का संजीवनी बो कविशा दिलहारी 06,भाटिया का अमा कंचना बो रणवीरा 30, देओल स्ट अनुष्का संजीवनी बो रश्मि डि सिल्वा 01,दीप्ति का हसिनी परेरा बो ओ राणासिंघे 04, हरमनप्रीत का ओ राणासिंघे बो अटापट्टू 75,घोषा का अटापट्टू बो रणवीरा 02, वस्त्राकर नाबाद 56,मेघना बो अटापट्टू 08,रेणुका बो अमा कंचना 02, गायकवाड़ नाबाद 03,**अतिरिक्त :** 19,**कुल :** 50 ओवर में नौ विकेट पर : 255 रन, **विकेट पतन :**1-30, 2-89, 3-92, 4-94, 5-118, 6-124, 7-221, 8-242, 9-251, **गेंदबाजी :** कंचना 9-0-63-1,ओशादी 9-0-42-1,दिलहारी 8-0-30-1,राणावीरा 10-0-22-2, सिल्वा 6-0-53-2, अटापट्टू 8-0-45-2

**श्रीलंका पारी :** गुणरत्ने गायकवाड़ बो मेघना सिंह 03,अटापट्टू का पूजा वस्त्राकर बो हरमनप्रीत कौर 44, परेरा बो गायकवाड़ 39, दिलहारी स्ट यास्तिका भाटिया बो गायकवाड़ 12,मडावी बो हरलीन देओल 22, सिल्वा नाबाद 48, संजीवनी बो पूजा वस्त्राकर 01,कंचना स्ट यास्तिका भाटिया बो गायकवाड़ 02, राणासिंघे का यास्तिका भाटिया बो पूजा वस्त्राकर 01,रश्मि बो मेघना सिंह 18,राणावीरा बो दीप्ति शर्मा 10,**अतिरिक्त :** 16,**कुल :** 47.3 ओवर में सभी आउट : 216 रन,**विकेट पतन :**1-7, 2-63, 3-99, 4-110, 5-146, 6-149, 7-152, 8-155, 9-183,**गेंदबाजी :** रेणुका 8-0-33-0,मेघना 7-0-32-2,शर्मा 8.3-0-47-1, गायकवाड़ 10-0-36-3, कौर 5-0-21-1,वस्त्राकर 7-0-33-2, देओल 2-1-7-1

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम फैरो आइलैंड से 2-4 से हारी

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को गुरूवार को नार्वे के स्ट्रोमेन में फैरो आइलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर सकीं जिससे मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने शुरू में दो कॉर्नर हासिल किए लेकिन शैलजा का क्रास प्रतिद्वंद्वी टीम के डिफेंस ने रोक दिया। भारतीय टीम का यूरोप का यह दौरा आगामी अंडर-17 विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है जिसकी मेजबानी भारत करेगा। तीस मिनट से ज्यादा का समय हो चुका था और भारत को एक फ्री किक मिली जिस पर डिफेंडर नाकेटा ने शॉट लगाया लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर ने आसानी से इसे लपक लिया। कुछ मिनट बाद लिंडा कोम सर्टो ने जगह बनाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहीं। नीतू लिंडा ने रिबाउंड पर शॉट लगाया लेकिन यह सीधा गोलकीपर के पास गया। कोच थॉमस डेनेरबी ने हाफ टाइम के ब्रेक के बाद कुछ बदलाव किए। काजोल डिसूजा और रेजिया देवी ने नेहा और शैलजा की जगह ली। दोनों टीमों की ओर से प्रयास होते रहे।

# तेंदुलकर ने ताजा की यादें

● गांगुली के कमरे को पानी से भरने से लेकर उपकप्तानी के लिए नाम सुझाने तक की चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली



पिछले साढे तीन दशक में सचिन तेंदुलकर ने सौरव गांगुली को विभिन्न अवतारों में देखा है ..एक परिपक्व किशोर, बेहतरीन भारतीय क्रिकेटर, सफल कप्तान और व्यस्त प्रशासक। लेकिन इस चैम्पियन बल्लेबाज के लिए वह इन सबसे ऊपर एक बेहद करीबी दोस्त है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद भी दोनों की दोस्ती उतनी ही गहरी है। बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली के 50वें जन्मदिन से पहले अपने सलामी जोड़ीदार के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए तेंदुलकर ने कई पहलुओं पर पीटीआई से बात की। यह पूछने पर कि बतौर कप्तान करीब पांच साल के कार्यकाल में गांगुली ने उन्हें कितनी आजादी दी, तेंदुलकर ने कहा , सौरव महान कप्तान था। उसे पता था कि संतुलन कैसे बनाना है। खिलाड़ियों को कितनी आजादी देनी है और कितनी जिम्मेदारी। जब उसने कमान संभाली, तब भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा था। हमें ऐसे खिलाडि़यों की जरूरत थी जो भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सके। उस समय हमें वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, जहीर खान, हरभजन सिंह और आशीष नेहरा जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी मिले। ए सभी बेहद प्रतिभाशाली थे लेकिन इन्हें कैरियर की शुरूआत में सहयोग की जरूरत थी जो सौरव ने दिया।उन्हें अपने हिसाब से खेलने की आजादी भी मिली। तेंदुलकर ने बताया कि 1999 में आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने तय कर लिया था कि उनके कप्तानी छोड़ने पर अगला कप्तान कौन होगा। कप्तानी छोड़ने से पहले भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे पर मैने सौरव को टीम का उपकप्तान बनाने का सुझाव दिया था। मैने उसे करीब से देखा था और उसके साथ क्रिकेट खेली थी। मुझे पता था कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकता है। वह अच्छा कप्तान था। इसके बाद सौरव ने मुड़कर नहीं देखा और उसकी उपलब्धियां हमारे सामने है।

### वीजा समस्याओं के कारण बजरंग के अमेरिका के ट्रेनिंग दौरे में विलंब

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी प्रभावित होगी क्योंकि उन्हे अभी तक अपना ब्रिटेन का वीजा नही मिला है। पिछले राष्ट्रमंडल खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने वाले इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलो से पहले प्रशिक्षण के लिए अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय जाना था लेकिन ब्रिटेन का वीजा मिलने मे देरी के कारण उन्हे भारत मे रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से बर्मिंघम मे होगा।

### राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों ने तेजस्विन का नाम खारिज किया

**नई दिल्ली।** ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर दिल्ली उच्च न्यायालय मे मुकदमा जीतने के बावजूद आगामी राष्ट्रमंडल खेलो मे हिस्सा नही ले पाएंगे क्योंकि बर्मिंघम आयोजको ने अंतिम समय मे उनके नाम की प्रविष्टि खारिज कर दी। राष्ट्रमंडल खेलो के आयोजकों ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को सूचित किया कि अंतिम समय मे खिलाड़ी के प्रतिस्थापन (एलएआर) को उसी स्पर्धा मे भाग लेने की अनुमति दी जाती है जिस स्पर्धा से खिलाड़ी हटा हो (इस मामले मे चार गुणा 400 मीटर रिले मे)।

### रूसी मीडिया ने कहा, ब्रिटनी ने ड्रग सुनवाई मामले में दोष स्वीकार किया

**मॉस्को।** रूस की समाचार एजेंसियो ने कहा है कि जेल मे बंद अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर ने मॉस्को मे अपने मामले की सुनवाई के दौरान ड्रग रखने और तस्करी के आरोप मे दोष स्वीकार कर लिया है। खबरो मे कहा गया है कि ब्रिटनी ने गुरुवार को अदालत मे सुनवाई के दौरान अपना दोष स्वीकार किया।

### वारविकशर ने एजबस्टन टी2 में नस्लवाद से निपटने के लिए कमर कसी

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच इस हफ्ते संपन्न पांचवे टेस्ट के दौरान दर्शको पर नस्ली बर्ताव के आरोपो को देखते हुए वारविकशर एजबस्टन मे दोनो टीम के बीच होने वाले दूसरे टी20 के दौरान अंडरकवर स्पॉटर्स (दर्शको के बीच घुले मिले कर्मचारी) तैनात करेगा। काउंटी ने गुरुवार को यह घोषणा की। भारत के कई समर्थको ने पांचवे टेस्ट के दौरान अन्य प्रशंसको पर नस्ली दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। क्लब ने बयान मे कहा, दुर्व्यवहार पर नजर रखने और तुरंत कार्वाई के लिए इसकी जानकारी देने के इरादे से फुटबॉल की तरह अंडरकवर स्पॉटर्स को पूरे स्टेडियम मे तैनात किया जाएगा।

### अदालत ने आईपीएल में नीलामी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे खिलाड़ियो की नीलामी को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी है। जनहित याचिका मे दावा किया गया था कि खिलाड़ियो की नीलामी अमानवीय है और मानवाधिकारो का उल्लंघन करती है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे की अगुवाई वाली खंडपीठ बुधवार को वेंकटेश शेट्टी और अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आईपीएल का मौजूदा सत्र खत्म हो गया है और दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऐसी ही एक याचिका खारिज की है तो यह जनहित याचिका सुनवाई के योग्य नही है।

# धोनी के 41वें जन्मदिन पर लगा बधाइयों का तांता




● ओम हेलीकॉप्टराय नमः सहवाग

**भाषा।** नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी गुरूवार को 41 बरस के हो गए और उन्हें बधाई देते हुए विराट कोहली और सुरेश रैना ने उन्हें बड़ा भाई कहा तो वहीं वीरेंद्र सहवाग ने अपने चिर परिचित अंदाज में ओम हेलीकॉप्टराय नमः कहकर मुबारकबाद दी। भारतीय स्टार बल्लेबाज कोहली अपने शानदार करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं, उन्होंने बड़े भावनात्मक अंदाज से धोनी को अपना बड़ा भाई करार करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। कोहली ने ट्वीट किया, आपके जैसा कोई कप्तान नहीं। भारतीय क्रिकेट के लिए आपने जो किया, उसके लिए शुक्रिया। आप मेरे लिए बड़े भाई की तरह बन गए। बस आपके लिए हमेशा प्यार और सम्मान। हैपी बर्थडे कप्तान। धोनी एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने सभी तीन आईसीसी ट्राफियां - 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्राफी - जीती हैं, वह इस समय इंग्लैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। धोनी ने अपने जन्मदिन से पहले का दिन विम्बलडन में राफेल नडाल का मैच देखकर बिताया जिसमें इस स्पेनिश ने क्वार्टरफाइनल में टेलर फ्रिट्ज पर जीत दर्ज की। उन्होंने इंग्लैंड में अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाया तथा इस मौके पर भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद थे। धोनी की पत्नी साक्षी ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया है जिसमें धोनी केक पर लगी मोमबत्ती बुझाते हुए दिख रहे हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी एक स्टोरी पोस्ट की है जिसमें पंत एक ग्रुप फोटो में साथ दिख रहे हैं। सहवाग ने अपने मजाकिया अंदाज में कहा कि जब तक धोनी क्रीज पर हैं, कोई भी मैच खत्म नहीं होता। उन्होंने लिखा, जब तक फुल स्टॉप नहीं आता तब तक वाक्य पूरा नहीं होता। उसी तरह जब तक धोनी क्रीज पर हैं, मैच खत्म नहीं होता। सहवाग ने ट्वीट किया, सभी टीमों का भाग्य ऐसा नहीं है कि उनके पास धोनी जैसा खिलाड़ी हो। इतने शानदार व्यक्ति और खिलाड़ी एमएस धोनी को जन्मदिन मुबारक हो। ओम हेलीकॉप्टराय नमः। भारतीय आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने धोनी के साथ आईपीएल 2022 की फोटो साझा की ।

# वेस्टइंडीज टी20 श्रृंखला के लिए कोहली ने विश्राम मांगा

● अश्विन की वापसी की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली



दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से विश्राम मांगा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि इस श्रृंखला के लिए 11 जुलाई को टीम की घोषणा हो सकती है। भारतीय टीम 11 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का आखिरी टी20 मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, कोहली, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और कप्तान रोहित शर्मा को एकदिवसीय श्रृंखला से आराम देना टीम प्रबंधन का फैसला था। पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 29 जुलाई से त्रिनिदाद के तरौबा में शुरू होगी और उसके बाद एक और दो अगस्त को सेंट किट्स में मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला छह और सात अगस्त को फ्लोरिडा में लगातार दो मैचों के साथ संपन्न होगी। सूत्र ने कहा, टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अन्य सभी खिलाड़ी खेल रहे होंगे। कोहली ने खुद विश्राम मांगा है। उन्होंने सूचित किया है कि वह वेस्टइंडीज दौरे के बाद सभी श्रृंखलाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। समझा जाता है कि सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को इस श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप के लिए अश्विन टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा है और वह वेस्टइंडीज में टी 20 श्रृंखला खेलेंगे। हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अभी खेलने के लिए फिट नहीं है और जब तक वह फिट होंगे तब काउंटी चैंपियनशिप में लंकाशायर के लिए खेलेंगे। वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारत को एशिया कप (27 अगस्त) में खेलना है जो टी 20 प्रारूप में खेला जाएगा। इन दोनों के बीच भारतीय टीम को जिम्बाब्वे दौरे पर संक्षिप्त टी20 श्रृंखला में भाग लेना है। चोटिल लोकेश राहुल अगर फिट हुए तो इस दौरे पर वह टीम की अगुवाई करेंगे। इस दौरे पर भी युवा खिलाडियों की टीम जाएगी।

### जल्दी खेलने की कोशिश कर रहे हैं कोहली : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि विराट कोहली की स्विंग से निपटने के लिए गेंद को जल्दी खेलने की रणनीति उलटी पड़ गई और इंग्लैंड की परिस्थितियों मे उनकी सलाह हमेशा यही रहेगी कि जितना हो सके, गेंद को उतना देर से खेलो। कोहली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतक जड़े हुए ढाई साल से ज्यादा हो गए है। उन्होने इंग्लैड के खिलाफ हाल मे समाप्त हुए पांचवे टेस्ट मे 11 और 20 रन बनाए जिसमे भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। गावस्कर ने स्पोर्ट्स टुडे पर कहा, इंग्लैड मे खेलने का तरीका है कि गेंद को जितना देर से हो, उतना देर से खेलो। इससे आप गेंद को अपना काम करने दोगे और फिर इसके बाद ही खेलोगे। मैने हाईलाइट मे जो भी थोड़ा बहुत देखा है, उससे लग रहा था कि कोहली गेंद तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे और गेंद को जल्दी खेलने का प्रयास कर रहे थे। उन्होने साथ ही कहा कि कोहली को 2018 मे इंग्लैड मे सफलता मिली थी क्योंकि वह गेंद को काफी देर से खेल रहे थे। इसलिए वह 2018 की तरह खेलते नही दिख रहे जिसमे वह ऑफ स्टंप के पास काफी देर से खेलते हुए दिख रहे थे।

### वॉन ने कोहली से कहा, जाओ तीन महीने का विश्राम लो

**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने खराब फॉर्म मे चल रहे भारतीय स्टार विराट कोहली को तीन महीने का विश्राम लेने की सलाह दी जिसमे वह समुद्र तट पर जाकर बैठें और परिवार के साथ समय बिताएं। इंग्लैड के खिलाफ कोविड-19 के कारण स्थगित हुए पांचवे टेस्ट मे भी कोहली का बल्ले से खराब दौर जारी रहा। वह पिच पर अच्छी लय मे दिख रहे थे लेकिन बड़ी पारी नही खेल सके। इंग्लैड ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। वॉन ने क्रिकबज से बातचीत के दौरान कहा, विराट ने निश्चित रूप से आईपीएल के अंत मे थोड़ा आराम किया था। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि उसे विश्राम की जरूरत है। ऐसा लगता है कि उसे क्रिकेट से तीन महीने दूर रहने की जरूरत है। उसे समुद्री तट पर जाकर बैठना और समय बिताना चाहिए। उन्होने कहा, उसे जाकर अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहिए क्योंकि 20 साल के करियर के लिए यह जरूरी है, जो उसका रहेगा क्योंकि वह इतना अच्छा खिलाड़ी है।

## चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने मजबूत शुरुआत की

**चेन्नई।** एशियाई जूनियर चैम्पियन (2021) रोहित चमोली की अगुवाई में चंडीगढ़ के चार मुक्केबाजों ने पांचवें युवा पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में गुरुवार को यहां जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। रोहित ने पुरुषों के 51 किग्रा के शुरुआती चरण के एकतरफा मुकाबले में छत्तीसगढ़ के तुषार ध्रुव को आसानी से 5-0 के अंतर से हराया। रोहित के अलावा आशीष (75 किग्रा), नेहा (54 किग्रा) और परिणीता (48 किग्रा) ने भी आसान जीत हासिल की। महाराष्ट्र और उप्र के मुक्केबाजों ने भी गुरुवार को शानदार प्रदर्शन किया।

# निशानेबाजी न होने के बाद भी पदकों की उम्मीद : ठाकुर




राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किट (पोशाक) अनावरण करते अनुराग ठाकुर

**भाषा।** नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी और तीरंदाजी जैसे खेलों के हटने से भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगा है लेकिन केन्द्रीय खेल एंव युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को यहां उम्मीद जताई कि दूसरे खेलों के खिलाड़ी इस कमी को पूरा करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किट (पोशाक) अनावरण और खिलाड़ियों के विदाई समारोह के मौके पर ठाकुर ने कहा, पिछले (2018 गोल्ड कोस्ट) राष्ट्रमंडल खेलों में हमने सात स्वर्ण सहित 16 पदक सिर्फ निशानेबाजी में जीते थे। इस बार हमें इसकी कमी खलेगी लेकिन इन खेलों में हमारे 215 खिलाड़ी भाग ले रहे है और उम्मीद है कि वे अपनी स्पर्धाओं में अच्छा करेंगे। आगामी खेलों में भारतीय खिलाड़ी हल्के नीले और लाल रंग की पोशाक में स्पर्धा करते नजर आएंगे जबकि उद्घाटन और समापन समारोह में वे गहरे नीले रंग की बंदगला शेरवानी में दिखेंगे।

### खेल मंत्री ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) की बैठक मे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो की तैयारी की समीक्षा की और कहा कि जिस तरह चीजे हो रही है उससे वह खुश है और उन्हे इस प्रतियोगिता मे काफी पदक जीतने की उम्मीद है।आगामी राष्ट्रमंडल खेलो मे 215 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ठाकुर ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, खिलाड़ियों की तैयारियां जोरदार तरीके से चल रही है। मुझे खुशी है कि तोक्यो ओलंपिक के बाद प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के स्तर मे लय बेहतर हुई है और हम ओलंपिक तथा पैरालंपिक के बाद भी सफलता जारी रहने की उम्मीद कर सकते है। एमओसी की बैठक मे अंजू बॉबी जॉर्ज, वीरेन रासकिन्हा, मोनालिसा बरूआ, पहलवान योगेश्वर दत्त, तृप्ति मुरगुंडे और अन्य सदस्यो ने हिस्सा लिया।

# सिंधू और प्रणय मलेशिया मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में





**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए। सातवी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 32वी रैंकिंग वाली चीन की झांग यि मान को 28 मिनट मे 21-12, 21-10 से हराया। अब उनका सामना अंतिम आठ मे चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपै की ताइ जू यिंग से होगा। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू का रिकॉर्ड 5 -16 का है। पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन मे भी उसने सिंधू को हराया था। पुरूष एकल मे प्रणय क्वार्टर फाइनल मे पहुंचे जबकि बी साइ प्रणीत और पारुपल्ली कश्यप हारकर बाहर हो गए। प्रणय ने चीनी ताइपै के वांग जू वेइ को 21-19, 21-16 से हराया। अब उनका सामना जापान के केंटा सुनेयामा से होगा। वही बी साइ प्रणीत को चीन के लि शि फेंग ने 21-14, 21-17 से हराया। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन कश्यप को छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग ने 21 -10, 21 - 15 से शिकस्त दी।

# चोटिल नडाल फ्रिट्ज को हरा सेमीफाइनल में



● विंबलडन : अब सामना किर्गियोस से

**भाषा।** विम्बलडन

चैम्पियन रफेल नडाल कहां हार मानने वालों में से हैं। पेट के दर्द से जूझते हुए उन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्स को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दर्द की वजह से अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखे नडाल ने 3- 6, 7- 5, 3-6, 7 -5, 7- 6 से जीत दर्ज की। उनके पिता दर्शक दीर्घा से हाथ हिलाकर उन्हें कोर्ट छोड़ने के लिए कह रहे थे लेकिन 22 बार के ग्रैंडस्लैम जीत के बाद उन्होंने कहा , एक क्षण के लिए मुझे लगा कि मैं मैच खत्म नहीं कर सकूंगा। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस से होगा जिन्होंने चिली के क्रिस्टियन गारिन को 6-4, 6- 3, 7- 6 से हराया।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच की टक्कर कैम नॉरी से होगी। महिला सेमीफाइनल में 2019 की चैम्पियन सिमोना हालेप का सामना एलेन राइबाकिना से होगा जबकि ओंस जबाउर की टक्कर ततयाना मारिया से होगी। हालेप ने अमांडा एनिसिमोवा को 6-2, 6-4 से हराया जबकि राइबाकिना ने एला टोमजानोविच को 4-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। नडाल का इस जीत के साथ 2022 में अपराजेय अभियान 19 - 0 का हो गया। वह जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन और जून में फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। उन्होंने कभी सत्र के पहले तीन ग्रैंडस्लैम खिताब एक साथ नहीं जीते।

## सानिया ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हार के साथ विम्बलडन से विदा ली

**विम्बलडन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल मे गत चैम्पियन नील कुपस्की और डेसिरे क्रॉजिक से मिली हार के साथ विम्बलडन से विदा ली। सानिया और क्रोएशिया के मेट पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को ब्रिटेन के कुपस्की और अमेरिका की डेसिरे ने 4-6, 7- 5, 6-4 से हराया। 35 वर्ष की सानिया छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी है जिनमे तीन मिश्रित युगल खिताब है हालांकि वह विम्बलडन मिश्रित युगल कभी नही जीत सकी। उन्होंने 2009 आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 फ्रेंच ओपन महेश भूपति के साथ और 2014 अमेरिकी ओपन ब्राजील के ब्रूनो सुआरेस के साथ जीता था। सानिया ने गुरूवार को ट्वीट किया, हमने जितनी चुनौती पेश की और संघर्ष किया, हमने जो भी काम किया है, वह अंत मे महत्वपूर्ण था। पर इस बार विम्बलडन मे ऐसा नही होना था, लेकिन पिछले 20 साल मे यहां खेलना और जीतना सम्मान की बात है। सानिया का यह टूर पर आखिरी साल है। उन्होंने और पाविच ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट मे भी 4 . 2 की बढत बना ली थी लेकिन अगले छह मे से पांच गेम हार गए। निर्णायक सेट मे सानिया और पाविच ने अपने विरोधी की सर्विस तोड़ी लेकिन ज्यादा देर दबाव बनाकर नही रख सके। पाविच ने 12वें गेम मे दो बार डबल फॉल्ट किए। विम्बलडन मे मिश्रित युगल मे यह सानिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह 2011, 2013 और 2015 मे क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने विम्बलडन मे 2015 मे मार्तिना हिंगिस के साथ महिला युगल खिताब जीता था। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया ने इस साल के शुरू मे घोषणा की थी कि वह 2022 सत्र के समापन के साथ संन्यास ले लेंगी।

## वरीय खिलाडियों को संयुक्त बढ़त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15वीं राज्य शतरंज चैंपियनशिप 2022 में सभी वरीय खिलाड़ी जीते। मानसरोवर योजनाए शहीद पथ सहित शिवानी पब्लिक स्कूल में राज्य शतरंज चैंपियनशिप 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका तथा 7 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका की चयन प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। इसमें सभी वरीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में विजय प्राप्त की और अधिकतम 2 अंक अर्जित करते हुए तीसरे चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में दो चक्रों की समाप्ति पर अंडर-19 बालक वर्ग में गौतम बुद्ध नगर के अजय संतोष और हर्षित सिंहए कानपुर के श्रेष्ठ यादव और अनुपम दत्ताए मेरठ के गोपाल कृष्ण व उज्जवल चौहानए आगरा के पार्थ भटनागर तथा लखनऊ के पृथ्वी सिंह अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर 2-2 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए है। अंडर-19 बालिका वर्ग में मैनपुरी की स्वाती पाल कानपुर की तान्या वर्मा तथा वाराणसी के संभवी श्रीवास्तव 2-2 अंकों के साथ संयुक बढ़त पर है। अंडर.7 बालक वर्ग में गर्वित जैनए प्रत्यूष, मो हैदर, मो.इस्माइल तथा प्रयम चौहान अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर 2-2 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए है जबकि बालिका वर्ग में गोरखपुर की दीपांजलि श्रीवास्तव 2 अंको के साथ एकल बढ़त पर चल रही हैं। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एके रायजादा व शिवानी ग्रुप ऑफस्कूल व कॉलेजेज के सीईओ सुधीर दुबे ने किया।

